ॐ अर्हं

जिनागम-ग्रन्थमाला : ग्रन्थाङ्क २९

[परमश्रद्धेय गुरुदेव पूज्य श्रीजोरावरमलजी महाराज की पुण्य-स्मृति में आयोजित]

श्रुतस्थविरप्रणीत-उपाङ्गसूत्रद्वय

सूर्यप्रज्ञप्ति-चन्द्रप्रज्ञप्ति

[मूलपाठ, प्रस्तावना तथा परिशिष्ट युक्त]

प्रेरणा □
(स्व.) उपप्रवर्त्तक शासनसेवी स्वामी श्री ब्रजलालजी महाराज

आद्यसंयोजक तथा प्रधान सम्पादक □
(स्व०) युवाचार्य श्री मिश्रीमलजी महाराज 'मधुकर'

सम्पादक □
मुनि श्री कन्हैयालालजी 'कमल'

मुख्य सम्पादक □
स्व. पं. शोभाचन्द्र भारिल्ल

प्रकाशक □
श्री आगम प्रकाशन समिति, ब्यावर (राजस्थान)

प्रकाशकीय

श्री जिनागम ग्रन्थमाला के २९वें ग्रन्थाङ्क का द्वितीय संस्करण आगमप्रेमी पाठकों के समक्ष प्रस्तुत है। इसमें सूर्यप्रज्ञप्ति और चन्द्रप्रज्ञप्ति दो आगमों का समावेश किया गया है। दोनों का एक साथ मुद्रण कराने का हेतु क्या है, इस विषय में आगम-अनुयोग-प्रवर्तक मुनि श्री कन्हैयालालजी म. 'कमल' ने अपने सम्पादकीय में विस्तृत चर्चा की है, अतएव यहाँ दोहराने की आवश्यकता नहीं है।

प्रस्तुत दोनों आगम मूलपाठ एवं परिशिष्ट आदि के साथ ही प्रकाशित किये जा रहे हैं। अर्थ-विवेचन आदि नहीं दिये गये हैं। इसका कारण यह है कि इनमें आए कतिपय पाठों और उनके अर्थ में मतैक्य नहीं हो सका है। इसके अतिरिक्त इनका विषय ज्योतिष है जो सर्वसाधारण के लिए दुरूह है। इस विषय की चर्चा भी सम्पादकीय में की गई है।

प्रस्तुत प्रकाशन के अनेक आगम कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में निर्धारित किये गए हैं। अतएव यह आवश्यक समझा गया कि इनकी उपलब्धि निरन्तर बनी रहे। इस कारण समस्त आगमों में जिनकी प्रतियाँ समाप्त हो रही हैं, उनके द्वितीय संस्करण प्रकाशित करा दिए गए हैं।

सन्तोष का विषय है कि ग्रन्थमाला के इन प्रकाशनों का समाज एवं विद्वद्वर्ग ने पर्याप्त आदर किया है। आशा है भविष्य में इनका और अधिक प्रचार-प्रसार होगा और श्री आगम प्रकाशन समिति का प्रयास अधिक सफल और सुफलप्रदायक सिद्ध होगा।

अन्त में आगम-अनुयोग के विशाल कार्य में व्यस्त होते हुए भी मुनिश्री कन्हैयालालजी म. 'कमल' ने मूलपाठ का सम्पादन कर व डाक्टर श्री रुद्रदेवजी त्रिपाठी ने महत्त्वपूर्ण प्रस्तावना लिखकर जो सहयोग प्रदान किया उसके लिए आदरपूर्वक आभार मानते हैं। साथ ही स्व. पं. शोभाचन्द्रजी भारिल्ल ने इसका आद्योपान्त अवलोकन किया एवं सहयोगी कार्यकर्त्ताओं से सहयोग प्राप्त हुआ तदर्थ उनके भी हम आभारी हैं।

निवेदक

रतनचंद मोदी	अमरचन्द मोदी	सायरमल चोरड़िया
कार्यवाहक अध्यक्ष	मंत्री	महामंत्री

श्री आगम प्रकाशन-समिति ब्यावर

सम्पादकीय

ज्योतिषगणराजप्रज्ञप्ति अर्थात् चन्द्रप्रज्ञप्ति और सूर्यप्रज्ञप्ति

[प्रथम संस्करण से]

सूर्यप्रज्ञप्ति के सूत्रपाठ

पूर्व प्रकाशित सूर्यप्रज्ञप्ति के मूल सूत्रों से प्रस्तुत सूर्यप्रज्ञप्ति के मूल सूत्र यदि अक्षरशः मिलाना चाहेंगे तो नहीं मिलेंगे। क्योंकि इस संस्करण के सूत्रों को कई पूरक वाक्यों से पूरित किया है, फिर भी सूत्रपाठों की प्रामाणिकता यथावत् है।

आगमों के विशेषज्ञ ही सूत्रपाठों की व्यवस्था के औचित्य को समझ सकेंगे।

सामान्य अन्तर के अतिरिक्त चन्द्रप्रज्ञप्ति और सूर्यप्रज्ञप्ति सर्वथा समान हैं, इसलिए एक के परिचय से दोनों का परिचय स्वतः हो जाता है।

उपांगद्वय-परिचय

संकलनकर्ता द्वारा निर्धारित नाम—ज्योषिगणराजप्रज्ञप्ति है।

प्रारम्भ में संयुक्त प्रचलित नाम —चन्द्र-सूर्य प्रज्ञप्ति रहा होगा। बाद में उपांगद्वय के रूप में विभाजित नाम—चन्द्रप्रज्ञप्ति, सूर्यप्रज्ञप्ति हो गये हैं, जो अभी प्रचलित हैं।

प्रत्येक प्रज्ञप्ति में बीस प्राभृत हैं और प्रत्येक प्रज्ञप्ति में १०८ सूत्र हैं।

तृतीय प्राभृत से नवम प्राभृत पर्यन्त अर्थात् सात प्राभृतों में और ग्यारहवें प्राभृत से बीसवें प्राभृत पर्यन्त अर्थात् दस प्राभृतों में "प्राभृत-प्राभृत" नहीं हैं।

केवल प्रथम, द्वितीय और दसवें प्राभृत में "प्राभृत-प्राभृत" हैं।

संयुक्त संख्या के अनुसार सतरह प्राभृतों में प्राभृत-प्राभृत नहीं हैं। केवल तीन प्राभृतों में प्राभृत-प्राभृत हैं।

उपलब्ध चन्द्र-सूर्य प्रज्ञप्ति का विषयानुक्रम वर्गीकृत नहीं है। यदि इनके विकीर्ण विषयों का वर्गीकरण किया जाए तो जिज्ञासु जगत अधिक से अधिक लाभान्वित हो सकता है।

वर्गीकृत विषयानुक्रम

चन्द्रप्रज्ञप्ति के विषयानुक्रम की रूपरेखा —

१. चन्द्र का विस्तृत स्वरूप
२. चन्द्र का सूर्य से संयोग
३. चन्द्र का ग्रहों से संयोग
४. चन्द्र का नक्षत्रों से संयोग
५. चन्द्र का ताराओं से संयोग

सूर्यप्रज्ञप्ति के विषयानुक्रम की रूपरेखा—

१. सूर्य का विस्तृत स्वरूप
२. सूर्य का चन्द्र से संयोग
३. सूर्य का ग्रहों से संयोग
४. सूर्य का नक्षत्रों से संयोग
५. सूर्य का ताराओं से संयोग
१. चन्द्र, सूर्य के संयुक्त सूत्र
२. चन्द्र, सूर्य, ग्रह के संयुक्त सूत्र
३. चन्द्र, सूर्य ग्रह नक्षत्र के संयुक्त सूत्र
४. चन्द्र, सूर्य, ग्रह, नक्षत्र, ताराओं के संयुक्त सूत्र
१. ग्रहों के सूत्र
२. नक्षत्रों के सूत्र
३. ताराओं के सूत्र
१. काल के भेद प्रभेद
२. अहोरात्र के सूत्र
३. संवत्सर के सूत्र
४. औपमिक काल के सूत्र
५. काल और क्षेत्र के सूत्र

दोनों प्रज्ञप्तियों की निर्युक्ति आदि व्याख्याएँ

द्वादश उपांगों के वर्तमान मान्य क्रम में चन्द्रप्रज्ञप्ति छठा और सूर्यप्रज्ञप्ति सातवाँ उपांग है -इसीलिए आचार्य मलयगिरि ने पहले चन्द्रप्रज्ञप्ति की वृत्ति और बाद में सूर्यप्रज्ञप्ति की वृत्ति रची होगी।

यदि आचार्य मलयगिरिकृत चन्द्रप्रज्ञप्ति-वृत्ति कहीं से उपलब्ध है तो उसका प्रकाशन हुआ है या नहीं ? या अन्य किसी के द्वारा की गई निर्युक्ति चूर्णि या टीका प्रकाशित हो तो अन्वेषणीय है।

आचार्य मलयगिरि ने सूर्यप्रज्ञप्ति की वृत्ति में लिखा है —सूर्यप्रज्ञप्तिनिर्युक्ति नष्ट हो गई है[1] अतः गुरु कृपा से वृत्ति की रचना कर रहा हूँ।[2]

नामकरण और विभाजन

सभी अंग-उपांगों के आदि या अन्त में कहीं न कहीं उनके नाम उपलब्ध हैं किन्तु इन दोनों उपांगों की उत्थानिका या उपसंहार में चन्द्रप्रज्ञप्ति या सूर्यप्रज्ञप्ति का नाम क्यों नहीं है ? यह एक विचारणीय प्रश्न है।

दो उपांगों के रूप में इनका विभाजन कब और क्यों हुआ ? यह शोध का विषय है।

ग्रह, नक्षत्र, तारा ज्योतिष्क देव हैं—इनके इन्द्र हैं चन्द्र-सूर्य ये दोनों ज्योतिषगणराज हैं।

उत्थानिका और उपसंहार के गद्य-पद्य सूत्रों में "ज्योतिषगणराजप्रज्ञप्ति" नाम ही उपलब्ध है किन्तु इस नाम से ये उपांग प्रख्यात न होकर चन्द्रप्रज्ञप्ति और सूर्यप्रज्ञप्ति नाम से प्रख्यात हुए हैं।

"ज्योतिष-राज-प्रज्ञप्ति" का संकलनकर्ता ग्रन्थ के प्रारम्भ में "ज्योतिष-गण-राज-प्रज्ञप्ति" इस एक नाम से की गई स्वतन्त्र संकलित वृत्ति को ही कहने की प्रतिज्ञा करता है।

इसका असंदिग्ध आधार चन्द्रप्रज्ञप्ति के प्रारम्भ में दी हुई तृतीय और चतुर्थ गाथा है।[3]

१. अस्या निर्युक्तिरभूत्, पूर्वं श्री भद्रबाहुसूरिकृता।
कालिदोषात् साऽनेशद् व्याचक्षे केवलं सूत्रम्॥
२. सूर्यप्रज्ञप्तिमहं गुरूपदेशानुसारतः किंचित्।
विवृणोमि यथाशक्ति स्पष्टं स्वपरोपकाराय॥ सूर्य० प्र० वृत्ति० प्र० १
३. गाहाओ—फुड-विसद-पागडत्थं, वुच्छं पुव्वसुय-सार-णिस्संदं॥
सुहुमं गणिणोवइट्ठं जोइसगणराय-पण्णत्ति॥३॥
नामेण इंदभूइत्ति, गोयमो वंदिऊण तिविहेणं॥
पुच्छइ जिणवरवसहं, जोइसरायस्स पण्णत्ति॥४॥

इसी प्रकार चन्द्र और सूर्य प्रज्ञप्ति के अन्त में दी हुई प्रशस्ति-गाथाओं में से प्रथम गाथा के दो पदों में[1] संकलनकर्त्ता ने कहा है—"इस भगवती ज्योतिष-राज-प्रज्ञप्ति का मैंने उत्कीर्तन किया है।"

इस ग्रन्थ के रचयिता ने कहीं यह नहीं कहा कि "मैं चन्द्रप्रज्ञप्ति या सूर्यप्रज्ञप्ति का कथन करूंगा," किन्तु "ज्योतिष-राज-प्रज्ञप्ति" यही एक नाम इसके रचयिता ने स्पष्ट कहा है, इस सन्दर्भ में यह प्रमाण पर्याप्त है।

यह उपांग एक उपांग के रूप में कब माना गया ? और इसके दो अध्ययनों अथवा दो श्रुतस्कन्धों को दो उपांगों के रूप में कब से मान लिया गया ? ऐतिहासिक प्रमाण के अभाव में क्या कहा जाय।

ज्योतिष-राज-प्रज्ञप्ति के संकलनकर्त्ता

प्रश्न उठता है—"ज्योतिष-राज-प्रज्ञप्ति" के संकलनकर्त्ता कौन थे ?

इस प्रश्न का निश्चित समाधान सम्भव नहीं है, क्योंकि संकलनकर्त्ता का नाम कहीं उपलब्ध नहीं है।

"चन्द्रप्रज्ञप्ति और सूर्यप्रज्ञप्ति को कइयों ने गणधरकृत लिखा है। सम्भव है इसका आधार चन्द्रप्रज्ञप्ति के प्रारम्भ की चतुर्थ गाथा[2] को मान लिया गया है। किन्तु इस गाथा से गौतम गणधरकृत है, यह कैसे सिद्ध हो सकता है ?

इसके संकलनकर्त्ता कोई पूर्वधर या श्रुतधर स्थविर हैं, जो यह कह रहे हैं कि "इन्द्रभूति" नाम के गौतम गणधर भगवान् महावीर को तीन योग से वंदना करके "ज्योतिष-राज-प्रज्ञप्ति" के सम्बन्ध में पूछते हैं।

इस गाथा में "पुच्छइ" क्रिया का प्रयोग अन्य किसी संकलनकर्त्ता ने किया है।

ज्योतिष-राज-प्रज्ञप्ति का संकलनकाल

भगवान् महावीर और निर्युक्तिकार श्री भद्रबाहुसूरि—इन दोनों के बीच का समय इस ग्रन्थराज का संकलन-काल कहा जा सकता है, क्योंकि भद्रबाहुसूरिकृत "सूर्यप्रज्ञप्ति की निर्युक्ति" वृत्तिकार आचार्य मलयगिरि के पूर्व ही नष्ट हो गई थी, ऐसा वे सूर्यप्रज्ञप्ति की वृत्ति में स्वयं लिखते हैं।

ज्योतिष-राज-प्रज्ञप्ति एक स्वतन्त्र कृति है

संकलनकर्त्ता चन्द्रप्रज्ञप्ति की द्वितीय गाथा[3] में पाँच पदों को वन्दन करता है और तृतीय गाथा[4] में वह कहता है कि "पूर्वश्रुत का सार निष्यन्द-झरना" रूप स्फुट-विकट सूक्ष्म गणित को प्रकट करने के लिए "ज्योतिष-गण-राज-प्रज्ञप्ति" को कहूँगा। इससे स्पष्ट ध्वनित होता है—यह एक स्वतन्त्र कृति है।

---

१. गाहा—इय एस पागडत्था, अभव्वजणहियय दुल्लभा इणमो।
उक्कित्तिया भगवती, जोइसरायस्स पण्णत्ती ॥३॥

२. नामेण इंदभूइत्ति, गोयमो वंदिऊण तिविहेणं।
पुच्छइ जिणवरवसहं, जोइसरायस्स पण्णत्ति ॥४॥

३. नमिऊण सुर-असुर गरुल-भुयंगपरिवंदिए गयकिलेसे।
अरिहे सिद्धायरिए उवज्झाय सव्वसाहू य ॥२॥

४. फुड-वियड-पागडत्थं, वुच्छं पुव्वसुय-सारणिस्संदं।
सुहुमं गणिणोवइट्ठं, जोइसगणराय-पण्णत्ति ॥३॥

चन्द्रप्रज्ञप्ति और सूर्यप्रज्ञप्ति के प्रत्येक सूत्र के प्रारम्भ में "ता" का प्रयोग है। यह "ता" का प्रयोग इसको स्वतन्त्र कृति सिद्ध करने के लिए प्रबल प्रमाण है।

इस प्रकार का "ता" का प्रयोग किसी भी अंग उपांगों के सूत्रों में उपलब्ध नहीं है।

चन्द्र-सूर्य प्रज्ञप्ति के प्रत्येक प्रश्नसूत्र के प्रारम्भ में "भंते !" का और उत्तर सूत्र के प्रारम्भ में 'गोयमा' का प्रयोग नहीं है। जबकि अन्य अंग-उपांगों के सूत्रों में भंते ! और गोयमा ! का प्रयोग प्रायः सर्वत्र है, अतः यह मान्यता निर्विवाद है कि यह कृति पूर्ण रूप से स्वतन्त्र संकलित कृति है।

ग्रन्थ एक, उत्थानिकाएँ दो

ज्योतिष-राज-प्रज्ञप्ति की एक उत्थानिका चन्द्रप्रज्ञप्ति के प्रारम्भ में दी हुई गाथाओं की है और एक उत्थानिका गद्य सूत्रों की है।

इन उत्थानिकाओं का प्रयोग विभिन्न प्रतियों के सम्पादकों ने विभिन्न रूपों में किया है—

१. किसी ने दोनों उत्थानिकाएँ दी हैं।
२. किसी ने एक गद्य-सूत्रों की उत्थानिका दी है।
३. किसी ने पद्य-गाथाओं की उत्थानिका दी है।

इसी प्रकार प्रशस्ति गाथायें चन्द्रप्रज्ञप्ति के अन्त में और सूर्यप्रज्ञप्ति के अन्त में भी दी हैं। जबकि ये गाथाएँ ज्योतिष-राज-प्रज्ञप्ति के अन्त में दी गई थीं।

संभव है ज्योतिष-राज-प्रज्ञप्ति को जब दो उपांगों के रूप में विभाजित किया गया होगा, उस समय दोनों उपांगों के अन्त में समान प्रशस्तिगाथाएँ दे दी गई हैं।

ज्योतिष-राज-प्रज्ञप्ति की संकलन-शैली

चिर अतीत में ज्योतिष-राज-प्रज्ञप्ति का संकलन किस रूप में रहा होगा ? यह तो आगम-साहित्य के इतिहास-विशेषज्ञों का विषय है किन्तु वर्तमान में उपलब्ध चन्द्रप्रज्ञप्ति तथा सूर्यप्रज्ञप्ति के प्रारम्भ में दी गई विषय-निर्देशक समान गाथाओं में प्रथम प्राभृत का प्रमुख विषय "सूर्यमण्डलों में सूर्य की गति का गणित" सूचित किया गया है, किन्तु दोनों उपांगों का प्रथम सूत्र मुहूर्तों की हानि-वृद्धि का है।

सूर्य सम्बन्धी गणित और चन्द्र सम्बन्धी गणित के सभी सूत्र यत्र-तत्र विकीर्ण हैं। यह, नक्षत्र और ताराओं के सूत्रों का भी व्यवस्थित क्रम नहीं है। अतः आगमों के विशेषज्ञ सम्पादक श्रमण या सद्गृहस्थ इन उपांगों को आधुनिक सम्पादन शैली से सम्पादित करें तो गणित की आशातीत वृद्धि हो सकती है।

प्रथम प्राभृत के पाँचवें प्राभृत-प्राभृत में दो सूत्र हैं। सोलहवें सूत्र में सूर्य की गति के सम्बन्ध में अन्य मान्यताओं की पांच प्रतिपत्तियाँ हैं और सत्रहवें में स्वमान्यता का प्ररूपण है।

इस प्रकार अन्य मान्यताओं का और स्वमान्यता का दो विभिन्न सूत्रों में निरूपण अन्यत्र नहीं है।

संकलनकाल

गणधर अंग आगमों को सूत्रागमों के रूप में पहले संकलित करता है और श्रुतधर स्थविर उपांगों को बाद में संकलित करते हैं। यह संकलन का कालक्रम निर्विवाद है।

अंग आगमों को संकलित करने वाला गणधर एक होता है और उपांग आगमों को संकलित करने वाले श्रुतधर विभिन्न काल में विभिन्न होते हैं अतः उनकी धारणाएँ तथा संकलन पद्धति समान संभव नहीं है।

स्थानांग अंग आगम है। इसके दो सूत्रों में[1] चन्द्र-सूर्य प्रज्ञप्ति के नामों का निर्देश दुविधाजनक है, क्योंकि स्थानांग के पूर्व चन्द्र-सूर्य-प्रज्ञप्ति का संकलन होने पर ही उनका उसमें निर्देश सम्भव हो सकता है।

इस विपरीत धारणा के निवारण के लिए बहुश्रुतों को समाधान प्रस्तुत करना चाहिए, किन्तु समाधान प्रस्तुत करने से पूर्व उन्हें यह ध्यान में रखना चाहिए—यह संक्षिप्त वाचना की सूचना नहीं है—ये दोनों अलग-अलग सूत्र हैं।

नक्षत्र-गणनाक्रम में परस्पर विरोध है

चन्द्र-सूर्य-प्रज्ञप्ति दशम प्राभृत के प्रथम प्राभृत-प्राभृत में नक्षत्र-गणनाक्रम की स्वमान्यता का प्ररूपण है—तदनुसार अभिजित के उत्तराषाढ़ा पर्यन्त २८ नक्षत्रों का गणनाक्रम है किन्तु स्थानांग अ. २, उ. ३, सूत्रांक ९५ में तीन गाथाएँ नक्षत्र गणनाक्रम की हैं और यही तीन गाथाएँ अनुयोगद्वार के उपक्रम विभाग में सूत्र १८५ में हैं। इनमें कृत्तिका से भरणी पर्यंत नक्षत्रों का गणनाक्रम है।

स्थानांग अंग आगम है—इसमें कहा गया नक्षत्र-गणनाक्रम यदि स्वमान्यता के अनुसार है तो सूर्यप्रज्ञप्ति में कहे गये नक्षत्र-गणनाक्रम को स्वमान्यता का कैसे माना जाय? क्योंकि उपांग की अपेक्षा अंग आगम की प्रामाणिकता स्वतः सिद्ध है।

यदि स्थानांग में निर्दिष्ट नक्षत्र-गणनाक्रम को किसी व्याख्याकार ने अन्य मान्यता का मान लिया होता तो परस्पर विरोध निरस्त हो जाता किन्तु जंबूद्वीपप्रज्ञप्ति आदि के आगमपाठों से स्वमान्यता का क्रम अभिजित से उत्तराषाढ़ा पर्यंत का है अन्य क्रम अन्य मान्यता के हैं।

प्राभृत पद का परमार्थ

सूर्यप्रज्ञप्ति-वृत्ति के अनुसार प्राभृत शब्द के अर्थ

इष्ट पुरुष के लिए देशकाल के योग्य हितकर दुर्लभ वस्तु अर्पित करना

अथवा जिस पदार्थ से मन प्रसन्न हो ऐसा पदार्थ इष्ट पुरुष को अर्पित करना, ये दोनों शब्दार्थ हैं।

---

१. (क) स्थानांग अ. २, उ. २, सू. १६० (ख) स्थानांग अ. ४, उ. १, सू. २७७

२. (क) अथ प्राभृतमिति कः शब्दार्थः ?

उच्यते—इह प्राभृतं नाम लोके प्रसिद्धं यदभीष्टाय पुरुषाय देश-कालोचितं दुर्लभ-वस्तु-परिणाम-सुन्दरमुपनीयते।

(क) प्रकर्षेण आ-समन्ताद् ह्रियते-पोह्यते चित्तमभीष्टस्य पुरुषस्यानेनेति प्राभृतम्।

(ग) विवक्षिता अपि च ग्रन्थपद्धतयः परमदुर्लभा परिणामसुन्दराश्चाभीष्टेभ्यो विनयादिगुणकलितेभ्यः शिष्येभ्यो देश-कालोचित्येनोपनीयन्ते। —सूर्य. सू. ६ वृत्ति-पत्र ७ का पूर्वभाग

श्वेताम्बर परम्परा में चन्द्र-सूर्य प्रज्ञप्ति के अध्ययन आदि विभागों के लिए "प्राभृत" शब्द प्रयुक्त है। दिगम्बर परम्परा के कषायपाहुड आदि सिद्धान्त ग्रन्थों के लिए प्रयुक्त 'पाहुड' शब्द के विभिन्न अर्थ—

१—जिसके पद स्फुट—व्यक्त हैं वह "पाहुड" कहा जाता है।

२—जो प्रकृष्ट पुरुषोत्तम द्वारा आभृत = प्रस्थापित है वह "पाहुड" कहा जाता है।

३—जो प्रकृष्ट ज्ञानियों द्वारा आभृत—धारण किया गया है अथवा परम्परा से प्राप्त किया गया है वह "पाहुड" कहा जाता है। —जैनेन्द्र सिद्धान्त कोष से उद्धृत

विनयादि गुण सम्पन्न शिष्यों के लिए देश-कालोपयोगी शुभफलप्रद दुर्लभ ग्रन्थ स्वाध्याय हेतु देना।

यहाँ "देश-कालोपयोगी" विशेषण विशेष ध्यान देने योग्य है।

कालिक और उत्कालिक

नन्दीसूत्र में गमिक को "उत्कालिक" और अगमिक को "कालिक" कहा है।

दृष्टिवाद गमिक है।[1] दृष्टिवाद का तृतीय विभाग पूर्वगत है,[2] उसी पूर्वगत से ज्योतिषगणराज-प्रज्ञप्ति (चन्द्रप्रज्ञप्ति-सूर्यप्रज्ञप्ति) का निर्यूहण किया गया है, ऐसा चन्द्रप्रज्ञप्ति की उत्थानिका की तृतीय गाथा से ज्ञात होता है।

अंग-उपांगों का एक दूसरे से सम्बन्ध है, ये सब अगमिक हैं, अतः ये सब कालिक हैं।

उसी नन्दीसूत्र के अनुसार चन्द्रप्रज्ञप्ति कालिक है[3] और सूर्यप्रज्ञप्ति उत्कालिक है।[4]

चन्द्रप्रज्ञप्ति और सूर्यप्रज्ञप्ति के कतिपय गद्य-पद्य सूत्रों के अतिरिक्त सभी सूत्र अक्षरशः समान हैं, अतः एक कालिक और एक उत्कालिक किस आधार पर माने गये हैं?

यदि इन दोनों उपांगों में से एक कालिक और एक उत्कालिक निश्चित है तो "इनके सभी सूत्र समान नहीं थे" यह मानना ही उचित प्रतीत होता है, काल के विकराल अन्तराल में इन उपांगों के कुछ सूत्र विच्छिन्न हो गये और कुछ विकीर्ण हो गये हैं।

मूल अभिन्न और अर्थ भिन्न

चन्द्रप्रज्ञप्ति और सूर्यप्रज्ञप्ति के मूल सूत्रों में कितना साम्य है? यह तो दोनों के आद्योपान्त अवलोकन से स्वतः ज्ञात हो जाता है; किन्तु चन्द्रप्रज्ञप्ति के सभी सूत्रों की चन्द्रपरक व्याख्या और सूर्यप्रज्ञप्ति के सभी सूत्रों की सूर्यपरक व्याख्या अतीत में उपलब्ध थी। यह कथन कितना यथार्थ है, कहा नहीं जा सकता है, क्योंकि ऐसा किसी टीका, निर्युक्ति आदि में कहीं कहा नहीं है। यदि इस प्रकार का उल्लेख किसी टीका, निर्युक्ति आदि में देखने में आया हो तो विद्वज्जन प्रकाशित करें।

एक श्लोक या एक गाथा के अनेक अर्थ असम्भव नहीं हैं। द्विसंधान, पंचसंधान, सप्तसंधान आदि काव्य वर्तमान में उपलब्ध हैं। इनमें प्रत्येक श्लोक की विभिन्न कथापरक टीकाएँ देखी जा सकती हैं। किन्तु चन्द्रप्रज्ञप्ति और सूर्यप्रज्ञप्ति के संदर्भ में बिना किसी प्रबल प्रमाण के भिन्नार्थ कहना उचित प्रतीत नहीं होता।

---

१. नन्दीसूत्र, गमिक अगमिक श्रुत सूत्र ४४.
२. नन्दीसूत्र, दृष्टिवाद श्रुत सूत्र ९०.
३. नन्दीसूत्र, उत्कालिक श्रुत सूत्र ४४.
४. नन्दीसूत्र, कालिक श्रुत सूत्र ४४.

ज्योतिषशास्त्र निमित्तशास्त्र माना गया है। इसका विशेषज्ञ शुभाशुभ जानने में सफल हो सकता है।

मानव की सर्वाधिक जिज्ञासा भविष्य जानने की होती है क्योंकि वह इष्ट का संयोग एवं कार्य की सिद्धि चाहता है।

चन्द्रप्रज्ञप्ति और सूर्यप्रज्ञप्ति ज्योतिष विषय के उपांग हैं—यद्यपि इनमें गणित अधिक है और फलित अत्यल्प है, फिर भी इनका परिपूर्ण ज्ञाता शुभाशुभ निमित्त का ज्ञाता माना जाता है—यह धारणा प्राचीनकाल से प्रचलित है।

ग्रह-नक्षत्र मानवमात्र के भावी के द्योतक हैं अतएव इनका मानव जीवन के साथ व्यापक संबंध है।

निमित्तशास्त्र के प्रति जो मानव की अगाध श्रद्धा है, वह भी ग्रह-नक्षत्रों के शुभाशुभ प्रभाव के कारण ही है।

ज्योतिषी देवों का जीव-जगत् से सम्बन्ध

इस मध्यलोक के मानव और मानवेत्तर प्राणी-जगत् से चन्द्र आदि ज्योतिषी देवों का शाश्वत संबंध है। क्योंकि वे सब इसी मध्यलोक के स्वयं प्रकाशमान देव हैं और वे इस भूतल के समस्त पदार्थों को प्रकाश प्रदान करते रहते हैं।

ज्योतिष लोक और मानव लोक का प्रकाश्य-प्रकाशक भाव सम्बन्ध इस प्रकार है—

(१) चन्द्र शब्द की रचना

चदि आह्लादने धातु से "चन्द्र" शब्द सिद्ध होता है।

चन्द्रमाह्लादं मिमीते निर्मिमीते इति चन्द्रमा

प्राणिमात्र के आह्लाद का जनक चन्द्र है, इसलिए चन्द्रदर्शन की परम्परा प्रचलित है।

चन्द्र के पर्यायवाची अनेक हैं उनमें कुछ ऐसे पर्यायवाची हैं जिनसे इस पृथ्वी के समस्त पदार्थों से एवं पुरुषों से चन्द्र का प्रगाढ़ संबंध सिद्ध है।

कुमुदबान्धव—जलाशयों में प्रफुल्लित कुमुदिनी का बन्धु चन्द्र है इसलिए "कुमुदबान्धव" कहा जाता है।

कलानिधि चन्द्र के पर्याय हिमांशु, शुभ्रांशु, सुधांशु की अमृतमयी कलाओं से कुमुदिनी का सीधा सम्बन्ध है।

इसकी साक्षी है राजस्थानी कवि की सूक्ति—

दोहा—जल में बसे कुमुदिनी, चन्दा बसे आकाश।
जो जाहु के मन बसे, सो ताहु के पास॥

औषधीश—जंगल की जड़ी बूटियाँ "औषधि" हैं—उनमें रोग-निवारण का अद्भुत सामर्थ्य सुधांशु की सुधामयी रश्मियों से आता है।

मानव आरोग्य का अभिलाषी है, वह औषधियों से प्राप्त होता है—इसलिए औषधीश चन्द्र से मानव का घनिष्ठ सम्बन्ध है।

निशापति—निशा = रात्रि का पति—चन्द्र है।

श्रमजीवी दिन में "श्रम" करते हैं और रात्रि में विश्राम करते हैं। आह्लादजनक चन्द्र की चन्द्रिका में विश्रान्ति लेकर मानव स्वस्थ हो जाता है इसलिए मानव का निशानाथ से अति निकट का सम्बन्ध सिद्ध होता है। जैनागमों में चन्द्र के एक "शशि" पर्याय की ही व्याख्या है।[1]

(२) सूर्य शब्द की रचना

सू प्रेरणे धातु से "सूर्य" शब्द सिद्ध होता है।

सुवति-प्रेरयति कर्मणि लोकान् इति सूर्यः—जो प्राणिमात्र को कर्म करने के लिए प्रेरित करता है वह सूर्य है।

सूरज—ग्रामीण जन "सूर्य" को "सूरज" कहते हैं।

सु+ऊर्ज से सूर्ज या सूरज उच्चारण होता है।

सु श्रेष्ठ—ऊर्ज=ऊर्जा=शक्ति।

सूर्य से श्रेष्ठ शक्ति प्राप्त होती है।

सूर्य के पर्याय अनेक हैं। इनमें कुछ ऐसे पर्याय हैं, जिनसे सूर्य का मानव के साथ सहज सम्बन्ध सिद्ध होता है।

सहस्रांशु—सूर्य की सहस्र रश्मियों से प्राणियों को जो "ऊष्मा" प्राप्त होती है, वही जगत् के जीवों का जीवन है।

प्रत्येक मानव शरीर में जब तक ऊष्मा=गर्मी रहती है, तब तक जीवन है। ऊष्मा समाप्त होने के साथ ही जीवन समाप्त हो जाता है।

भास्कर, प्रभाकर, विभाकर, दिवाकर, द्युमणि, अहर्पति, भानु आदि पर्यायों से "सूर्य" प्रकाश देने वाला देव है।

मानव की सभी प्रवृत्तियाँ प्रकाश में ही होती हैं। प्रकाश के बिना वह अकिंचित्कर है।

---

१. सन्नी सहस्स विसिट्ठुत्थो

प्र. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चई—चंदे ससी, चंदे ससी ?

उ. गोयमा ! चंदस्स णं जोइसिंदस्स जोइसरण्णो मियंके विमाणे, कंता देवा, कंताओ देवीओ, कंताइं आसण-सयण-खंभ-भंडमत्तोवगरणाइं, अप्पणा वि य णं चंदे जोतिसिंदे जोतिसराया सोमे कंते सुभए पियदंसणे सुरूवे,

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ—"चंदे ससी, चंदे ससी"। —भग. स. १२, उ. ६, सु. ४

शशि शब्द का विशिष्टार्थ

प्र. हे भगवन् ! चंद्र को "शशि" किस अभिप्राय से कहा जाता है ?

उ. हे गौतम ! ज्योतिष्केन्द्र ज्योतिषराज चन्द्र के मृगांक विमान में मनोहर देव, मनोहर देवियां तथा मनोज्ञ आसन-शयन-स्तम्भ-भाण्ड-पात्र आदि उपकरण हैं और ज्योतिष्केन्द्र ज्योतिषराज चन्द्र स्वयं भी सौम्य, कान्त, सुभग, प्रियदर्शन एवं सुरूप है।

हे गौतम ! इस कारण से चन्द्र को "शशि" (या सशी) कहा जाता है।

सूर्य के ताप से अनेक रोगों की चिकित्सा होती है।

सौर ऊर्जा से अनेक यंत्र शक्तियों का विकास हो रहा है।

इस प्रकार मानव का सूर्य से शाश्वत सम्बन्ध है।

जैनागमों में सूर्य के एक "आदित्य"[1] पर्याय की व्याख्या द्वारा सभी कालविभागों का आदि सूर्य कहा गया है।

(३) गृह-ग्रह की रचना

ग्रह उपादाने धातु से यह ग्रह शब्द सिद्ध होता है।

जैनागमों में छह ग्रह और आठ ग्रह का उल्लेख है।[2]

चन्द्र-सूर्य को ग्रहपति माना है, शेष छः को ग्रह माना है, राहु-केतु को भिन्न न मानकर एक केतु को ही माना है।

अट्ठासी ग्रह भी माने हैं।

अन्य ग्रन्थों में नौ ग्रह माने हैं।

ग्रहों के प्रभाव के सम्बन्ध में वशिष्ठ और बृहस्पति नाम के ज्योतिर्विदाचार्य ने इस प्रकार कहा है—

वशिष्ठ—ग्रहा राज्यं प्रयच्छंति, ग्रहा राज्यं हरन्ति च।
ग्रहैस्तु व्यापितं सर्वं, त्रैलोक्यं सचराचरम्॥

बृहस्पति—ग्रहाधीनं जगत्सर्वं, ग्रहाधीना नरामराः।
कालं ज्ञानं ग्रहाधीनं, ग्रहाः कर्मफलप्रदाः॥

(३२वां गोचर प्रकरण—बृहद्दैवज्ञरंजन, पृ. ८४)

(४) नक्षत्र और नरसमूह

नक्षत्र शब्द की रचना

१. न क्षदते हिनस्ति "क्षद" इति सौत्रो धातुः हिंसार्थ आत्मनेपदी। ष्टन (उ. ४/१५९) नञ्क्षाणनपाद् (६/३/७५) इति नञः प्रकृतिभावः।

---

१ सूर सद्दस्स विसिट्ठत्थो—

प्र. से केणट्ठेणं भंते! एवं वुच्चइ—"सूरे आदिच्चे सूरे आदिच्चे"?

उ. गोयमा! सुरादीया णं समयाइ वा, आवलियाइ वा, जाव ओसप्पिणीइ वा, उस्सप्पिणीइ वा।
से तेणट्ठेणं गोयमा! एवं वुच्चइ—"सूरे आदिच्चे सूरे आदिच्चे।"—भग. स. १२, उ. ६, सु. ५

सूर्य शब्द का विशिष्टार्थ

प्र. हे भगवन्! सूर्य को "आदित्य" किस अभिप्राय से कहा जाता है?

उ. हे गौतम! समय, आवलिका यावत् अवसर्पिणी, उत्सर्पिणी काल का आदि कारण सूर्य है।
हे गौतम! इस कारण से सूर्य "आदित्य" कहा जाता है।

२ छ तारग्गहा पण्णत्ता, तंजहा—

१. सुक्को, २. बुहे, ३. बहस्पति, ४. अंगारके, ५. सणिच्छरे, ६. केतू। —ठाणं अ. ६, सु. ४८

अट्ठ महग्गहा पण्णत्ता तंजहा—

१. चन्दे, २. सूरे, ३. सुक्के, ४. बुहे, ५. बहस्सति, ६. अंगारके, ७. सणिच्छरे, ८. केतू। —ठाणं ८, सू. ६/३

२. णक्ष गतौ (भ्वा. प. से.) नक्षति ।
असि-नक्षि-यजि-वधि-पतिभ्यो त्रन् (उ. ३/१०५) प्रत्यये कृते ।

३. न क्षणोति क्षणु हिंसायाम् (त. उ. से.) (ष्ट्रन्) (उ. ४/१५९) नक्षत्रं ।

४. न क्षत्रं देवत्वात् क्षत्र भिन्नत्वात् ।

जो क्षत = खतरे से रक्षा करे वह "क्षत्र" कहा जाता है । उस "क्षत्र" का जो "रक्षा करना" धर्म है वह "क्षात्र धर्म" कहा जाता है । क्षत्र की सन्तान "क्षत्रिय" कही जाती है ।

इस भूतल के रक्षक नर "क्षत्र" हैं और नभ—आकाश में रहने वाले रक्षक देव "नक्षत्र" हैं । इन नक्षत्रों का नर क्षत्रों से सम्बन्ध नक्षत्रसम्बन्ध है ।

अट्ठाईस नक्षत्रों में से "अभिजित्" नक्षत्र को व्यवहार में न लेकर सत्ताईस नक्षत्रों से व्यवहार किया है ।

प्रत्येक नक्षत्र के चार चरण हैं अर्थात् चार अक्षर हैं । इस प्रकार सत्ताईस नक्षत्रों के १०८ अक्षर होते हैं ।

इन १०८ अक्षरों को बारह राशियों में विभक्त करने पर प्रत्येक राशि के ९ अक्षर होते हैं ।

इस प्रकार सत्ताईस नक्षत्रों एवं बारह राशियों के १०८ अक्षरों से प्रत्येक प्राणी एवं पदार्थों के "नाम" निर्धारित किये जाते हैं ।

वह नक्षत्र और नर समूह का त्रैकालिक सम्बन्ध है ।

चर स्थिर आदि सात, अन्ध काण आदि चार इन ग्यारह संज्ञाओं से अभिहित ये नक्षत्र प्रत्येक कार्य की सिद्धि आदि में निमित्त होते हैं ।

(५) तारामण्डल

तारा शब्द की रचना

तारा शब्द स्त्रीलिंग है ।

तृ प्लवन-तरणयोः धातु से "तारा" शब्द की सिद्धि होती है । तरन्ति अनया इति तारा ।

सांयात्रिक—जहाजी व्यापारियों के नाविक रात्रि में समुद्रयात्रा तारामण्डल के दिशाबोध से करते थे ।

ध्रुव तारा सदा स्थिर रहकर उत्तरदिशा का बोध कराता है । शेष दिशाओं का बोध ग्रह, नक्षत्र और राशियों की नियमित गति से होता रहता है । इसलिए नौका आदि के तिरने में जो सहायक होते हैं, वे तारा कहे जाते हैं ।

रेगिस्तान की यात्रा रात्रि में सुखपूर्वक होती है इसलिए यात्रा के आयोजक रात्रि में तारा से दिशाबोध करते हुए यात्रा करते हैं ।

तारामण्डल के विशेषज्ञ प्रान्त का, देश का शुभाशुभ जान लेते हैं इसलिए ताराओं का पृथ्वीतल के प्राणियों से अतिनिकट का सम्बन्ध सिद्ध है ।

इस प्रकार चन्द्र, सूर्य, ग्रह, नक्षत्र और तारा मानव के सुख-दुःख के निमित्त हैं ।

गणितानुयोग का गणित सम्यक्श्रुत है

मिथ्याश्रुतों की नामावली में गणित को मिथ्याश्रुत माना है[1], इसका यह अभिप्राय नहीं है कि—"सभी प्रकार के गणित मिथ्याश्रुत हैं।"

आत्मशुद्धि की साधना में जो गणित उपयोगी या सहयोगी नहीं है, केवल वही गणित "मिथ्याश्रुत" है, ऐसा समझना चाहिए। यहाँ "मिथ्या" का अभिप्राय "अनुपयोगी" है, झूठा नहीं।

वैराग्य की उत्पत्ति के निमित्तों में लोकभावना अर्थात् लोकस्वरूप का विस्तृत ज्ञान भी एक निमित्त है[2], अतः अधो और ऊर्ध्व लोक से सम्बन्धित सारा गणित "सम्यक् श्रुत" है, क्योंकि वह गणित आजीविका या अन्यान्य सावद्य क्रियाओं का हेतु नहीं हो सकता है।

स्थानांग, समवायांग और व्याख्याप्रज्ञप्ति—इन तीनों अंगों में तथा जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति, चन्द्रप्रज्ञप्ति और सूर्यप्रज्ञप्ति—इन तीनों उपांगों में गणित सम्बन्धी जितने सूत्र हैं वे सब सम्यक्श्रुत हैं। क्योंकि अंग, उपांग सम्यक्-श्रुत हैं।

अन्य मान्यताओं के उद्धरण—स्वमान्यताओं का प्ररूपण

चन्द्र-सूर्यप्रज्ञप्ति में अनेक मान्यताओं के उद्धरण दिये गये हैं, साथ ही स्वमान्यताओं के प्ररूपण भी किये गये हैं।

अन्य मान्यताओं का सूचक "प्रतिपत्ति" शब्द है।

चन्द्र-सूर्यप्रज्ञप्ति में जितनी प्रतिपत्तियाँ हैं, उनकी सूची इस प्रकार है—

सूर्यप्रज्ञप्ति में प्रतिपत्तियों की संख्या

प्राभृत	प्राभृत-प्राभृत	सूत्र	प्रतिपत्ति संख्या	प्राभृत	प्राभृत-प्राभृत	सूत्र	प्रतिपत्ति संख्या
१	४	१५	६ प्रतिपत्तियाँ	१	८	२०	३ प्रतिपत्तियाँ
१	५	१६	५ प्रतिपत्तियाँ	२	१	२१	८ प्रतिपत्तियाँ
०	०	१७	स्वमत कथन	२	२	२२	२ प्रतिपत्तियाँ
१	६	१८	७ प्रतिपत्तियाँ	२	३	२३	४ प्रतिपत्तियाँ
१	७	१९	८ प्रतिपत्तियाँ	३	०	२४	१२ प्रतिपत्तियाँ
		"एक के समान स्वमान्यता"		४	०	२५	१६ प्रतिपत्तियाँ

प्राभृत	प्राभृत-प्राभृत	सूत्र	प्रतिपत्ति संख्या	प्राभृत	प्राभृत-प्राभृत	सूत्र	प्रतिपत्ति संख्या
५	०	२६	२० प्रतिपत्तियाँ	१०	१	३२	५ प्रतिपत्तियाँ
६	०	२७	२५ प्रतिपत्तियाँ	१०	२१	५९	५ प्रतिपत्तियाँ
७	०	२८	२० प्रतिपत्तियाँ	१७	०	८८	२५ प्रतिपत्तियाँ
८	०	२९	३ प्रतिपत्तियाँ	१८	०	८९	२५ प्रतिपत्तियाँ
९	०	३०	३ प्रतिपत्तियाँ	१९	०	१००	१२ प्रतिपत्तियाँ

१. नन्दीसूत्र

२. जगत्कायस्वभावौ च संवेग-वैराग्यार्थम्। —तत्त्वार्थसूत्र अ. ७

•	०	३१	२५ प्रतिपत्तियाँ	२०	•	१०२	२ प्रतिपत्तियाँ
०	०	०	२ प्रतिपत्तियाँ[1]	२०	०	१०३	२ प्रतिपत्तियाँ
०	०	०	९६ प्रतिपत्तियाँ				

बहुश्रुतों का कर्तव्य

उपांगद्वय में उद्धृत प्रतिपत्तियों के स्थल निर्देश करना, प्रमाणभूत ग्रन्थ से प्रतिपत्ति की मूल वाक्यावली देकर अन्य मान्यता का निरसन करना और स्वमान्यताओं का युक्तिसंगत प्रतिपादन करना इत्यादि आधुनिक पद्धति की सम्पादन प्रक्रिया से सम्पन्न करके उपांगद्वय को प्रस्तुत करना।

अथवा—किसी शोधसंस्थान के माध्यम से चन्द्र-सूर्यप्रज्ञप्ति पर विस्तृत शोधनिबन्ध लिखवाना।

किसी योग्य श्रमण-श्रमणी या विद्वान् को शोधनिबन्ध लिखने के लिए उत्साहित करना।

शोधनिबन्ध-लेखन के लिए आवश्यक ग्रन्थादि की व्यवस्था करना। शोधनिबन्ध लेखक का सम्मान करना। ये सब श्रुतसेवा के महान् कार्य हैं।

एक व्यापक भ्रान्ति

दोनों उपांगों के दसवें प्राभृत के सतरहवें प्राभृत-प्राभृत में प्रत्येक नक्षत्र का पृथक्-पृथक् भोजन-विधान है।

इनमें मांसभोजन के विधान भी हैं।

इन्हें देखकर सामान्य स्वाध्यायी के मन में एक आशंका उत्पन्न होती है।

ये दोनों उपांग आगम हैं—इनमें ये मांसभोजन के विधान कैसे हैं ?

यह आशंका अज्ञात काल से चली आ रही है।

सूर्यप्रज्ञप्ति के वृत्तिकार मलयगिरि ने भी इन मांसभोजनविधानों के सम्बन्ध में किसी प्रकार का ऊहापोह या स्पष्टीकरण नहीं किया है।

एक कृत्तिका नक्षत्र के भोजनविधान की व्याख्या करके शेष नक्षत्रों के भोजन कृत्तिका के समान समझने की सूचना दी है।

शेष नक्षत्रों के भोजनविधानों की व्याख्याएँ न करने के सम्बन्ध में यह कल्पना है कि—मांसवाची शब्दों की व्याख्या क्या की जाय ?

अथवा मांसवाची भोजनों को वनस्पतिवाची सिद्ध करने की कल्पना करना उन्हें उचित नहीं लगा होगा ? या उस समय ऐसी कोई परम्परागत धारणा न रही होगी ?

---

१. (क) इन प्रतिपत्तियों के पूर्व के प्रश्नसूत्र विच्छिन्न हैं।
(ख) इन प्रतिपत्तियों के बाद स्वमत-प्रतिपादक सूत्रांश भी विच्छिन्न हैं।

उपांगद्वय के संकलनकर्त्ता ने प्रतिपत्तियों के जितने उद्धरण दिये हैं, उनके प्रमाणभूत मूल ग्रन्थों के नाम, ग्रन्थकारों के नाम, अध्याय, श्लोक, सूत्रांक आदि नहीं दिये हैं।

स्व. पूज्य श्री घासीलालजी म. ने इस भोजन सूत्र को प्रक्षिप्त सिद्ध किया है और कतिपय मांसनिष्पन्न भोजनों को वनस्पतिनिष्पन्न भोजन भी सिद्ध किया है। ये दोनों परस्पर विरोधी कार्य हैं।

नक्षत्रभोजन का यह सूत्र यदि प्रक्षिप्त है तो मांसनिष्पन्न भोजनों को वनस्पत्यादि निष्पन्न भोजन सिद्ध करने से लाभ ही क्या है ? क्योंकि सूर्यप्रज्ञप्ति के प्ररूपक लौकिक कार्यों की सिद्धि के लिए सावद्य विधि का प्ररूपण ही नहीं कर सकते और सूत्रागमों का गुंथन करने वाले गणधर ऐसे भ्रामक शब्दों का प्रयोग भी नहीं करते, यह निश्चित है। इसलिए हमारे बहुश्रुतों को इस सूत्र के सम्बन्ध में सर्वसम्मत निर्णय घोषित करना ही चाहिए।

जैनागमों में नक्षत्र गणना का क्रम अभिजित से प्रारम्भ होकर उत्तराषाढा पर्यन्त का है।

प्रस्तुत प्राभृत के इस सूत्र में नक्षत्रों का क्रम कृत्तिका से प्रारम्भ होकर भरणी पर्यन्त का है।[1]

उपलब्ध अनेक ज्योतिष ग्रन्थों में भी यह नक्षत्र गणना का क्रम विद्यमान है—अतः यह स्पष्ट है कि प्रस्तुत नक्षत्रभोजनविधान का क्रम अन्य किसी ज्योतिष ग्रन्थ से उद्धृत है।[2]

---

१. चन्द्र-सूर्य-प्रज्ञप्ति के संकलनकर्ता श्रुतधर स्थविर ने नक्षत्र गणना क्रम की पांच विभिन्न मान्यताओं का निरूपण करके स्वमान्यता का प्ररूपण किया है।

पांच अन्य मान्यताओं का निरूपण—

अट्ठाईस नक्षत्रों का गणना क्रम —

१— कृत्तिका नक्षत्र से भरणी नक्षत्र पर्यन्त २८ नक्षत्र

२— मघा नक्षत्र से अश्लेषा नक्षत्र पर्यन्त २८ नक्षत्र

३— धनिष्ठा नक्षत्र से श्रवण नक्षत्र पर्यन्त २८ नक्षत्र

४— अश्विनी नक्षत्र से रेवती नक्षत्र पर्यन्त २८ नक्षत्र

५— भरणी नक्षत्र से अश्विनी नक्षत्र पर्यन्त २८ नक्षत्र

स्वमान्यता का प्ररूपण —

अभिजित नक्षत्र से उत्तराषाढा नक्षत्र पर्यन्त २८ नक्षत्र।

—चन्द्र-सूर्य-प्रज्ञप्ति, दशम प्राभृत, प्रथम प्राभृत-प्राभृत, सूत्रांक ३२

नक्षत्र गणना के इस क्रम के विधान से यह स्पष्ट है कि दशम प्राभृत व सप्तदशम प्राभृत-प्राभृत में निरूपित नक्षत्रभोजनविधान सूर्यप्रज्ञप्ति के संकलनकर्त्ता की स्वमान्यता का नहीं है। आश्चर्य यह है कि अब तक सम्पादित एवं प्रकाशित चन्द्र-सूर्य प्रज्ञप्तियों के अनुवादकों आदि ने इस सम्बन्ध में स्पष्टीकरण लिखकर व्यापक भ्रान्ति के निराकरण के लिए साहस नहीं किया।

२. कुल्माषास्तिलतण्डुलानपि तथा मांसंश्च गव्यं दधि ।
स्वाद्यं दुग्धमथैणमांसमपरं तस्यैव रक्तं तथा ॥
तद्वत्पायसमेव शाकपललं मार्गं च शाकं तथा ।
षाष्टिक्यं च प्रियङ्गपूपमथवा चिक्राण्डजानां सत्फलम् ॥
कौर्मं सारिकगोधिकं च पललं शाल्यं हविष्यं हया ।
वृक्षे स्यात्कृसरान्नमुद्गमपिना पिष्टं यवानां तथा ॥
मत्स्यान्नं खलु चिञ्चिभथवा दध्यकृमेवं क्रमात् ।
भक्ष्याऽभक्ष्यमिदं विचार्य मतिमान् भक्षेत्तथाऽऽलोकयेत् ॥

इन उपांगद्वय की संकलन शैली के अनुसार अन्य मान्यताओं के बाद स्वमान्यता का सूत्र रहा होगा, जो विषम काल में प्रभाव से विच्छिन्न हो गया है—ऐसा अनुमान है।

सामान्य मनीषियों ने इस नक्षत्रभोजनविधान को और नक्षत्रगणनाक्रम को स्वसम्मत मानने की बहुत बड़ी असावधानी की है।

इसी एक सूत्र के कारण उपांगद्वय के सम्बन्ध में अनेक चमत्कार की बातें कहकर भ्रान्तियाँ फैलाई गई हैं।

इन भ्रान्तियों के निराकरण के लिए आज तक किसी भी बहुश्रुत ने अपने उत्तरदायित्व को समझकर समाधान करने का प्रयत्न नहीं किया है।

इसका परिणाम यह हुआ कि इन उपांगों का स्वाध्याय होना भी बन्द हो गया।

चन्द्र-सूर्यप्रज्ञप्ति और अन्य ज्योतिषग्रन्थों का तुलनात्मक चिन्तन

दशम प्राभृत के अष्टम प्राभृत-प्राभृत में नक्षत्र संस्थान
नवम प्राभृत-प्राभृत में नक्षत्र, तारा संख्या

नक्षत्रस्वामी-देवता

चन्द्र-सूर्य प्रज्ञप्ति में दशम प्राभृत के बारहवें प्राभृत-प्राभृत के सूत्र ४६ में नक्षत्र देवताओं के नाम हैं।
मुहूर्त चिन्तामणि के नक्षत्र प्रकरण में नक्षत्र देवताओं के नाम हैं।
इन दोनों के नक्षत्र देवता निरूपण में सर्वथा साम्य है। केवल नक्षत्र गणना क्रम का अन्तर है।
इसी प्रकार दशम प्राभृत के तेरहवें प्राभृत-प्राभृत में तीस मुहूर्तों के नाम,
चौदहवें प्राभृत-प्राभृत में पन्द्रह दिनों के और रात्रियों के नाम,
पन्द्रहवें प्राभृत-प्राभृत में दिवस तिथियों और रात्रि तिथियों के नाम,
सोलहवें प्राभृत-प्राभृत में नक्षत्र गोत्रों के नाम,
सत्तरहवें प्राभृत-प्राभृत में नक्षत्र भोजनों के विधान।
बृहद् दैवज्ञरंजनम्, मुहूर्तमार्तण्ड आदि ग्रन्थों में ऊपर अंकित सभी विषय उपलब्ध हैं।

आनन्दानुभूति

श्रुतसेवा के इस महायज्ञ में श्री विनयमुनिजी आदि के सविनय सविवेक विविध सहयोगों से अधिक आनन्दानुभव कर रहा हूँ और सभी सहयोगियों की संयमसाधना सफल हो यह कामना कर रहा हूँ।

आत्मशोधन—सूर्यप्रज्ञप्ति के सम्पादन में जहाँ कहीं प्रमादवश कुछ भी विपरीत या असंगत हुआ हो तो आगमज्ञ बहुश्रुत सुधार कर स्वाध्याय करें और आगामी प्रकाशन के लिए उपयोगी सुझाव प्रेषित करें।

सहकार साभार स्वीकार

सूर्यप्रज्ञप्ति के कतिपय सूत्रों से सम्बन्धित गणित विभाग का संक्षिप्त विवेचन खम्भात सम्प्रदाय के आचार्यप्रवर श्री कान्तिऋषिजी म. सा. के प्रशिष्य स्व. श्री महेन्द्रऋषिजी न्याय-साहित्य-व्याकरणाचार्य ने लिखकर हार्दिक सहयोग किया है।

पण्डित साहब श्री गोभाचन्द्रजी भारिल्ल ने समय-समय पर अनेक उपयोगी सुझाव देकर प्रस्तुत संस्करण के सम्पादन में सक्रिय सहयोग किया है।

श्री रुद्रदेवजी त्रिपाठी ने सूर्यप्रज्ञप्ति की प्रस्तावना लिखकर जिज्ञासु ज्योतिर्विदों को सूर्यप्रज्ञप्ति के स्वाध्याय के लिए प्रेरित किया है।

आगम समिति के सूत्रधार सज्जन श्रावकों ने मेरे श्रम की सफलता के लिए जिज्ञासु जनों में इस संस्करण को वितरित किया है।

३१ जनवरी' ८९

—अ. प्र. मुनि कन्हैयालाल 'कमल'
—श्री वर्धमान महावीर केन्द्र,
आबू पर्वत—३०७ ५०१

प्रस्तावना

(प्रथम संस्करण से)

डॉ० रुद्रदेव त्रिपाठी
साहित्य-सांख्य-योगदर्शनाचार्य,
एम. ए. (संस्कृत एवं हिन्दी), पी-एच. डी., डी. लिट्.
निदेशक
ब्रजमोहन बिड़ला शोध केन्द्र, उज्जैन (म. प्र.)

१. धर्मत्रिवेणी और उसका सर्वमान्य साहित्य

भारत के सिद्ध तपस्वी मन्त्रद्रष्टा महर्षि और महान् त्यागी-विरागियों द्वारा प्रदत्त ज्ञानपीयूष के कलश को सुरक्षित रखते हुए उसकी अमृत-बिन्दुओं को प्राणिमात्र के कल्याण के लिए वितरित करने वाले जैन, ब्राह्मण एवं बौद्धाचार्यों ने जिस धार्मिक/सर्वमान्य साहित्य को पुरस्कृत किया, उसकी समता विश्व के समक्ष किसी अन्य साहित्य में उपलब्ध नहीं होती है। 'जैन आगम, ब्राह्मण-वेद तथा बौद्ध-पिटक' के रूप में व्याप्त दिव्य-प्रकाश की किरणों से जन-जन के अन्तर को उज्ज्वल बनाने वाले इस सर्वमान्य साहित्य का हमारे पूर्वाचार्यों ने विशुद्धभाव से लोक-कल्याण की भावना से ही उपदिष्ट किया था, यही कारण है कि यह सुदीर्घ काल से पूर्ण श्रद्धा के साथ समाज में आत्मसात् हुआ है, हो रहा है और निरन्तर [illegible] होता रहेगा। धर्म के [illegible] की समष्टि को चिर-स्थिर रखने वाला यह साहित्य भारत को गौरव प्रदान कराता है, मानव-मात्र को सत्य के दर्शन की प्रेरणा देता है, समुचित मार्ग का निर्देश करता है, कर्त्तव्याकर्त्तव्य का विवेक सिखाता है और सांसारिक-प्रपंचों से मुक्त होकर मोक्ष-पथ का पथिक बनने के लक्ष्य तक पहुँचाता है।

२. एक लक्ष्य 'मोक्ष-प्राप्ति' और उसके क्रमिक सन्दर्भ

भाषा, भाव, कथन की विविधता, वक्ता की और द्रष्टा की भिन्नता एवं श्रोता-संग्रहकर्ता आदि की अनेकता के रहते हुए भी 'आगम, वेद अथवा त्रिपिटकों' के आन्तरिक उपदेशों में ऐक्य नितान्त सुसिद्ध है। समान तात्त्विक सिद्धान्तों के हार्दतत्त्व—१. कर्म-विपाक, २. संसार-बन्धन और ३. मुक्ति, मुख्यतः एक ही ध्येय की पूर्ति करते हैं, वह है—सर्वकर्मों का क्षय करके मोक्ष की प्राप्ति[1]। मोक्ष किसका अपेक्षित है? यह प्रश्न मोक्ष-प्राप्ति के प्रसंग में सहज उठता है तो इसका सभी दर्शनकारों का एक ही उत्तर होता है 'आत्मा का'। इस उत्तर से 'आत्मा क्या है?' यह प्रश्न उठना भी स्वाभाविक हो गया, तब सभी दर्शनकारों ने इस सम्बन्ध में अपनी-अपनी दृष्टि से 'आत्म चिन्तन' की प्रक्रियाएँ प्रस्तुत कीं। इन प्रक्रियाओं के प्रस्तोताओं की भारतीय-वाङ्मय में एक सुदीर्घ परम्परा प्रवर्तित हुई और जैन, बौद्ध एवं वैदिक तथा इनके अवान्तर अनेक चिन्तकों ने अत्यन्त प्रौढ़ता एवं गम्भीरता के साथ वे उपस्थापित कीं। आस्तिक और नास्तिक जैसे परम्परा-पोषक भेदों की बहुलता के कारण

---

१. पुव्वकम्मखयट्ठए इमं देहं.....। —उत्त. अ. ६, गा. १३.

चार्वाक ने जहाँ प्रत्यक्ष को ही प्रमाण मानकर 'भूतात्मवाद और देहात्मवाद' को जन्म दिया वहीं उनके सूक्ष्मरूप से 'मन-आत्मवाद, इन्द्रियात्मवाद (एकेन्द्रियात्मवाद तथा समूहात्मवाद), प्राणात्मवाद, पुत्रात्मवाद, अर्थात्मवाद' के सिद्धान्त भी उभर आये। इसी प्रकार वैदिक-विचारकों में वेद, ब्राह्मण, आरण्यक, उपनिषद्, न्याय-वैशेषिक, सांख्य-योग, मीमांसा एवं अद्वैत वेदान्त के द्वारा भी विभिन्न तर्कापोह-पूर्वक आत्मा की खोज में 'ऋत, चेतन, कर्म, देव, माया, ब्रह्म, जीव, जड़, पुरुष, प्रकृति' आदि अनेक तत्त्वों की साङ्गोपाङ्ग मीमांसा की गई।

जैन-दर्शन में 'अतति/गच्छति इति आत्मा' इस व्युत्पत्ति को लक्ष्य में रखकर, गमनार्थक धातु को ज्ञानार्थक भी मानने की व्याकरण-सम्मत व्यवस्था को स्वीकृत करते हुए यह व्याख्या प्रस्तुत की कि जो 'ज्ञान आदि गुणों में आ-सामन्तात् रहता है, अथवा उत्पाद, व्यय और ध्रौव्यरूप त्रिक के साथ समग्ररूप में रहता है, वह 'आत्मा' है।[1]

जैनदर्शनकारों ने आत्मा के सम्बन्ध में अनेक दृष्टियों से विचार किया है, इसीलिये जैनदर्शन का अपर-नाम 'अनेकान्तदर्शन' भी प्रसिद्ध है। 'चैतन्यस्वरूप' यह आत्मा का मुख्य विशेषण है। जैनमतानुसार अन्य विशेषण इस प्रकार है—

'चैतन्यस्वरूपः परिणामी कर्ता साक्षाद् भोक्ता देहपरिमाणः प्रतिक्षेत्रं भिन्नः पौद्गलिकादृष्टवांश्चायम्'[2]

३. आत्मा का पर्याय 'जीव' तथा उसका मौलिक विश्लेषण

जैनदर्शन का 'आत्मशास्त्र' अत्यन्त सूक्ष्म है। इसकी विचारणा सम्पूर्ण वैज्ञानिक है। विभिन्न दर्शनकार आत्मा का अस्तित्व तो मानते हैं किन्तु उनमें से कुछ आत्मा का 'अनेकत्व, नित्यत्व अथवा कर्तृत्व-भोक्तादि' नहीं मानते हैं किन्तु जैनदर्शन में आत्मा को नित्य और अविनाशी माना है। आत्मा के अस्तित्व के बारे में 'जीवो उवओगलक्खणो'[3] सूत्र द्वारा वर्धमान महावीर ने उसकी पहचान का मार्ग दिखलाया है।

जैन शास्त्रकार आत्मा के पर्याय रूप में 'जीव' शब्द का प्रयोग करते हैं और वह जीवन, प्राणशक्ति एवं चेतना का द्योतक है। त्रैकालिक जीवन-गुण से युक्त होने के कारण आत्मा की 'जीव' संज्ञा सार्थक है। 'जीवन' के आधार दशविध 'प्राण' बतलाये गये हैं। यह व्यवहारदृष्टि है। निश्चयदृष्टि से जिसमें 'चेतना' पायी जाए वह 'जीव' है।[4] जीव का लक्षण जैनदर्शन के अनुसार 'उपयोग' है। उपयोग, चेतना का अनुविधायी परिणाम होता है। इसके 'ज्ञान' और 'दर्शन' नाम से दो भेद हैं तथा इन दोनों के धारक को 'जीव' कहते हैं। जीव में अचेतन पदार्थों की तरह 'प्रदेश' और 'अवयव' भी माने गये हैं, उसे इसी कारण 'अस्तिकाय' कहा गया है।[5] उसमें प्रतिक्षण परिणमन क्रिया होती रहती है, फिर भी वह अपने मूलरूप/गुण को नहीं छोड़ता। ये 'उत्पाद, व्यय और

---

१. [क] नाणं च दंसणं चेव चरित्तं च तवो तहा।
वीरियं उवओगो य एयं जीवस्स लक्खणं॥ —उत्त. अ. २८, गा. ११
[ख] बृहद् द्रव्यसंग्रह-५७

२. प्रमाणनय-तत्त्वालोक, ७-५६

३. क. उत्त. अ. २८, गा. १०
ख. उपयोगो लक्षणम् —तत्त्वार्थसूत्र अ. २, सू. ८

४. तत्त्वार्थराजवार्तिक, १४७

५. तत्त्वार्थराजवार्तिक, २८१

ध्रौव्य[1] ये पर्याय उसमें सदा पाये जाते हैं। इन कारणों से जीव को भी एक 'द्रव्य' माना गया है। जीव-द्रव्य अनन्त हैं। वे सभी अरूपी और चैतन्य गुण वाले होने से निरन्तर अपने-अपने बाह्य-आभ्यन्तर उभय परिणामों के कर्ता और भोक्ता बनते हैं तथा स्व-पर परिणामों के ज्ञाता भी हैं। जीवद्रव्य के अतिरिक्त अन्य चार 'अजीव-द्रव्य' भी हैं, जो चैतन्य-रहित जड़त्व-गुण से युक्त हैं। इनमें १. 'धर्मास्तिकाय' द्रव्य है, जो 'अरूपी' और 'गति-सहायक' गुण-धर्म वाला है। २. 'अधर्मास्तिकाय' द्रव्य भी अरूपी एवं स्थिति-सहायक गुण-धर्म वाला है। ३. लोकालोक प्रमाण 'आकाशास्तिकाय' द्रव्य भी अरूपी, अवकाश देने के गुण-धर्म वाला है। ४. 'पुद्गलास्तिकाय' द्रव्य स्कन्ध-देश-प्रदेश और परमाणु स्वरूप से पूरण-गलन-स्वभाव वाला और वर्ण-गन्ध-रस और स्पर्शादि धर्म से युक्त होकर रूपी द्रव्य है।[2]

४. जीव तथा अजीव द्रव्य रूप 'जगत्' और उसके ज्ञान की आवश्यकता

सर्वज्ञ एवं सर्वदर्शी श्री वीतराग जिनेश्वर ने समस्त जगत् को जीव और अजीव द्रव्यों का राशि रूप कहा है और यह भी प्ररूपित किया है कि यह जगत् अनादि, अनन्त तथा 'पंचास्तिकायमय' है। अतः जगत् में जो-जो द्रव्य दिखाई देते हैं और विभिन्न स्वरूप में जीव द्रव्यों के भोग-उपभोग में आते हैं, वे सभी पुद्गल द्रव्य हैं तथा जड़-पुद्गल-द्रव्यों के चित्र-विचित्र परिणामों के संयोग-वियोगादि में, जिस-जिस को भिन्न-भिन्न स्वरूप में सुख-दुःखादि का अनुभव होता है वे भिन्न-भिन्न जीव-द्रव्य हैं। क्योंकि जड़ द्रव्यों में सुख-दुःखादि की अनुभव रूप ज्ञान-चेतना

---

१. उत्पादव्ययध्रौव्ययुक्तं सत्। —तत्त्वार्थसूत्र अ. ५, सू. २९

२. प. कइ णं भंते ! अत्थिकाया पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! पंच अत्थिकाया पण्णत्ता,

तं जहा—१. धम्मत्थिकाए, २. अधम्मत्थिकाए,
३. आगासत्थिकाए, ४. जीवत्थिकाए,
५. पोग्गलत्थिकाए। —विया. स. २, उ. १०, सु. १

यद्यपि जैन शासन में द्रव्य पांच ही हैं 'पंचास्तिकायो लोकः' यह सूत्र इसका प्रमाण है, तथापि कहीं-कहीं 'काल' को स्वतन्त्र द्रव्य मानकर 'षड्द्रव्य' भी बतलाये गये हैं।

दव्वाणं आभाइं—

प. से किं तं दव्वणामे ?

उ. दव्व-णामे छव्विहे पण्णत्ते,

तं जहा—१. धम्मत्थिकाए, २. अधम्मत्थिकाए,
३. आगासत्थिकाए, ४. जीवत्थिकाए,
५. पोग्गलत्थिकाए ६. अद्धासमए, अ।

से तं दव्व-णामे।

—अणु. सु. २१८

तत्त्वार्थकार ने भी पांचवें अध्याय के ३०वें सूत्र में स्पष्ट लिखा है कि 'कालश्चेत्येके' अर्थात् कुछ आचार्य काल को भी स्वतन्त्र द्रव्य मानते हैं। जबकि पंचद्रव्यवादी 'काल' को जीव और अजीव का पर्याय-स्वरूप मानते हैं।

नहीं होती। इसीलिए जैन दृष्टि में समस्त जगत् जीव और अजीव ऐसे दो पदार्थों में विभक्त है[1] और अजीव के विविध परिणमनरूप में प्रत्यक्ष दिखाई देने वाला यह समस्त जगत् नवतत्त्वात्मक स्वरूप से सत् है।[2] जिसकी किसी भी काल में, किसी से उत्पत्ति नहीं हुई और जिसका किसी भी काल में आमूल-सर्वथा विनाश भी नहीं है, ऐसे अनादि-अनन्त, उत्पाद-व्यय-ध्रौव्य परिणामी पांचों अस्तिकाय द्रव्यों में कालादि भेद से जो-जो चित्र-विचित्र पर्याय-परिणमन होते हैं, वे सभी 'स्वतः' और 'परतः' सहेतुक होते हैं। अतः उनसे सम्बद्ध कार्य-कारणभाव का यथार्थ स्वरूप जानना आवश्यक है।

धर्मास्तिकायादि पदार्थ लोकाकाश रूप जगत् में ही व्याप्त हैं। इसी जगत् में जीवों की स्थिति है और जगत् के समस्त जीवों को अनादिकाल से सुख और शान्ति की अपेक्षा रहती ही आयी है। सुख और शान्ति के लिए तड़पते हुए जीवों को सुख-शान्ति का वास्तविक मार्ग बतलाने की दृष्टि से ही परम करुणामूर्ति अरिहन्त तीर्थंकर भगवंतों की प्ररूपणा करते हुए कहते हैं कि 'जिन आत्माओं को सुख एवं शान्ति की अभिलाषा हो, उन्हें अपनी आत्मा में मोक्षाभिलाषरूप 'संवेगभाव' तथा सांसारिक सुख के प्रति अनासक्त भाव रूप 'निर्वेद' प्रकट करना चाहिए, तभी वे सुख-शान्ति का अनुभव कर सकते हैं।' इसीलिए वाचकप्रवर श्री उमास्वाति ने भी संवेग-निर्वेद की उत्पत्ति का उपाय बतलाते हुए कहा है कि – 'जगत्-कायस्वभावौ च संवेग-वैराग्यार्थम्' और उसी 'तत्त्वार्थसूत्र' में तथा 'नवतत्त्व' में आत्मा में संवरभाव प्रकट करने के लिये बारह भावनाओं के भावने की बात कही गई है। उसमें 'लोक-स्वभाव-भावना' भी एक है। यह 'लोक-स्वभाव-भावना' तभी भावित कर सकता है, जबकि उसे 'लोक का स्वरूप' ज्ञात हो।

"जगत्" का अपर-पर्याय 'लोक' है। लोक का अर्थ दृश्यादृश्य "क्षेत्र" भी होता है। अतः धर्मास्तिकायादि द्रव्य जिस आकाश में विलसित हो रहे हैं, उस क्षेत्र को भी "लोक" कहते हैं। इसी लोक स्वरूप-परिज्ञान करने की आज्ञा जैनागम तथा अन्य शास्त्रों में दी गई है। "आचाराङ्ग-सूत्र" में कहा गया है :

"विदित्ता लोगं वंता लोगसण्णं से मइमं परिक्कमेज्जासि"।[3] इसके अनुसार लोकविषयक ज्ञान के अनन्तर ही विषयासक्ति में त्याग के पराक्रम निर्दिष्ट है। इस प्रकार--

"द्वीप-समुद्र-पर्वत-क्षेत्र-सरित-प्रभृति-विशेषः सम्यक् सकल-नैगमादि-नयेन ज्योतिषां प्रवचन-मूलसूत्रैर्जन्य-मानेन कथमपि भावविवृद्धिः सद्भिः स्वयं पूर्वापरशास्त्रार्थ-पर्यालोचनेन प्रवचन-पदार्थविदुपासनेन चाभियोगादि-विशेषविशेषेण वा प्रपंचेन परिवेद्य इति।"[4] कथन द्वारा श्लोकवार्तिककार ने भी लोक-विषयक सभी पदार्थों के

---

१. (क) दुवे रासी पण्णत्ता,
तं जहा - १. जीवरासी य, २. अजीवरासी य। – सम. सू. १४८
(ख) अत्थि जीवा, अत्थि अजीवा, — उव. सू. ५६
(ग) के अयं लोगे ? जीवच्चेव, अजीवच्चेव। के अणंता लोगे ? जीवच्चेव, अजीवच्चेव। के सासया लोगे ? जीवच्चेव, अजीवच्चेव। ठाणं. अ. २, उ. ४, सू. ११४

२. जीवाजीवा य बंधो य पुण्ण-पावासवा तहा।
संवरो निज्जरा मोक्खो संतेए तहिया नव ॥१४॥ उत्त. अ. २८, गा. १४

३. आचारांगसूत्र—श्रुत. १, अ. ३, उ. १, सू. २५.

४. तत्त्वार्थसूत्र ३/७० पर श्लोकवार्तिक.

ज्ञान करने का आग्रह किया है। वस्तुतः आन्तरिक-सत्ता के ज्ञान के साथ बाह्य-सत्ता का ज्ञान भी आवश्यक माना गया है। इसीलिये जैन और अन्यान्य सभी धर्मानुयायियों के प्रमाणभूत आगमादि ग्रन्थों में "सृष्टि-विज्ञान" को धर्मचर्चा के रूप में प्रस्तुत करते हुए मान्यता दी गई है। साथ ही विज्ञान को सर्वज्ञ जिनेश्वर-प्ररूपित होने के कारण इसे मोक्ष के प्रमुख साधनभूत धर्म के चार भेदों के अन्तर्गत "धर्मध्यान" नामक भेद में लोक के स्वभाव और आकार एवं उसमें स्थित विविध द्वीपादि, क्षेत्र तथा समुद्रादि के स्वरूप-चिन्तन में मनोयोग "संस्थान-विचय" नामक धर्मध्यान होता है—ऐसा कहा गया है।[1] इस प्रकार की लोक-भावना करते हुए आत्मा "संस्थान-विचय" नामक धर्मध्यान में पहुंचने से अपने कर्मों का नाश कर शुक्लध्यान में पहुंचता है और क्षपकश्रेणी में आ जाने से अष्टकर्मक्षय करके अपनी आत्मा को शाश्वत सुख का भागी बनाता है। ऐसे अनेक तथ्यों के कारण ही लोक की "स्थिति और विस्तार" आदि की मीमांसा जैन आगमों में पर्याप्त विस्तार से हुई है, उसके मूल में धर्म-बोध की ही प्रधानता रही है और इसीलिए धार्मिक चर्चाओं में सर्वत्र "लोकविज्ञान, लोकचिन्तन" को भी महत्त्व मिला है। ऐसी एक आवश्यक चर्चा का आध्यात्मिक महत्त्व सर्वोपरि है और वह है –

प्र. एयंसि णं भंते ! एमहालयंसि लोगंसि अत्थि केइ परमाणुपोग्गलत्ते वि पएसे जत्थ णं अयं जीवे न जाए वा, न मए वा वि ?

उ. नो इणट्ठे समट्ठे।

प्र. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–

"एयंसि णं एमहालयंसि लोगंसि नत्थि केई परमाणुपोग्गलमेत्ते वि पएसे जत्थ णं अयं जीवे ण जाए वा न मए वा वि ?"

उ. गोयमा ! से जहानामए केइ पुरिसे अयासहस्सस्स एगं महं अयावयं करेज्जा, से णं तत्थ जहण्णेणं एक्कं वा दो वा तिण्णि वा,

उक्कोसेणं अयासहस्सं पक्खिवेज्जा,

ताओ णं तत्थ पक्खित्तोयराओ पक्खित्तपाणियाओ,

जहण्णेणं एगाहं वा, दुयाहं वा, तियाहं वा,

उक्कोसेणं छम्मासे परिवसेज्जा।

अत्थि णं गोयमा ! तस्स अयावयस्स केयि परमाणुपोग्गलमेत्ते वि पएसे जे णं तासिं अयाणं उच्चारेण वा पासवणेण वा खेलेण वा सिंघाणएण वा वंतेण वा पित्तेण वा पूएण वा सुक्केण वा सोणिएण वा चम्मेहि वा रोमेहि वा सिंगेहि वा खुरेहि वा नहेहि वा अणोक्कंतपुव्वे भवइ ?

उ. णो इणट्ठे समट्ठे।

होज्जा वि णं गोयमा ! तस्स अयावयस्स केयि परमाणुपोग्गलमेत्ते वि पएसे जे णं तासिं अयाणं उच्चारेणं वा जाव नहेहि वा अणोक्कंतपुव्वे

नो चेव णं एयंसि एमहालयंसि लोगंसि लोगस्स य सासयभावं, संसारस्स य अणादिभावं,

जीवस्स य निच्चभावं कम्मबहुत्तं जम्मण-मरणाबाहुल्लं च पडुच्च नत्थि केयि परमाणुपोग्गलमेत्ते वि पएसे "जत्थ णं अयं जीवे न जाए वा, न मए वा वि।"

से तेणट्ठेणं गोयमा ! वुच्चइ–

---

१. ज्ञानार्णव ३४/४-८ तथा हेमयोगशास्त्र ७/१०-१२.

"एयंसि णं एगहालयंसि लोगंसि नत्थि केइ परमाणुपोग्गलमेत्ते वि पएसे जत्थ णं अयं जीवे णं जाए वा न मए वा वि।" विया. स. १२, उ. ७, सु. ३/१-२.

अर्थात् इस लोक का ऐसा कोई प्रदेश नहीं है, जहाँ अनेक बार जीव उत्पन्न हुआ और मरा नहीं। जिस लोक में मानव उत्पन्न हुआ है, उसके स्वरूप-परिज्ञान से वह सोचने लगता है कि "इस लोक के प्रत्येक प्रदेश में मेरे अनन्तबार जन्म और मरण हुए हैं, अतः इस पुनः पुनः जन्म-मरण के चक्र से मुझे मुक्त होना चाहिये।" उसकी यह जागरूकता उसे विभिन्न पुण्य-पाप, सत्कर्म-दुष्कर्म आदि से परिचित कराती है और उनके स्वरूपों से परिचित होकर असत्कर्मों से निवृत्ति एवं सत्कर्मप्रवृत्तिपूर्वक अपने निरापद गन्तव्य का निर्धारण करने में तत्पर हो जाता है। यदि समस्त लोक तथा पृथ्वी पर स्थित द्वीपादि का निरूपण शास्त्रों में नहीं होता तो जीव अपने स्वरूप के परिचय से अपरिचित ही रह जाता और वैसी स्थिति में आत्मज्ञान के प्रति अज्ञान तथा ज्ञानादि की सम्भावनाएँ भी विलुप्त हो जातीं।

जो जीवे वि न याणाति अजीवे वि न याणति।
जीवाऽजीवे अयाणंतो कहं सो नाहीइ संजमं ॥ ३५ ॥

जो जीवे वि वियाणाति अजीवे वि वियाणति।
जीवाऽजीवे वियाणंतो सो हु नाहीइ संजमं ॥ ३६ ॥

जया जीवमजीवे य दो वि एए वियाणई।
तया गइं बहुविहं सव्वजीवाणं जाणई ॥ ३७ ॥

तया गइं बहुविहं सव्वजीवाण जाणई।
तया पुण्णं च पावं च बंधं मोक्खं च जाणई ॥ ३८ ॥

जया पुण्णं च पावं च बंधं मोक्खं च जाणई।
तया निव्विदए भोए जे दिव्वे जे य माणुसे ॥ ३९ ॥

जया निव्विदए भोए जे दिव्वे जे य माणुसे।
तया चयइ संजोगं सऽब्भिंतरबाहिरं ॥ ४० ॥

जया चयइ संजोगं सऽब्भिंतर-बाहिरं।
तया मुंडे भवित्ताणं पव्वइए अणगारियं ॥ ४१ ॥

जया मुंडे भवित्ताणं पव्वइए अणगारियं।
तया संवरमुक्किट्ठं धम्मं फासे अणुत्तरं ॥ ४२ ॥

जया संवरमुक्किट्ठं धम्मं फासे अणुत्तरं।
तया धुणइ कम्मरयं अबोहिकलुसं कडं ॥ ४३ ॥

जया धुणइ कम्मरयं अबोहिकलुसं कडं।
तया सव्वत्तगं नाणं दंसणं चाभिगच्छई ॥ ४४ ॥

जया सव्वत्तगं नाणं दंसणं चाभिगच्छई।
तया लोगमलोगं च जिणो जाणइ केवली ॥ ४५ ॥

जया लोगमलोगं च जिणो जाणइ केवली ।
तया जोगे निरुंभित्ता सेलेसिं पडिवज्जई ॥ ४६ ॥

जया जोगे निरुंभित्ता सेलेसिं पडिवज्जइ ।
तया कम्मं खवित्ताणं सिद्धिं गच्छइ नीरओ ॥ ४७ ॥

जया कम्मं खवित्ताणं सिद्धिं गच्छइ नीरओ ।
तया लोगमत्थयत्थो सिद्धो भवइ सासओ ॥ ४८ ॥ —दस. अ. ४, गा. ३५-४८

इन्हीं सब कारणों से लोक-सम्बन्धी ज्ञान अत्यावश्यक माना गया है और इस ज्ञान की उपलब्धि के लिए आगम-साहित्य सदैव परिशीलनीय माना गया है ।

५. लोक और उसमें "सूर्य"—

जैसा कि ऊपर बताया गया है कि "लोक-विज्ञान" का निदर्शन जैन-आगमों में विस्तार से हुआ है । वहां उसका परिचय "१. समग्र, २. विभिन्न अंग और ३. अंग-विशेष" के रूप में निर्दिष्ट होकर उत्तरकाल के आचार्यों द्वारा भाष्य, टीका-निर्युक्ति, चूर्णी, वृत्ति आदि के रूप में उसे और भी पल्लवित एवं पुष्पित किया गया है । ऐसे साहित्य में

लोक परिचय के लिए

१. **आचारांग सूत्र** १ श्रुतस्कन्ध, २ अध्ययन, १ उद्देशक[1] ।
२. **स्थानांग सूत्र**, १ स्थान[2] ।
३. **समवायांग सूत्र**—प्रथम समवाय[3] ।
४. **भगवतीसूत्र** ११ शतक, १० उद्देशक[4] ।

---

१. इच्चत्थं गढिए लोए वसे पमत्ते अहो य राओ य परितप्पमाणे कालाकालसमुट्ठायी संजोगट्ठी अट्ठालोभी आलुंपे सहसक्कारे विणिविट्ठचित्ते एत्थ सत्थे पुणो पुणो । —आचा. श्रु. १, अ. २, उ. १, सू. ६३

२. ठाणं. अ. १, सु. ५

३. सम. अ. १, सु. ३

४. प्र. कइविहे णं भंते १. लोए पण्णत्ते ?
उ. गोयमा ! चउव्विहे लोए पण्णत्ते,
तं जहा – १. दव्वलोए, २. खेत्तलोए, ३. काललोए, ४. भावलोए ।
प्र. खेत्तलोए णं भंते ! कइविहे पण्णत्ते ?
उ. गोयमा ! तिविहे पण्णत्ते,
तं जहा १. अहेलोयखेत्तलोए, २. तिरियलोयखेत्तलोए, ३. उड्ढलोयखेत्तलोए ।
प्र. अहेलोयखेत्तलोए णं भंते ! कइविहे पण्णत्ते ?
उ. गोयमा ! सत्तविहे पण्णत्ते,
प्र. तं जहा —रयणप्पभापुढविअहेलोयखेत्तलोए जाव अहेसत्तमपुढविअहेलोयखेत्तलोए ।
तिरियलोयखेत्तलोए णं भंते ! कइविहे पण्णत्ते ? [शेष अगले पृष्ठ पर]

५. १३ शतक, ४ उद्देशक।[1] तथा अन्य सूत्रों में प्रासंगिक रूप से चर्चित विषयों का अध्ययन किया जाये तथा —

२. लोक के आकार-ज्ञान के लिये —

१. आचारांगसूत्र श्रुत १. अ. ८, उ. (२) द्रष्टव्य हैं।

लोक-विषयक विचारणा का क्षेत्र अत्यन्त विस्तृत है। जैन आगमों में लोक का अभिप्रेतार्थ "रज्जुलोक" है, क्योंकि यह चौदह विभागों में विभाजित है, अतः इसे **"चौदह रज्जुलोक"** के नाम से भी पहचाना जाता है। वैसे वैदिक-धर्मग्रन्थों में भी "चौदह रज्जुलोक" की मान्यता एवं वर्णन मिलते हैं।

एक रज्जुलोक का प्रमाण "कोई देव एक हजार भार वाले लोहे के गोले को अपनी समस्त शक्तिपूर्वक आकाश में फेंके और वह लोहगोलक ६ माह, ६ दिन, ६ घड़ी, ६ पल में जितना क्षेत्र लांघ जाए, उतना क्षेत्र

उ. गोयमा ! असंखेज्जइविहे पण्णत्ते,
तं जहा — जंबुद्दीवतिरियलोयखेत्त लोए जाव सयंभुरमणसमुद्दतिरियलोयखेत्तलोए।

प्र. उड्ढलोयखेत्तलोए णं भंते ! कइविहे पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! पण्णरसविहे पण्णत्ते,
तं जहा — [illegible] जाव [illegible]उड्ढलोयखेत्तलोए।
गेवेज्जविमाणउड्ढलोयखेत्त लोए अणुत्तरविमाणउड्ढलोयखेत्तलोए
इसिपब्भारपुढविउड्ढलोयखेत्तलोए। — विया. स. ११, उ. १०, सु. २-६

१. प. कहि णं भंते ! लोगस्स आयाममज्झे पण्णत्ते ?
उ. गोयमा ! इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए ओवासंतरस्स असंखेज्जइभागं एत्थ णं लोगस्स आयाममज्झे पण्णत्ते।
प. कहि णं भंते ! अहेलोगस्स आयाममज्झे पण्णत्ते ?
उ. गोयमा ! चउत्थीए पंकप्पभाए पुढवीए ओवासंतरस्स साइरेगं अद्धं ओगाहित्ता, एत्थ णं अहेलोगस्स आयाममज्झे पण्णत्ते।
प. कहि णं भंते ! उड्ढलोगस्स आयाममज्झे पण्णत्ते ?
उ. गोयमा ! उप्पिं सणंकुमार-माहिंदाणं कप्पाणं हेट्ठिं बंभलोए कप्पे रिट्ठे विमाणपत्थडे, एत्थ णं उड्ढलोगस्स आयाममज्झे पण्णत्ते।
प. कहि णं भंते ! तिरियलोगस्स आयाममज्झे पण्णत्ते ?
उ. गोयमा ! जम्बुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स बहुमज्झदेसभाए इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए उवरिमहेट्ठिल्लेसु खुड्डगपयरेसु, एत्थ णं तिरियलोयमज्झे अट्ठपएसिए रुयए पण्णत्ते, जओ णं इमाओ दस दिसाओ पवहंति,
तं जहा-पुरत्थिमा पुरत्थिमदाहिणा एवं जहा दसमसते जाव नामधेज्ज त्ति।
— विया. स. १३, उ. ४, सु. १०-१५

२. अत्थि लोए, णत्थि लोए, धुवे लोए, अधुवे लोए, सादिए लोए, अणादिए लोए, सपज्जवसिए लोए, अपज्जवसिए लोए, सुकडे ति वा दुकडे ति वा कल्लाणे ति वा पावए ति वा साधू ति वा असाधू ति वा सिद्धी ति वा असिद्धी ति वा निरए ति वा अनिरए ति वा।
— आचा. श्रु. १, अ. ८, उ. १, सु. २००

एक रज्जुलोक कहलाता है। चौदह रज्जुलोक का आकार दोनों पैर सीधे करके कटि के दोनों पार्श्वों पर हाथ रखकर खड़े हुए पुरुष के समान है। आगम साहित्य में इसे लोक पुरुष की संज्ञा दी गई है। इसी में धर्मास्तिकायादि (काल द्रव्य, सहित) छह द्रव्य हैं।

लोक के बाहर जो आकाशास्तिकाय है, उसमें इन छह द्रव्यों के न होने से उसे "अलोक" कहते हैं। अलोक का विस्तार लोक की अपेक्षा अनन्त गुना विशाल है।

लोक के "ऊर्ध्व", "अधः" और "तिर्यक्" ऐसे तीन विभाग हैं। इनमें "रत्नप्रभा" से नौ सौ योजन ऊपर तथा नौ सौ योजन नीचे इस प्रकार कुल अठारह सौ योजन मोटाई वाला, एक रज्जु चौड़ा ऐसा "तिर्यक् लोक" है। यहाँ से नौ सौ योजन न्यून सात रज्जु प्रमाण "अधोलोक" है और "ऊर्ध्वलोक" भी नौ सौ योजन न्यून सात रज्जु प्रमाण है।

संक्षेप में यह लोक का सामान्य परिचय है। विशेष ज्ञान के लिये गणितानुयोग का आद्योपान्त अवलोकन "लोक-प्रकाश", क्षेत्रसमास आदि दर्शनीय हैं।

६. सूर्य का आलोक और उसका स्वरूप

तिर्यक्लोक में जो प्रकाश व्याप्त है, वह सूर्यों के द्वारा ही प्राप्त है। मनुष्यलोक के अन्दर और बाहर के विभागों को प्रकाशित करने वाले सूर्य पृथक्-पृथक् हैं और इस दृष्टि से सूर्यों की अनेकता सिद्ध है। इस मध्यलोक के प्रकाशक सूर्य और इनके सहयोगी अन्य देव, जो कि "ज्योतिष्क देव" के रूप में पहचाने जाते हैं—इन सबका परिचय आगमों में इस प्रकार है

जम्बूद्वीप के मध्य में स्थित "मेरुपर्वत की समतल भूमि से ऊपर ७९० योजन की ऊँचाई के पश्चात् ज्योतिश्चक्र का क्षेत्र प्रारम्भ होता है जो कि ११० योजन प्रमाण है अर्थात् ज्योतिश्चक्र की स्थिति इसी मध्यलोक में है। इन ११० योजनों में से १० योजन छोड़कर उसके ऊपर मेरु की समतल भूमि से ८०० योजन की ऊँचाई पर सूर्य के विमान हैं। उससे ८० योजन की ऊँचाई पर चन्द्र के विमान हैं। वहाँ से २० योजन तक अर्थात् मेरु की समतल भूमि से ९०० योजन की ऊँचाई तक की परिधि में ग्रह, नक्षत्र और प्रकीर्ण तारागण हैं। तारासमूह को प्रकीर्ण कहने का कारण यह है कि अन्य कतिपय तारे अनियतचारी होने से कभी सूर्य और चन्द्र के नीचे भी चलते हैं तथा कभी ऊपर भी। इन सब ज्योतिष्कों की स्थिति भी इसी मध्यलोक में है। मनुष्यलोक की सीमा में जो ज्योतिष्क हैं वे भ्रमण करते रहते हैं। इसलिये उन्हें "चर ज्योतिष्क" कहते हैं। चर ज्योतिष्कों की गति की अपेक्षा से ही मुहूर्त, प्रहर, अहोरात्र, पक्ष, मास, अतीत, वर्तमान आदि तथा संख्येय-असंख्येय आदि काल का व्यवहार है। मनुष्य-लोक की सीमा से बाहर ज्योतिष्कों के विमान स्थिर हैं। स्वभावतः वे एक स्थान पर स्थिर रहते हैं, भ्रमण नहीं करते। अतः उनका उदय-अस्त न होने से उनका प्रकाश भी एक समान पीतवर्णी और लक्ष योजन-प्रमाण रहता है। इसलिये उन्हें "स्थिर ज्योतिष्क" कहा है।

सभी ज्योतिष्क पांच यूथों में विभाजित होते हैं और वे सूर्य, चन्द्र, ग्रह, नक्षत्र और ताराओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। केवल मनुष्य सृष्टि के लिये ही ये सतत गतिशील रहते हैं ऐसा प्रतीत होता है, यहाँ सूर्य-चन्द्र की बहुलता के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण जैन सिद्धान्त की लाक्षणिकता के लिये आवश्यक है। मुख्यतः जम्बूद्वीप (मध्यलोक) में दो सूर्य, दो चन्द्रों का होना माना जाता है। समय विभाजन इन ज्योतिर्मय देवों की गति से ही निर्धारित होता है।

जैनदर्शन की दृष्टि से जगत् में व्याप्त दृष्ट-अदृष्ट सभी पदार्थ जिन षड् द्रव्यों में विभक्त हैं उनमें "काल" को भी एक द्रव्य माना है। चेतन और जड़ पुद्गल तीनों कालों में सक्रिय रहते हैं। जीव तथा पुद्गल की

सक्रियता की समयमर्यादा निश्चित करने का एक मात्र आधार काल-द्रव्य है। सामान्यतः जगत् में "काल" नामक कोई स्वतन्त्र पदार्थ नहीं है तथापि उपर्युक्त जड़ और चेतन पदार्थ के सम्बन्ध में अत्यन्त उपकारक होने से शास्त्रकारों ने इसको औपचारिक द्रव्य भी कहा है। काल का अर्थ यहाँ समय (सैकण्ड, मिनिट, घण्टे, दिन, पक्ष, मास और वर्ष आदि) का सूचक है। इस समय को यदि कोई भी निश्चित कर देने वाले साधन हैं, तो वे हैं "सूर्य-चन्द्र"।

अनन्तज्ञानी तीर्थंकर परमात्मा ने सूर्य-चन्द्र दोनों ही असंख्य कहे हैं और इनमें परस्पर तनिक भी न्यूनाधिकता नहीं है। वस्तुतः ये चार प्रकार के देवों में "ज्योतिषी देव" हैं। इनके विमानों में जटित विशिष्ट रत्नों के प्रकाश से जगत् के सर्व पदार्थ प्रकाशित होते हैं। सूर्यविमान के रत्नों में वर्तमान एकेन्द्रिय जीवों को आतप नामकर्म से उष्ण प्रकाश का अनुभव होता है और चन्द्र विमान के रत्नों में वर्तमान एकेन्द्रिय जीवों को उद्योत नामकर्म से शीत प्रकाश का अनुभव होता है।

असंख्य सूर्य ज्योतिषी-निकाय के इन्द्र हैं और इन असंख्य सूर्य इन्द्रों के रहने के विमान भिन्न-भिन्न होते हैं। उसी प्रकार चन्द्रों के भी विमान भिन्न-भिन्न हैं। सूर्य का प्रत्येक विमान पूर्वदिशा में ४००० सिंह रूप, दक्षिण में ४००० हस्ति रूप, पश्चिम में ४००० वृषभ रूप तथा उत्तर में ४००० अश्व रूप इस प्रकार कुल १६००० आभियोगिक (सेवकादि) देव इन विमानों का वहन करते हैं। सूर्य के विमान पृथ्वी से ८०० योजन ऊँचे हैं तथा वे शाश्वत हैं। शाश्वत पदार्थों का १ योजन ३६०० मील जितना होता है। जम्बूद्वीप और उसके बाद वाले असंख्य द्वीप-समुद्रों में सूर्य-चन्द्र सदा हर समय प्रकाश फैला रहे हैं। यथा:

जम्बूद्वीप में	२ सूर्य	—	२ चन्द्र
लवणसमुद्र में	४ सूर्य	—	४ चन्द्र
धातकीखण्ड में	१२ सूर्य	—	१२ चन्द्र
कालोदधिसमुद्र में	४२ सूर्य	—	४२ चन्द्र
अर्ध-पुष्करद्वीप में	७२ सूर्य	—	७२ चन्द्र
	१३२ सूर्य		१३२ चन्द्र

इन सूर्य-चन्द्रों के सम्बन्ध में अन्य ज्ञातव्य इस प्रकार है—

मनुष्यलोक के सूर्य-चन्द्र

१. अस्थिर (परिभ्रमणशील)
२. इनके विमान की पीठिका अर्ध कोष्ठकाकार
३. चन्द्र विमान $\frac{56}{61}$ योजन (लम्बाई-चौड़ाई)
४. चन्द्र विमान की ऊँचाई $\frac{28}{61}$ योजन
५. सूर्य विमान $\frac{48}{61}$ योजन (लम्बाई-चौड़ाई)
६. सूर्य विमान की ऊँचाई $\frac{24}{61}$ योजन।

मनुष्यलोक से बाहर के सूर्य-चन्द्र

१. स्थिर (परिभ्रमणरहित)

२. चतुरस्र इष्टकाकार
३. चन्द्र विमान $\frac{56}{61}$ योजन (लम्बाई-चौड़ाई)
४. चन्द्र विमान की ऊँचाई $\frac{28}{61}$ योजन
५. सूर्य विमान $\frac{48}{61}$ योजन (लम्बाई-चौड़ाई)
६. सूर्य विमान की ऊँचाई $\frac{24}{61}$ योजन।

जम्बूद्वीप में एक चन्द्र, एक सूर्य ४८ घण्टे में प्रत्येक मण्डल को पूर्ण करता है। जम्बूद्वीप में एक सूर्य दक्षिणदिशा में भरतक्षेत्र में होता है तब दूसरा सूर्य उत्तरदिशा में ऐरवत क्षेत्र में रहता है। उसी समय एक चन्द्र पूर्व महाविदेह में होता है तब दूसरा चन्द्र पश्चिम महाविदेह में रहता है। जहाँ सूर्य होता है वहाँ दिन और जहाँ चन्द्र होता है वहाँ रात्रि होती है। अतः प्रत्येक क्षेत्र में जो सूर्य-चन्द्र आज दिखाई देते हैं, वे दूसरे दिन नहीं दिखाई देते। इस प्रकार सूर्य-चन्द्र का परिभ्रमण सतत चालू है। अढ़ाई द्वीपवर्ती सभी सूर्य-चन्द्र द्वीपवर्ती मेरुपर्वतों के चारों ओर सतत परिभ्रमण कर रहे हैं। इस प्रकार कुल १३२ सूर्य-चन्द्र अढ़ाई द्वीपों के मध्यस्थ मेरु की परिक्रमा कर रहे हैं, वे दो विभाग में विभक्त ६६-६६ संख्या में रहते हैं और इनकी पंक्ति सदा एक साथ ही परिक्रमा करती है। सूर्य परिभ्रमण करते हुए जैसे-जैसे आगे बढ़ता है वैसे उस क्षेत्र में सूर्योदय कहलाता है और वह गति करता हुआ पिछले क्षेत्र में अन्तिम दिखाई देता है तब सूर्यास्त कहलाता है।

वस्तुतः जैन आगमों में वर्णित सूर्य-चन्द्रादि ज्योतिष्क देवों की विचारणा इतनी महत्त्वपूर्ण एवं सूक्ष्मता से परिपूर्ण है कि उसका वर्णन करना यहाँ सम्भव नहीं है। भगवतीसूत्र, जीवाभिगम, सूर्य-प्रज्ञप्ति, चन्द्रप्रज्ञप्ति, ज्योतिष्करण्डक, क्षेत्रलोकप्रकाश, बृहत्संग्रहणी, क्षेत्रसमास (लघु एवं बृहत्) तथा त्रिलोकसारादि में यह विषय विस्तार से समझाया गया है।

इतना ही नहीं, अन्य धर्मों के प्रमुख ग्रन्थों में भी सूर्य की सर्वोपरि सत्ता को बहुत ही आदर के साथ सराहा गया है। वेदों में सूर्य को "क्षणः प्रजानामुदयत्येष सूर्यः, विभ्राट्, बृहत्, विश्वाय दृशे सूर्यम्, सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च," और "आकृष्णेन रजसा वर्तमानो निवेशयन्नमृतं मर्त्यंश्च। हिरण्ययेन सविता रथेन देवो याति भुवनानि पश्यन्" इत्यादि अनेक मन्त्रों से विविधरूप में व्यक्त किया है। सर्वाराध्य गायत्री मन्त्र में भी सवितृ देवता की ही महिमा और प्रार्थना है। सूर्य के वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी अनेक विवेचन वैदिक मन्त्रों में अभिव्यक्त हैं, जिनके भाष्यों में आचार्यों ने सूक्ष्मातिसूक्ष्म परीक्षणात्मक प्रयोगों के निर्देश भी दिये हैं।

सूर्य सप्ताश्वरथ में स्थित होकर जगत् को प्रकाशित करता है। ऋग्वेद में "सप्त युञ्जन्ति रथमेकचक्रं" कहते हुए जगत् को सप्तवर्गी ही बतलाया है। ये सात वर्ग पृथ्वी, जल, तेज, वायु, आकाश, दिक् और काल हैं। सौर-परिवार के नौ सदस्य नवग्रह हैं। सूर्य आदि ग्रहों के बिम्बों का व्यास, गति, द्युति, ग्रहण आदि के वर्णन पुराणों तथा ज्योतिष के ग्रन्थों में व्यापकरूप से आये हैं। "वृद्ध गर्गसंहिता" में "महासंलिताध्याय" के उत्तरार्ध में "ग्रहकोषाध्याय, नक्षत्रकर्मगणाध्याय" आदि में वैज्ञानिक विषयों का विस्तृत वर्णन भी दर्शनीय है। इस प्रकार सूर्य की अखण्ड सत्ता सनातन धर्मग्रन्थों में भी विस्तार से स्वीकृत है।

ऐसी ही सूर्य की सार्वत्रिक महिमा को वैज्ञानिक दृष्टि से समन्वित चिन्तन-प्रधान असाधारण विवेचना के द्वारा व्यक्त करने वाला एक महान् ग्रन्थ "सूर्य-प्रज्ञप्ति" है। जिसका परिचय इस प्रकार है:

७. सूर्य-प्रज्ञप्ति का आगम साहित्य में स्थान

जैन आगम-साहित्य प्राचीनतम वर्गीकरण के अनुसार 'पूर्व' और 'अंग' के रूप में वर्गीकृत हुआ था जिसे श्रमण भगवान् महावीर से पूर्ववर्ती बतलाया है। इसके पश्चात् 'पूर्वश्रुत' को सरल रूप में ग्रथित कर उसमें 'दृष्टिवाद'

को सम्मिलित करने से आचारादि ग्यारह अंगों को 'द्वादशांगी' कहा गया। आचारांग आदि के प्ररूपक महावीर की श्रुतराशि 'चौदह पूर्व' अथवा 'दृष्टिवाद' के नाम से पहचानी जाती थी। इसका वर्गीकरण 'अंगप्रविष्ट' और 'अंगबाह्य' ऐसे दो भागों में किया गया। इनमें प्रथम 'गणधर द्वारा सूत्र में निर्मित' और द्वितीय 'स्थविरकृत' समाविष्ट हैं। इनके अतिरिक्त एक और सूक्ष्म विवेचन करते हुए नन्दीसूत्र में "आवश्यक, आवश्यक-व्यतिरिक्त, कालिक और उत्कालिक" रूप में आगम की सम्पूर्ण शाखाओं का परिचय दिया है। इनके अतिरिक्त दिगम्बर मान्यता के अनुसार "अंगप्रविष्ट" आगमों का एक वर्गीकरण दृष्टिवाद के १. परिकर्म, २. सूत्र, ३. प्रथमानुयोग, ४. पूर्वगत एवं ५. चूलिका के रूप में हुआ है। श्री आर्यरक्षित ने आगमों को अनुयोगों के अनुसार चार भागों में विभाजित किया जिनके "१. चरण-करणानुयोग, २. धर्मकथानुयोग, ३. गणितानुयोग तथा ४. द्रव्यानुयोग" ये नाम दिये हैं। इन्हीं ने व्याख्याक्रम की दृष्टि से १. अपृथक्त्वानुयोग और २. पृथक्त्वानुयोग के रूप में आगमों के दो रूप भी बतलाये। इन सबके अतिरिक्त नन्दीसूत्र की चूर्णि में एक दृष्टि और उद्घाटित हुई जिसमें द्वादशांगी को "श्रुत पुरुष" के अंगों की संज्ञा से अभिहित किया गया। साथ ही द्वादश उपांगों का भी विनियोग हुआ और प्रत्येक अंग के साथ एक-एक उपांग (अंगों में कहे गये अर्थों का स्पष्ट बोध कराने वाले सूत्र) भी निर्धारित हुए।

इन और ऐसे ही अन्य भेदों में श्रुतस्थविर-विरचित "सूर्य-प्रज्ञप्ति" सूत्र क्रमशः अंग, दृष्टिवाद, अंगबाह्य, आवश्यक व्यतिरिक्त में उत्कालिक, दृष्टिवाद का प्रथम भेद परिकर्म, गणितानुयोग, पृथक्त्वानुयोग और श्रुतपुरुष के ज्ञाताधर्मकथांग के उपांग में अपना स्थान रखती है। बत्तीस आगमों के क्रम में यह उपांगगत २२वीं संख्या पर है। कुछ ग्रन्थों में इसे पांचवां और कहीं छठा उपांग बतलाया गया है।

८. सूर्य-प्रज्ञप्ति का स्वरूपात्मक परिचय

जैन-आगम वाङ्मय में "सूर्य और ज्योतिष्कचक्र" का व्यवस्थित दिग्दर्शन कराने वाला यह उपांग ग्रन्थ मुख्यतः ज्ञान एवं विज्ञान की संश्लिष्ट पद्धति से विचारों को व्यक्त करता है। गणित और ज्योतिष की महत्त्वपूर्ण विवेचना इसमें अपना विशिष्ट स्थान रखती है। इसकी रचना में १०८ गद्य-सूत्र और १०३ पद्य-गाथाएँ प्रयुक्त हैं। इसमें एक अध्ययन, २० प्राभृत और उपलब्ध मूलपाठ २२०० श्लोक परिमाण है।

"सूर्य-प्रज्ञप्ति" अति प्राचीन ग्रन्थ है, क्योंकि इसका उल्लेख श्वेताम्बर, दिगम्बर और स्थानकवासी—तीनों में मान्य रहा है। इसी दृष्टि से यह कहा जा सकता है कि इसकी स्थिति तीनों के विभाजन से पूर्व थी। इसका समय विक्रम पूर्व का होना चाहिए।

विषय विस्तार की दृष्टि से इसके २० प्राभृतों में खगोलशास्त्र की जितनी सूक्ष्म विचारणाएँ प्रस्तुत हुई हैं, उतनी अन्यत्र कहीं एक साथ प्रस्तुत नहीं हुई हैं। इसका उपक्रम मिथिला नगरी में जितशत्रु के राज्य में नगर से बाहर मणिभद्र चैत्य में वर्धमान महावीर के पधारने पर धर्मोपदेश के पश्चात् गणधर गौतम की जिज्ञासा के समाधान हेतु हुआ है। इसमें —"मण्डलगतिसंख्या, सूर्य का तिर्यक् परिभ्रमण, प्रकाश्य क्षेत्र परिमाण, प्रकाश संस्थान, लेश्या प्रतिघात, ओजः संस्थिति, सूर्यावरक उदयसंस्थिति, पौरुषी छायाप्रमाण, योगस्वरूप, संवत्सरों के आदि और अन्त, संवत्सर के भेद, चन्द्र की वृद्धि अपवृद्धि, ज्योत्स्नाप्रमाण, शीघ्रगति निर्णय, ज्योत्स्ना लक्षण, च्यवन और उपपात, चन्द्र सूर्य आदि की ऊँचाई, उनका परिमाण एवं चन्द्रादि के अनुभाव आदि" विषयों की विस्तृत चर्चा है। अतः यह ग्रन्थ खगोलशास्त्र के चिन्तकों के लिये पर्याप्त उपयोगी तथ्य उपस्थापित करता है।

उपाचार्य श्री देवेन्द्रमुनि शास्त्री ने अपने महनीय ग्रन्थ "जैन आगम साहित्य : मनन और मीमांसा" में सूर्य-प्रज्ञप्ति का विस्तृत परिचय देते हुए लिखा है। सारांश इस प्रकार है—

प्रथम प्राभृत में—"दिन व रात्रि में ३० मुहूर्त, नक्षत्रमास, सूर्यमास, चन्द्रमास और ऋतुमास के मुहूर्तों की वृद्धि, [illegible] अन्तिम और अन्तिम से प्रथम मण्डल पर्यन्त सूर्य की गति के काल का प्रतिपादन एवं अन्तिम मंडल में सूर्य की एक बार तथा शेष मण्डलों में सूर्य की दो बार गति होना, आदित्य-संवत्सर के दक्षिणायन और उत्तरायन में अहोरात्र के जघन्य तथा उत्कृष्ट मुहूर्त एवं अहोरात्र के मुहूर्तों की हानिवृद्धि के कारण भरत और ऐरावत क्षेत्र के सूर्य का उद्योत क्षेत्र, आदित्यसंवत्सर के दोनों अयनों में प्रथम से अन्तिम और अन्तिम से प्रथम पर्यन्त एक सूर्य की गति का अन्तर, अन्तर के सम्बन्ध में छह अन्य मान्यताएँ, सूर्य द्वारा द्वीपसमुद्रों के अवगाहन सम्बन्ध में एक अहोरात्र में सूर्य के परिभ्रमण का परिमाण एवं मण्डलों की रचना तथा विस्तार वर्णित हैं।"

द्वितीय प्राभृत में—"सूर्य के उदय और अस्त का वर्णन करके अन्यतीर्थिकों के मतों का उल्लेख किया है, जिसमें—

१. सूर्य का पूर्वदिशा में उदित होकर आकाश में चला जाना,

२. सूर्य को गोलाकार किरणों का समूह बतलाकर सन्ध्या में नष्ट होना,

३. सूर्य को देवता बतलाकर उसका स्वभाव में उदयास्त होना,

४. सूर्य के देव होने से उसकी सनातन स्थिति रहना,

५. प्रातः पूर्वदिशा में उदित होकर सायं पश्चिम में पहुँचना तथा वहाँ से अधोलोक को प्रकाशित करते हुए नीचे की ओर लौट जाना आदि प्रमुख हैं। अन्त में "सूर्य के एक मण्डल से दूसरे मण्डल में गमन का और वह एक मुहूर्त में कितने क्षेत्र में परिभ्रमण करता है ? इसका विचार व्यक्त करते हुए स्वमत का भी प्रतिपादन हुआ है। अन्यधर्मावलम्बी पृथ्वी का आकार गोल मानते हैं किन्तु जैनधर्म की मान्यता उससे भिन्न है, यह भी इससे संकेतित है।"

तृतीय प्राभृत में—चन्द्र, सूर्य द्वारा प्रकाशित किये जाने वाले द्वीप एवं समुद्रों का वर्णन है। इसी प्रसंग में बारह मतान्तरों का भी निर्देश हुआ है।

चतुर्थ प्राभृत में—चन्द्र और सूर्य के १. विमान संस्थान तथा २. प्रकाशित क्षेत्र के संस्थान और उनके सम्बन्ध में १६ मतान्तरों का उल्लेख है। यहीं स्वमत से प्रत्येक मण्डल में उद्योत तथा ताप क्षेत्र का संस्थान बतलाकर अन्धकार के क्षेत्र का निरूपण किया गया है। सूर्य के ऊर्ध्व, अधः एवं तिर्यक् ताप-क्षेत्र के परिमाण भी यहीं वर्णित है।

पांचवें प्राभृत में—सूर्य की लेश्याओं का वर्णन है।

छठे प्राभृत में— सूर्य का ओज वर्णित है अर्थात् सूर्य सदा एक रूप में अवस्थित रहता है अथवा प्रतिक्षण परिवर्तित होता रहता है ? इस सम्बन्ध में २५ प्रतिपत्तियाँ हैं। जैनदृष्टि से व्यक्त किया है कि जम्बूद्वीप में प्रतिवर्ष केवल ३० मुहूर्त तक सूर्य अवस्थित रहता है तथा शेष समय में अनवस्थित रहता है। क्योंकि प्रत्येक मण्डल पर एक सूर्य ३० मुहूर्त रहता है। इसमें जिस-जिस मण्डल पर वह रहता है, उस दृष्टि से वह अवस्थित है और दूसरे मण्डल की दृष्टि से वह अनवस्थित है, यह स्पष्ट किया है।

सातवें प्राभृत में - सूर्य अपने प्रकाश से मेरुपर्वतादि को और अन्य प्रदेशों को प्रकाशित करता है, यह बतलाया है।

आठवें प्राभृत में —जो सूर्य पूर्व-दक्षिण में उदित होता है, वह मेरु के दक्षिण में स्थित भरतादि क्षेत्रों को प्रकाशित करता है और जो मेरु के पश्चिम-उत्तर में उदित होता है, वह मेरु के उत्तर में स्थित ऐरावतादि क्षेत्रों

को प्रकाशित किया है। इस प्रकार दो सूर्यों की सत्ता प्रतिपादित हुई है और इसी से दिन-रात्रि की व्यवस्था स्पष्ट की गई है। साथ ही भिन्न-भिन्न क्षेत्रों की अपेक्षा उत्सर्पिणी-अवसर्पिणी काल का कथन भी इसी प्राभृत में वर्णित है।

नौवें प्राभृत में—पौरुषी छाया का प्रमाण बतलाते हुए सूर्य के उदयास्त के समय ५९ पुरुष-प्रमाण छाया होती है, यह बतलाया है और इस सम्बन्ध में अनेक मत-मतान्तरों का उल्लेख करते हुए स्वमतानुसार पौरुषी-छाया के सम्बन्ध में स्थापना की है।

दसवें प्राभृत में— नक्षत्रों में आवलिका क्रम, मुहूर्त की संख्या, पूर्व-पश्चिम भाग तथा उभयभागों से चन्द्र के साथ योग करने वाले नक्षत्र, युगारम्भ में योग करने वाले नक्षत्रों का पूर्वादि विभाग, नक्षत्रों के कुल, उपकुल तथा कुलोपकुल, १२ पूर्णिमा और अमावस्याओं में नक्षत्रों के योग, समान नक्षत्रों के योग वाली पूर्णिमा तथा अमावस्या, नक्षत्रों के संस्थान, उनके तारे, वर्षा, हेमन्त और ग्रीष्म ऋतुओं में मासक्रम के नक्षत्रों का योग तथा पौरुषी प्रमाण, दक्षिण-उत्तर एवं उभयमार्ग से चन्द्र के साथ योग करने वाले नक्षत्र, नक्षत्र रहित चन्द्रमण्डल, सूर्यरहित चन्द्रमण्डल, नक्षत्रों के देवता, ३० मुहूर्तों के नाम, १५ दिन, रात्रि और तिथियों के नाम, नक्षत्रों के गोत्र, नक्षत्रों में भोजन का विधान, एक युग में चन्द्र व सूर्य के साथ नक्षत्रों का योग, एक संवत्सर के महीने और उनके लौकिक तथा लोकोत्तर नाम, पाँच प्रकार के संवत्सर, उनके ५-५ भेद और अन्तिम शनैश्चर-संवत्सर के २८ भेद, दो चन्द्र, नक्षत्रों के द्वार, दो सूर्य और उनके साथ योग करने वाले नक्षत्रों के मुहूर्त परिमाण, नक्षत्रों की सीमा तथा विष्कम्भ आदि का प्रतिपादन विस्तार के साथ इसके २२ उप-अध्यायों में हुआ है।

ग्यारहवें प्राभृत में—संवत्सरों के आदि, अन्त और नक्षत्रों के योग का वर्णन है।

बारहवें प्राभृत में— नक्षत्र, चन्द्र, ऋतु, आदित्य और अभिवर्धित ५ संवत्सरों का वर्णन, छह ऋतुओं का प्रमाण, ६-६ क्षमाधिक तिथियाँ, एक युग में सूर्य और चन्द्र की आवृत्तियाँ और उस समय नक्षत्रों के योग और योगकाल आदि का वर्णन है।

तेरहवें प्राभृत में— कृष्ण और शुक्ल पक्ष में चन्द्र की हानि-वृद्धि, ६२ पूर्णिमा तथा ६२ अमावस्याओं में चन्द्र-सूर्यों के साथ राहु का योग, प्रत्येक अयन में चन्द्र की मण्डल-गति आदि का वर्णन किया गया है।

चौदहवें प्राभृत में—कृष्ण और शुक्ल पक्ष की ज्योत्स्ना और अन्धकार का प्रमाण वर्णित है।

पन्द्रहवें प्राभृत में—चन्द्रादि ज्योतिष्क देवों की एक मुहूर्त की गति है, यह बतलाकर नक्षत्रमास में चन्द्र, सूर्य, ग्रहादि की मण्डल गति और ऋतुमास तथा आदित्यमास में भी मण्डल गति का निरूपण किया है।

सोलहवें प्राभृत में—चन्द्रिका, आतप और अन्धकार के पर्यायों का वर्णन है।

सत्रहवें प्राभृत में—सूर्य के च्यवन तथा उपपात के सम्बन्ध में अन्य २५ मत-मतान्तरों का उल्लेख करने के पश्चात् स्वमत का संस्थापन किया है।

अठारहवें प्राभृत में—भूमि से सूर्य-चन्द्रादि की ऊँचाई का परिमाण बताते हुए अन्य २५ मत-मतान्तरों का उल्लेख करके स्वमत का प्रतिपादन किया है। चन्द्र-सूर्य के विमानों के नीचे, ऊपर तथा सम विभाग में ताराओं के विमान होने के कारण एक चन्द्र का ग्रह, नक्षत्र और ताराओं का परिवार, मेरुपर्वत से ज्योतिष्कचक्र का अन्तर, जम्बूद्वीप में सर्व बाह्य-आभ्यन्तर, ऊपर-नीचे चलने वाले नक्षत्र, चन्द्र-सूर्यादि के संस्थान, आयाम, विष्कम्भ और

बाहुल्य, उनको वहन करने वाले देवों की संख्या और उनके दिशाक्रम से रूप, शीघ्र-मन्द गति, अल्पबहुत्व, चन्द्र-सूर्य की अग्रमहिषियों का परिवार, विकुर्वणा, शक्ति एवं देव-देवियों की जघन्य उत्कृष्ट स्थिति आदि विषयों पर विस्तार से विचार हुआ है।

उन्नीसवें प्राभृत में—चन्द्र और सूर्य सम्पूर्ण लोक को प्रकाशित करते हैं अथवा लोक के एक विभाग को ? यह प्रश्न उठाकर इस सम्बन्ध में बारह मत-मतान्तरों का उल्लेख करते हुए स्वमत का निरूपण किया है। साथ ही लवणसमुद्र का आयाम, विष्कम्भ और चन्द्र, सूर्य, नक्षत्र एवं ताराओं का वर्णन है। उसी प्रकार धातकीखण्ड के संस्थान, कालोदधिसमुद्र और पुष्करार्धद्वीप तथा मनुष्य क्षेत्र आदि का विवरण प्रस्तुत हुआ है। इसी प्राभृत में यह भी बतलाया गया है कि—इन्द्र के अभाव में व्यवस्था, इन्द्र का जघन्य और उत्कृष्ट विरहकाल, मनुष्य क्षेत्र के बाहर चन्द्र की उत्पत्ति और गति तथा अन्त में स्वयम्भूरमण समुद्र तक द्वीपसमुद्रों के आयाम, विष्कम्भ, परिधि आदि का वर्णन है।

बीसवें प्राभृत में—चन्द्रादि का स्वरूप, राहु का वर्णन, राहु के दो प्रकार तथा जघन्य-उत्कृष्ट काल का वर्णन है। यहीं चन्द्र को शशि और सूर्य को आदित्य कहने का कारण बतलाते हुए स्पष्ट किया है कि ज्योतिष्कों के इन्द्र—चन्द्र का मृग (शश) के चिह्नवाला 'मृगाङ्क-विमान' है और सूर्य समय, आवलिका आदि से लेकर अवसर्पिणी-उत्सर्पिणी काल का आदि-कर्ता है। चन्द्र और सूर्य की अग्रमहिषियों और चन्द्र-सूर्य के कामभोगों की मानवीय कामभोगों के साथ तुलना भी यहाँ प्रस्तुत हुई है तथा अन्त में ८८ ग्रहों के नाम बताये गये हैं। इन प्राभृतों के भी अन्य लघु प्राभृतों के रूप में विभाजन हैं।

उपर्युक्त विषयों के अवलोकन से सहज ही यह अनुमान किया जा सकता है कि सूर्य-प्रज्ञप्ति के आयाम में न केवल सूर्य और उससे सम्बद्ध विषयों का ही इसमें विमर्श हुआ है, अपितु समग्र ज्योतिष्क-परिवार का प्रसंगानुसार सूक्ष्म एवं स्थूल विमर्श समावृत हो गया है। इतना ही नहीं, यहाँ प्राचीन ज्योतिष-सम्बन्धी मूल मान्यताओं का भी सङ्कलन आ गया है। इसमें चर्चित विषय अन्यान्य धर्मों के मान्य-ग्रन्थों में चर्चित विषयों से भी कुछ अंशों में साम्य रखते हैं।

९. सूर्य-प्रज्ञप्ति की निर्युक्ति एवं अन्य विवेचनाएँ

सूर्य-प्रज्ञप्ति के व्यापक विषय-विवेचन से प्रभावित होकर निर्युक्तिकार श्री भद्रबाहु ने दस आगमों पर निर्युक्तियों की रचना की थी, उनमें सूर्य-प्रज्ञप्ति भी थी। किन्तु दुर्भाग्य से अब वह अनुपलब्ध है। किन्तु आचार्य मलयगिरि की वृत्ति में इसका निर्देश हुआ है। उन्होंने यहाँ लिखा है "भद्रबाहुसूरि कृत निर्युक्ति का नाश हो जाने से मैं केवल मूल सूत्र का ही व्याख्यान करूँगा।" इसके बीच के काल में भाष्य और चूर्णियाँ भी लिखी गईं किन्तु सूर्य-प्रज्ञप्ति पर किसी ने लिखा हो, ऐसा कोई प्रमाण नहीं मिलता।

आचार्य मलयगिरि का स्थितिकाल १५वीं शती माना जाता है। इनके द्वारा लिखे गये ग्रन्थों में "सूर्यप्रज्ञप्त्युपाङ्ग टीका" ९५०० श्लोक प्रमाण उपलब्ध होती है। इसी का अपरनाम "सूर्यप्रज्ञप्तिवृत्ति" प्रचलित है। आचार्य ने यहाँ प्रारम्भ में मिथिला नगरी, मणिभद्र चैत्य, जितशत्रु राजा, धारिणी देवी और भगवान् महावीर का साहित्यिक वर्णन किया है। तदनन्तर गणधर इन्द्रभूति गौतम का वर्णन है। वैसे सूर्यप्रज्ञप्ति के बीसों प्राभृतों का विवेचन मननीय है और उसमें यत्र-तत्र विशिष्ट चिन्तन, आलोचना एवं स्वमत-निरूपण को भी स्थान दिया है।

यद्यपि अधिकांश आचार्य, जिन्होंने आगम-ग्रन्थों पर भाष्य, निर्युक्ति, चूर्णि या टीकाएँ लिखने में पर्याप्त उदारता व्यक्त की है, परन्तु सूर्य-चन्द्र सम्बन्धी प्रज्ञप्तियों पर प्रायः नहीं लिखा है। इसका एक कारण यह प्रतीत होता है कि सीधे अध्यात्म एवं आचार-उपासना जैसे विषयों के प्रति उनकी रुचि विशेष रही होगी। अथवा यह भी कहा जा सकता है कि इन प्रज्ञप्तियों के विषय विज्ञान के अतिनिकट होने से क्लिष्ट जानकर छोड़ दिये हों।

उत्तरकाल में कुछ आचार्यों ने इस कमी को समझा और पुनः इस पर टीका लिखने का उपक्रम किया। इनमें स्थानकवासी आचार्य मुनि धर्मसिंहजी (१८वीं शती) ने "सूर्य-प्रज्ञप्ति के यन्त्र" निर्मित किये और इसी परम्परा के अन्य आचार्य श्री घासीलालजी महाराज ने ३२ आगमों पर जो संस्कृत भाषा में टीकाएँ लिखी हैं उनमें सूर्य-प्रज्ञप्ति पर "प्रमेयबोधिनी" /सूर्य प्रज्ञप्ति-प्रकाशिका नामक टीका/व्याख्या महत्त्वपूर्ण है। इसमें आचार्य श्री ने मूलसूत्र की संस्कृत छाया और संस्कृत व्याख्या की है। इसका हिन्दी और गुजराती भाषा में अनुवाद दो भागों में प्रकाशित भी हुआ है, जिसका नियोजन पण्डित मुनि श्री कन्हैयालालजी ने किया है। हिन्दी और गुजराती अनुवादकर्ताओं का नामोल्लेख नहीं हुआ है। आचार्य श्री अमोलकऋषिजी ने भी प्रज्ञप्ति का हिन्दी अनुवाद किया है इसका प्रकाशन हैदराबाद से हुआ है तथा और भी कुछ विद्वान् आचार्यों ने इस पर विवेचन किये हैं।

सूर्य-प्रज्ञप्ति के सम्बन्ध में देश-विदेश के विचारक मनीषियों ने भी बहुत से अभिमत भिन्न-भिन्न लेखों में व्यक्त किये हैं। भारतीय ज्योतिष के क्षेत्र में बहुमान्य वराहमिहिर[1] निर्युक्तिकार भद्रबाहु के भ्राता थे, उन्होंने अपने ग्रन्थ "वराहसंहिता" में सूर्य-प्रज्ञप्ति के कतिपय विषयों को आधार बनाकर उन पर लिखा है। इसी प्रकार प्रसिद्ध ज्योतिर्विद भास्कर ने सूर्य-प्रज्ञप्ति की कुछ मान्यताओं को लेकर अपने खण्डनात्मक विचार व्यक्त किये हैं जो "सिद्धान्तशिरोमणि" ग्रन्थ में द्रष्टव्य हैं। इसी प्रकार ब्रह्मगुप्त ने "स्फुट-सिद्धान्त" ग्रन्थ में भी खण्डन का आधार बनाया है। किन्तु इस युग में वैदेशिक विद्वानों ने सूर्य-प्रज्ञप्ति के महत्त्व को स्वीकार करते हुए इसे विज्ञान का ग्रन्थ माना है, डॉ. विन्टरनित्ज उनमें प्रथम हैं। डॉ. शुब्रिंग ने तो यहाँ तक कहा है कि "सूर्य-प्रज्ञप्ति के अध्ययन के बिना भारतीय ज्योतिष के इतिहास को सही रूप से नहीं समझा जा सकता।" बेबर ने सन् १८६८ में "उबेर डी सूर्य-प्रज्ञप्ति" नामक निबन्ध प्रकाशित किया था। डॉ. सिबो ने "ऑन द सूर्य-प्रज्ञप्ति" नामक अपने शोधपूर्ण लेख में ग्रीक लोगों के भारतवर्ष में आगमन से पूर्व वहाँ "दो सूर्य और दो चन्द्र" का सिद्धान्त सर्वमान्य था, ऐसा प्रतिपादित किया है तथा उन्होंने अतिप्राचीन ज्योतिष के वेदांग ग्रन्थ की मान्यताओं के साथ सूर्य-प्रज्ञप्ति के सिद्धान्तों की समानता भी बतलाई है।

१०. प्रस्तुत प्रकाशन और कुछ प्रश्न : कुछ समाधान

उपर्युक्त "सूर्य-प्रज्ञप्ति" की गरिमा से स्वतः सिद्ध हो जाता है कि ऐसे ग्रन्थ का सर्वाधिक स्वाध्याय हो, मनन हो और गम्भीरता-पूर्वक इसमें वर्णित विषयों का स्व-पर कल्याण की दृष्टि से पुनः पुनः विचार हो। सम्भवतः इसी कल्याणमयी भावना से इसका प्रकाशन किया गया है, जो कि अभिनन्दनीय है।

यद्यपि यह ग्रन्थ मूल रूप में ही प्रकाशित है किन्तु इसके सम्पादनकर्ता मुनि श्री कन्हैयालालजी "कमल" ने परिश्रमपूर्वक इसके पाठों को विशुद्धरूप में प्रकाशित करने का प्रयास किया है। साथ ही पाद-टिप्पणियों में अनेक प्रश्नों को भी उठाया है तथा उनके समुचित समाधानों की कामना भी की है। मैंने जब इसका अवलोकन किया

---

१. द्रष्टव्य, गच्छाचार की वृत्ति.

तो मेरे मन में भी कुछ प्रश्न उभर आये। उन सबका क्रमिक विचार भी यहाँ प्रस्तुत करना अनुचित न होगा। यहाँ उन प्रश्नों की उपस्थापना के साथ ही उनके यथोपलब्ध समाधान भी प्रस्तुत हैं :

प्रश्न १. सूर्यप्रज्ञप्ति ग्रन्थ वस्तुतः खण्डित है फिर यह ग्रन्थ कैसे पूर्ण हुआ ?

समाधान : ऐसा कहा जाता है कि इसके पाठों में और चन्द्रप्रज्ञप्ति के पाठों में प्रायः साम्य है। अतः पूर्वाचार्यों ने ही इसे परस्पर पाठानुसंधान द्वारा वर्तमान रूप दिया है।

प्रश्न २. वर्तमान सूर्यप्रज्ञप्ति के मूलपाठों में अब भी पाठान्तर क्यों हैं ? यह स्थिति इस संस्करण से पूर्व प्रकाशित "सूर्यप्रज्ञप्ति" ग्रन्थों से मिलाने से स्पष्टतः प्रतीत हो जाती है। जैसे प्रारम्भ में "वीरस्तुति" नहीं दी है। कहीं गद्यपाठ में कुछ अंश त्याग दिये हैं तो यत्र-तत्र पाठगत शब्दों में व्यत्यय भी हुआ है, आदि।

समाधान : सम्भवतः यह इसलिए किया गया होगा कि सम्पादक-वर्ग को ऐसी अन्य पाण्डुलिपियाँ उपलब्ध हुई हों। साथ ही उपाचार्य श्री देवेन्द्रमुनि शास्त्री के शब्दों में यह भी सम्भव है कि जैन आगम "शब्द" की अपेक्षा "अर्थ" को अधिक महत्त्व देते हैं। वेदों की तरह शब्दवादी नहीं हैं। अतः ऐसा पाठभेद हुआ होगा। एक यह भी कारण हो सकता है कि स्थविरों के द्वारा संग्रह होने के पश्चात् इनकी जो भिन्न-भिन्न कालों में वाचनाएँ हुई हैं, उनमें वैसी व्यवस्था हुई हो।

प्रश्न ३. इस ग्रन्थ में एक और महत्त्वपूर्ण प्रश्न है नक्षत्र-भोजन में मांसादि के भोजन का ? यह जैनधर्म के सर्वथा प्रतिकूल कथन इसमें कैसे आया ?

समाधान : इस सम्बन्ध में भिन्न-भिन्न समाधान प्राप्त होते हैं। यथा —

१. यह पाठ प्रक्षिप्त है। २. इस पाठ से पूर्व और भी कुछ पाठ था, जो विच्छिन्न हो गया है। ३. इस सम्बन्ध में आगमप्रभाकर पुण्यविजयजी का अभिमत था कि "इसके पहले के कुछ वाक्य खण्डित हो गये हैं, जिनमें यह भगवान् महावीर के द्वारा कथित न होकर किसी प्रश्न के उत्तर में उद्धरण के रूप में अन्य मतों का प्रदर्शन किया गया है।[1] ४. अन्य आचार्यों का कथन है कि यहाँ प्रयुक्त "मांस" शब्द का अर्थ प्राण्यङ्ग मांस नहीं है, अपितु यह अत्यन्त प्राचीनकाल में प्रयुक्त होने वाले अर्थ "वनस्पतिजनित फल, मेवा" आदि के अर्थ में व्यवहृत है। इसी प्रकार मांस के पर्यायवाची अन्य शब्द "पिशित, तरस्, पलल, क्रव्य और आमिष" शब्द भी प्राण्यङ्गजन्य मांस के सूचक न होकर अन्य अर्थों के ही सूचक हैं। अमरकोष के टीकाकार भानुजी दीक्षित ने जो धातुप्रत्यय जनित शब्द की व्युत्पत्ति दी है, उससे "पिशित = अवयववान्, तरस = बलवान्, मांस = मानकारक, पलल = गमनकारक, क्रव्य = भयकारक अथवा गतिकारक और आमिष = किंचित् स्पर्धाकारक अथवा सेचन अर्थ का ही प्रतिपादन होता है। कोशकारों के अतिरिक्त आयुर्वेद के ग्रन्थों में भी ऐसे अनेक शब्दों को वनस्पतियों के अर्थों में ही प्रयुक्त किया है। ५. वेद, ब्राह्मण, उपनिषद् और अन्य संहिता-ग्रन्थों में भी ऐसे मांसादि शब्दों के प्रयोग निर्विवादरूप से प्राण्यङ्गजनित मांस के लिए कदापि प्रयुक्त नहीं हैं। ६. तन्त्रग्रन्थों में भी यही स्थिति है। वहाँ ऐसे शब्दों को वस्तुतः आध्यात्मिक अर्थों में ही सूचित किया है किन्तु वामाचार के नाम पर जिह्वालोलुपवर्ग अपनी लिप्साओं के अनुसार अर्थ करके विकृतमार्ग का अनुसरण करते हैं। प्राचीन महर्षियों की कथन-पद्धति का वास्तविक तथ्य एवं प्रक्रिया का पारम्परिक बोध न होने से मनमाना अर्थ लगाकर समाज में दूषण फैलाने वाले अथवा आक्षेपसिद्धि के लिये दुर्वृत्ति के लोग ऐसा करते हैं।

---

१. यह बात उपाचार्य श्री देवेन्द्रमुनि शास्त्रीजी ने कही थी, जबकि उन्होंने इसके लिये स्वयं आगमप्रभाकरजी से पूछा था।

"जैन-साहित्य में प्रयुक्त मांस-मत्स्यादि शब्दों के वास्तविक अर्थ" आधुनिक व्यवहार में प्रचलित अर्थ कथमपि नहीं हैं, यह निश्चित है। इस तथ्य को "मानव-भोज्य-मीमांसा" ग्रन्थ के द्वितीय प्रकरण में अत्यन्त विस्तार से पंन्यास श्री कल्याणविजयजी गणी ने स्पष्ट किया है। प्रसिद्धार्थ और अप्रसिद्धार्थ का विवेक नहीं रखने से ही अल्पज्ञ वर्ग ऐसी दुर्भावनाएँ फैलाते हैं। सूर्य-प्रज्ञप्ति में "नक्षत्र-भोजन" की बात नक्षत्रों के दोष से मुक्त होने के लिये उनकी तुष्टि करने वाले पदार्थों के भोजन से सम्बन्ध है। ज्योतिषशास्त्र में वारदोष, तिथिदोष, ग्रहदोष, शकुनदोष, दुर्योग आदि की निवृत्ति के लिये ऐसे उपाय बहुधा दिखाये गये हैं, उन्हीं को यहाँ भी उदाहरण के रूप में प्रसङ्गपूर्वक संक्षेप में दिया होगा। यह धारण अवश्य ही स्वीकरणीय है।

"मुहूर्त-चिन्तामणि" में भी ऐसे नक्षत्रों के दोष से छुटकारा पाने के लिये खाद्य-वस्तुओं का कथन हुआ है। उनमें भी "मांस" शब्द प्रयुक्त है। किन्तु उसके प्रसिद्ध टीकाकार गोविन्द ज्योतिर्विद् ने अपनी "पीयूषधारा" टीका में स्पष्ट लिखा है कि —"नक्षत्रदोहदं कुलाचारनित्यादिकमिदं भक्ष्याभक्ष्यं वर्णभेदेन देशभेदेन वा भक्ष्यमेतदभक्ष्यमिति विचार्य भक्ष्यसम्भवे भक्षयेत्, अभक्ष्यसम्भवे आलोकयेत् पश्येत् स्पृशेद वेत्यपि ध्येयम्। (पृ० ३९०, निर्णयसागर बम्बई प्रकाशन)। इसका सारांश यह है कि —"नक्षत्रदोहद के पालन में वर्णभेद और देशभेद के आधार पर भक्ष्याभक्ष्य का विचार करके जैसा उचित हो वह करे। यदि भक्ष्य न हो तो उसको देखे अथवा स्पर्श करे" वहीं नारद के किसी ग्रन्थ का तथा वसिष्ठ, कश्यप, श्रीपति और भट्ट उत्पल द्वारा भी नक्षत्र-दोहद कथन का संकेत दिया है। अपने कथन के प्रमाण में टीकाकार ने "गुरु" के वचनों को उद्धृत करते हुए बतलाया है कि --"अत्र यदभक्ष्यं दुष्प्राप्यं वा तत् स्मृत्वा दृष्ट्वा दत्त्वा गन्तव्यमित्याह गुरुः।" इससे स्पष्ट है कि ये दोहद-भक्ष्य जनसाधारण को लक्ष्य में रखकर सूचित किये थे और उनमें विवेक को प्रधानता दी थी।

आचार्य श्रीमलयगिरि ने इस प्रसंग की व्याख्या में सामान्य अर्थ के रूप में "कृत्तिका में प्रारब्ध कार्य निर्विघ्न सिद्ध हो, तदर्थ दधिमिश्रित ओदन का भोजन किया जाता है" इतना कहकर "शेष सूत्रों में देखें" कह दिया है।

आचार्य श्री घासीलालजी महाराज ने अपनी व्याख्या प्रमेय-बोधिनी में (दशम प्राभृत के सत्रहवें प्राभृत-प्राभृत में) "नामैकदेशग्रहणेन नामग्रहणं भवतीति नियमात्" कहकर "वृषभमांस से अतूरे का सार अथवा चूर्ण ग्राह्य है" ऐसा बतलाया है तथा मृगमांस का अर्थ इन्द्रावरुणी वनस्पति, दीपकमांस = अजवाइन का चूर्ण, मण्डूकमांस = मण्डूकपर्णी का चूर्ण, नखीमांस = वाघनखी का चूर्ण, वराहमांस = वाराहीकन्द का चूर्ण, जलचरमांस = जलचर कुम्भिका का चूर्ण, तिन्तिणीकमांस = इमली का चूर्ण ऐसे अर्थ स्पष्ट किये हैं।[1]

आचार्य श्री अमोलकऋषिजी ने भी अपनी व्याख्या में ऐसे ही अर्थों को व्यक्त किया है, जिसकी तालिका इस प्रकार है—

नक्षत्र-भोजन-तालिका

१. कृत्तिका	दही	दधि
२. रोहिणी	वसहमंस	घृत
३. मिगसिर	मिगमंस	कस्तूरी
४. आर्द्रा	णवणीय	नवनीत (मक्खन)

१. द्रष्टव्य, टीका ग्रन्थ, पृ. १०४८ से १०५२ तक। श्री सूर्यप्रज्ञप्तिसूत्रम् (प्रथम भाग), अ. भा. श्वे. स्था. जैन शास्त्रोद्धार समिति, अहमदाबाद से प्रकाशित।

५. पुनर्वसु	घय	घृत
६. पुष्य	खीर	
७. अश्लेषा	दीवगमंस	कच्चसिग अथवा कमल
८. मघा	कक्कारि	केशर (?) अथवा केसार
९. पूर्वाफाल्गुनी	मेहगमंस	एलायची अथवा आलू
१०. उत्तराफाल्गुणी	णक्खिमंस	लसूणकंद अथवा आलू
११. हस्त	वत्थाणिएग	सिंघाड़ा
१२. चित्रा	मगसूए	मूंग की दाल
१३. स्वाति	फल	
१४. विशाखा	आलिसिया	आठली अथवा शाक
१५. अनुराधा	मासा करेण	मिथ कुरो धान्य
१६. ज्येष्ठा	कोलट्ठिय	कोला-कद्दू
१७. मूल	मूलक	मूली अथवा मोगरे का शाक
१८. पूर्वाषाढा	आमलग	आंवला
१९. उत्तराषाढा	बिल्ल	बिल्व फल अथवा पक्का नीबू
२०. अभिजित	पुप्फ	पुष्प
२१. श्रवण	खीर	
२२. धनिष्ठा	जूस	करेला अथवा सक्कर कोला
२३. शतभिषा	तुम्बरात	तूंबा
२४. पूर्वाभाद्रपदा	कारियए	करेला
२५. उत्तरभाद्रपदा	वराहमंस	कपूर
२६. रेवती	जलयरमंस	जलचर फूलन अथवा पानी
२७. अश्विनी	तित्तरमंस	सीताफल
२८. भरणी	तिल तंदुल	तिल्ली का तेल अथवा चावल

इस तरह अट्ठाईस नक्षत्रों के भोजन का विषय जैसा अन्य स्थान में देखने में आया है वैसा ही लिखा है। टीकाकार श्री मलयगिरि आचार्य ने इसकी टीका नहीं की है। तत्त्व केवलिगम्य।

—आचार्य अमोलकऋषि जी म.

आचार्य श्री हस्तीमलजी महाराज द्वारा सम्पादित—सूर्यप्रज्ञप्ति पा. १० अन्तरपाहुड-१७ पृ. २२०-२२३.

११. उपसंहार एवं कर्तव्य-बोध

इन सब विवेचनों के द्वारा हम एक ही निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि "विश्व की सर्वांश में सर्वज्ञ ही जानते हैं। बुद्धिजीवी जगत् इसकी समग्रता को पहचानने में सदैव अक्षम ही रहा है। दुर्विज्ञेय आधिभौतिक तत्त्वों का ज्ञान प्राप्त करने के लिए आधिदैविक और आध्यात्मिक भूमिकारूढ हुए बिना जीव-जगत् की जिज्ञासा पूर्ण नहीं हो सकती। अलौकिक तत्त्वोपलब्धि अथवा सत्य का साक्षात्कार, आगमों के द्वारा ही सम्भव है। यही कारण है कि विश्व-विद्याओं के निधान आगमों का प्रत्येक अक्षर सभी के लिए बहुमान्य है। सर्वज्ञ की वाणी होने से उसका प्रत्येक अंश सत्य है, श्रद्धेय है और उपास्य है और साथ ही यह भी ध्यातव्य है कि "आगम-साहित्य के वास्तविक तत्त्वों को समझने के उनके लिए मर्मज्ञ मनीषियों से पारम्परिक सम्प्रदायार्थ का ज्ञान प्राप्त करना चाहिये, तभी हम कुछ जान सकते हैं। सूर्य-प्रज्ञप्ति भी एक ऐसा ही आगम ग्रन्थ है, जिसके रहस्यार्थ का परिज्ञान आधुनिक परिभाषाओं

की अपेक्षा प्राचीन गाणितिक एवं खगोलीय परिभाषाओं को समझे बिना तुष-कुट्टन के समान ही निष्फल हो सकता है।

अन्त में मैं एक बात और कहना चाहता हूँ कि भारतीय संस्कृति के इन अपूर्व ग्रन्थ-रत्नों के चिरन्तन सत्य के परिचायक तत्त्वों की खोज में विद्वान् गवेषकों एवं चिन्तकों को जैन, वैदिक और बौद्ध परम्परा के ग्रन्थों का संयुक्त रूप से परिशीलन करना चाहिये, क्योंकि ये तीनों धाराएँ प्रारम्भ से ही एक ही लक्ष्य से बही हैं किन्तु बीच के साम्प्रातिक काल में कुछ तो स्वयं के दुराग्रहों से और कुछ पराये लोगों के बहकावे के कारण विशृंखलित हो गई हैं। जब तक परस्पर मिलकर एक-दूसरे की न्यूनताओं को पूर्ण नहीं किया जाएगा तब तक पूर्णता की प्राप्ति आकाश-पुष्प ही बनी रहेगी। अतः—

यूयं यूयं वयमिह वयं सर्वदैवं ब्रुवद्भि-
र्हन्ता हन्ताग्रह-निपतितैश्चंशितं नैव किं किम्।
सञ्चिन्त्यातः पुनरपि निजं स्वत्वमुद्धर्तुमार्या,
यूयं ये ते वयमिति मिथः स्वात्मना संवदन्तु॥

यही निवेदन है, कामना है और प्रार्थना है॥ॐ॥

विषयानुक्रम

प्रथम प्राभृत

प्रथम प्राभृतप्राभृत

वीरत्थुई ६
पंचपयवंदणं जोइसरायपण्णत्तिपरूवणपइण्णा य ३
पाहुडाणं विसयपरूवणं ४
पढमपाहुडगय अट्ठपाहुडपाहुडसुत्ताणं विसयपरूवणं ४
पढमपाहुडस्स पडिवत्तिसंखा ४
बितियपाहुडस्स विसयपरूवणं ४
" पडिवत्तिसंखा ४
दसमे पाहुडे बावीसं पाहुडपाहुडाणं विसयपरूवणं ५
मासस्स मुहुत्ताणं वड्ढीऽवड्ढी ५
सव्वसूरमंडलमग्गे सूरस्स गमणागमणे राइंदियप्पमाणं ६
सूरमंडलेसु सूरस्स सइं दुक्खुत्तो वा चारं ६
आइच्चसंवच्छरे अहोरत्तप्पमाणं ८
उपसंहारसुत्तं

द्वितीय प्राभृतप्राभृत

सूरस्स दाहिणा अद्धमंडलसंठिई ९
सूरस्स उत्तरा अद्धमंडलसंठिई १०

तृतीय प्राभृतप्राभृत

सूरियाणं संचरण-खेत्तं १३

चतुर्थ प्राभृतप्राभृत

सूरियाणं अण्णमण्णस्स अंतरचारं १५

पंचम प्राभृतप्राभृत

सूरस्स दीवसमुद्द-अवगाहणाणंतरं चारं १८

षष्ठ प्राभृतप्राभृत

सूरस्स एगमेगे राइंदिए मंडलाओ मंडलसंकमणखेत्तचारं २१

सप्तम प्राभृतप्राभृत

चंद-सूरमंडल-संठिई २४

अष्टम प्राभृतप्राभृत

सूरस्स सव्वमंडलाणं बाहल्लं आयाम-विक्खंभ-परिक्खेवं च २५
सव्वसूरमंडलाणं बाहल्ल अंतरं अद्धापमाणं च २८

द्वितीय प्राभृत

प्रथम प्राभृतप्राभृत
सूराणं तेरिच्छगई ३०

द्वितीय प्राभृतप्राभृत
सूरस्स मंडलाओ मंडलान्तरसंकमणं ३२

तृतीय प्राभृतप्राभृत
सूरस्स मुहुत्तगइपमाणं ३३

तृतीय प्राभृत

चंदिम-सूरियाणं ओभासखेत्तं उज्जोयखेत्तं पगासखेत्तं च ३८

चतुर्थ प्राभृत

सेयाते संठिई ४१
चंदिम-सूरियसंठिई ४१
सूरियस्स तावक्खेत्तसंठिती ४३
तावक्खेत्तसंठिइए बाहाओ ४४

पंचम प्राभृत

सूरियस्स लेस्सापडिघायगा पव्वता ४८

षष्ठ प्राभृत

सूरियस्स ओयसंठिई ५१

सप्तम प्राभृत

सूरिएण पगासिया पव्वया ५६

अष्टम प्राभृत

सूरस्स उदयसंठिई ५७
वासा उउ ६३
हेमंत उउ ६३
गिम्ह उउ ६४
अयणाइ ६४
उस्सप्पिणी-ओसप्पिणी ६५
लवणसमुद्दो ६५
धायइसंडो ६५
अब्भंतरपुक्खरद्धो ६६

नवम प्राभृत

पोरिसिच्छायनिव्वत्तणं ६७
पोरिसिनिवत्तणं ६७
पोरिसिपमाणं ७१

दशम प्राभृत

प्रथम प्राभृतप्राभृत

णक्खत्ताणं आवलिया-णिवायजोगो य ७४

द्वितीय प्राभृतप्राभृत

णक्खत्ताणं चंदेण जोगकालो ७५

णक्खत्ताणं सूरेण जोगकालो ७६

तृतीय प्राभृतप्राभृत

णक्खत्ताणं पुव्वाइभागा खेत्त-कालप्पमाणं च ७७

चतुर्थ प्राभृतप्राभृत

णक्खत्ताणं चंदेण जोगारंभकालो ७८

पंचम प्राभृतप्राभृत

णक्खत्ताणं कुलोवकुलाइं ८५

षष्ठ प्राभृतप्राभृत

दुवालसासु पुण्णमासिणीसु कुलाइ-णक्खत्त-जोगसंखा ८७

दुवालसासु अमावासासु णक्खत्तजोगसंखा ९०

दुवालसासु अमावासासु कुलाइ-णक्खत्त-जोगसंखा ९१

सप्तम प्राभृतप्राभृत

दुवालस पुण्णिमासु अमावासासु य चंदेण-णक्खत्तसंजोगो ९४

अष्टम प्राभृतप्राभृत

णक्खत्ताणं संठाणं ९५

नवम प्राभृतप्राभृत

णक्खत्ताणं तारग्गसंखा ९८

दशम प्राभृतप्राभृत

वास-हेमंत-गिम्ह-राइंदियाणं १०३

ग्यारहवां प्राभृतप्राभृत

चंदमग्गो णक्खत्तजोगसंखा १०७

रवि-ससि-णक्खत्तेहिं अविरहियाणं, विरहियाणं सामण्णाण य चंदमंडलाणं संखा १०८

बारहवां प्राभृतप्राभृत

णक्खत्ताणं देवया ११०

तेरहवां प्राभृतप्राभृत

मुहुत्ताणं णामाइं ११३

चौदहवां प्राभृतप्राभृत

दिवसराईणं णामाइं ११४

पन्द्रहवां प्राभृतप्राभृत
तिहीणं णामाइं ११५
सोलहवां प्राभृतप्राभृत
णक्खत्ताणं गोत्ता ११६
सत्तरहवां प्राभृतप्राभृत
णक्खत्ताणं भोयणं कज्जसिद्धी य ११९
अठारहवां प्राभृतप्राभृत
एगे जुगे आदिच्च-चंदचारसंखा १२१
उन्नीसवां प्राभृतप्राभृत
एगसंवच्छरस्स मासा १२२
बीसवां प्राभृतप्राभृत
संवच्छराणं संखा लक्खणं च १२३
लक्खणसंवच्छरस्स भेया १२४
इक्कीसवां प्राभृतप्राभृत
णक्खत्ताणं दाराइं १२५
बाबीसवां प्राभृतप्राभृत
णक्खत्ताणं सरूवपरूवणं १२८
णक्खत्तमंडलाणं सीमाविक्खंभो १३०
णक्खत्ताणं चंदेण जोगो १३१
चंदस्स पुण्णिमासिणीसु जोगो १३२
सूरस्स पुण्णिमासिणीसु जोगो १३३
चंदस्स अमावासासु जोगो १३४
सूरस्स अमावासासु जोगो १३५
पुण्णिमासिणीसु चंदस्स य सूरस्स य णक्खत्ताणं जोगो १३६
अमावासासु चंदस्स य सूरस्स य णक्खत्ताणं जोगो १३७
चंदेण च सूरेण य णक्खत्ताणं जोगकालो १३८
चंद-सूर-गह-णक्खत्ताणं गइसमावण्णत्तं १३९
चंद-सूर-गह-णक्खत्ताणं जोगो १३९

ग्यारहवां प्राभृत

पंचण्हं संवच्छराणं पारंभ-पज्जवसाणकालं, चंद-सूराण-णक्खत्तसंजोगकालो च १४१
पढमं चंदसंवच्छरं १४१
बितियं चंदसंवच्छरं १४१
ततियं अभिवड्ढियं संवच्छरं १४२
चउत्थं चंदसंवच्छरं १४२
पंचमं अभिवड्ढियं संवच्छरं १४३

बारहवां प्राभृत

पंचण्हं संवच्छराणं मासाणं च राइंदियमुहुत्तप्पमाणं १४४
पढमं णक्खत्तसंवच्छरं १४४
बितियं चंदसंवच्छरं १४४
ततियं उडुसंवच्छरं १४५
चउत्थं आइच्चसंवच्छरं १४५
पंचमं अभिवड्ढियसंवच्छरं १४६
एगस्स जुगस्स अहोरत्त-मुहुत्तप्पमाणं १४६
पंचण्हं संवच्छराणं पारंभ-पज्जवसाणकालस्स समत्तपरूवणं १४७
उडूणं णामाइं कालप्पमाणं च १४८
अवम-महरित्तरत्ताणं संखा हेऊ च १४८
वासिकियासु आवट्टियासु चंदेण सूरेण य णक्खत्तजोगकालो १४९
हेमंतियासु आवट्टियासु चंदेण सूरेण य णक्खत्तजोगकालो १५०
जोगाणं चंदेण सद्धिं जोग-परूवणं १५१

तेरहवां प्राभृत

चंदमसो कट्ठोऽवड्ढी १५२
एगमुगे पुण्णिमासिणीओ अमावासाओ १५२
चंदाइच्च अद्धमासे चंदाइच्चाणं मंडलचारं १५३
पढमे चंदायणे १५३
दोच्चे चंदायणे १५४
तच्चे चंदायणे १५५

चौदहवां प्राभृत

वीसिया अंधयारस्स य बहुलकारणं १५७

पन्द्रहवां प्राभृत

चंद-सूर-गह-णक्खत्त-ताराणं गइपरूवणं १५८
चंद-सूर-णक्खत्ताणं विसेसगइपरूवणं १५९
चंदस्स णक्खत्ताण य जोगगइपरूवणं १५९
चंदस्स गहाण य जोग-गइकालपरूवणं १५९
सूरस्स णक्खत्ताण य जोग-गइकालपरूवणं १६०
सूरस्स गहाण य जोग-गइकालपरूवणं १६०
क—णक्खत्तमासे चंदस्स सूरस्स णक्खत्तस्स य मंडलचारं १६०
ख—चंदमासे चंदस्स सूरस्स णक्खत्तस्स य मंडलचारं १६०
ग—उडुमासे चंदस्स सूरस्स णक्खत्तमासस्स य मंडलचारं १६१
घ—आइच्चमासे चंदस्स सूरस्स णक्खत्तस्स य मंडलचारं १६१
ङ—अभिवड्ढियमासे चंदस्स सूरस्स णक्खत्तस्स य मंडलचारं १६१
एगमेगे अहोरत्ते चंद-सूर-णक्खत्ताणं मंडलचारं १६१
एगमेगे मंडले चंद-सूर-णक्खत्ताणं अहोरत्ते चारं १६२
एगमेगजुगे चंद-सूर-णक्खत्ताणं मंडल चारं १६२

सोलहवां प्राभृत

दोसिणाइयाणं लक्खणा १६१

सत्तरहवां प्राभृत

चंद-सूरियाणं चवणोववाया १६४

अठारहवां प्राभृत

चंदाइच्चाईणं भूमिभागाओ उड्ढत्तं १६७
ताराणं अणुत्ते तुल्लत्ते कारणाइं १६८
चंदस्स गह-णक्खत्त-ताराणं परिवारो १६९
मंदरपव्वयाओ जोइसचारं १७०
लोअंताओ जोइसठाणं १७०
णक्खत्ताणं अब्भंतराइं चारं १७०
चंद-सूर-गह-णक्खत्तविमाणाणं संठाणाइं १७१
चंद-सूर-गह-णक्खत्त-तारा-विमाणाणं आयाम-विक्खंभ-परिक्खेव-बाहिल्लाइं १७२
चंद-सूर-गह-णक्खत्त-ताराणं विमाणपरिवहणं १७३
जोइसियाणं सिग्घ-मंदगइपरूवणं १७७
जोइसियाणं अप्प-महिड्ढिपरूवणं १७७
ताराणं अबाहा अंतरपरूवणं १७७
चंदस्स अग्गमहिसीओ देवीपरिवार विउव्वणा य १७८
सूरस्स अग्गमहिसीओ देवीपरिवार विउव्वणा य १७९
जोइसियाणं देवाणं ठिई १७९
जोइसियाणं अप्पबहुत्तं १८०

उन्नीसवां प्राभृत

चंद-सूर-गह-णक्खत्त-ताराणं परिमाणं १८१
जम्बुद्दीवो-जंबुद्दीवे जोइसियपरिमाणं १८२
लवणसमुद्दो १८२
धायईसंडदीवे १८३
कालोए समुद्दे १८४
पुक्खरवरदीवे १८६
माणुसुत्तरे पव्वए १८७
अब्भिंतर-पुक्खरद्धे १८७
समयखेत्ते १८८
अंतोमणुस्सखेत्ते जोइसियाणं उड्ढोववण्णगाइपरूवणं १९२
पुव्वपुंदस्स चवणाणंतरं अण्णइंदस्स उववज्जणं १९२
माणुसखेत्तस्स बहिया जोइसियाणं उड्ढोववण्णगाइपरूवणं १९३
लेसाणं दीव-समुद्दाणं आयामाइ १९३

बीसवाँ प्राभृत

चंदिम-सूरियाणं अणुभावो	१९७
राहु-कम्मपरूवणं	१९८
राहुस्स णव णामाइं	१९९
राहुस्स विमाणा पंचवण्णा	१९९
राहुस्स दुविहत्तं	२००
चंदस्स ससी-अभिहाणं	२०१
सूरस्स आइच्चाभिहाणं	२०१
चंद-सूराई णं काम-भोगपरूवणं	२०१
[illegible]	२०४
संगहणीगाहाओ	२०५
उवसंहारो	२०६
सुयधरिसणीयं चंदपण्णत्तिसुत्तं	२०७
परिशिष्ट	
श्री सूर्य-चन्द्रप्रज्ञप्तिसूत्र का गणितविभाग	२१०
सूर्यप्रज्ञप्ति सूत्र २० व २४ का परिशिष्ट	२३९

प्रथम प्राभृत

[प्रथम प्राभृतप्राभृत]

थोरत्थुई

जयइ नव-नलिण-कुवलय, विअसिय-सयवत्त-पत्तल-दलच्छो ।।
वीरो गइंद-मयंगल, सललिय-गयविक्कमो भयवं ।। १ ।।

पंच-पय-वंदणं जोइसगणराय-पण्णत्ति-परूवण-पइण्णा य

नमिऊण असुर-सुर-गरुल-भुयंग-परिवंदिए गयकिलेसे ।।
अरिहे सिद्धायरिय-उवज्झाए सव्वसाहू य ।। २ ।।

फुड-वियड-पागडत्थं, वुच्छं पुव्व-सुय-सार-णिस्संदं ।।
सुहुमं गणिणोवइट्ठं, जोइसगणराय-पण्णत्तिं ।। ३ ।।

नामेण "इंदभूइ" त्ति, गोयमो वंदिऊण तिविहेणं ।।
पुच्छइ जिणवरवसहं, जोइसरायस्स पण्णत्तिं ।। ४ ।।

१-२. तेणं कालेणं तेणं समएणं "मिहिला" णामं णयरी होत्था, वण्णओ ।

तीसे णं मिहिलाए णयरीए बहिया उत्तरपुरत्थिमे दिसिभाए, एत्थ णं "माणिभद्दे" णामं चेइए होत्था, वण्णओ ।

तीसे णं मिहिलाए "जिएसत्तू" राया परिवसइ, वण्णओ ।

तस्स णं जियसत्तुस्स रण्णो "धारिणी" णामं देवी होत्था, वण्णओ ।

तेणं कालेणं, तेणं समएणं तंमि माणिभद्दे चेइए सामी समोसढे, वण्णओ ।

[क] परिसा निग्गया, धम्मो कहिओ ।

[ख] परिसा पडिगया ।

[ग] राया जामेव दिसिं पाउब्भूए, तामेव दिसिं पडिगए ।

तेणं कालेणं, तेणं समएणं समणस्स भगवओ महावीरस्स जेट्ठे अंतेवासी "इंदभूई" णामं अणगारे जाव पंजलिउडे पज्जुवासमाणे एवं वयासी—

बीस पाहुडाणं विसयपरूवणं

३. गाहाओ—१. कइ मंडलाइ वच्चइ, २. तिरिच्छा किं च गच्छइ ॥
३. ओभासइ केवइयं, ४. सेयाइ किं ते संठिई ॥ १ ॥
५. कहिं पडिहया लेसा, ६. कहिं ते ओयसंठिई ॥
७. के सूरियं वरयंति, ८. कहं ते उदयसंठिई ॥ २ ॥
९. कइ कट्ठा पोरिसिच्छाया, १०. जोके किं ते व आहिए ॥
११. किं ते संवच्छरेआइं, १२. कहं संवच्छराइ य ॥ ३ ॥
१३. कहं चंदमसो वुड्ढी, १४. कया ते दोसिणा बहू ॥
१५. के सिग्घगई वुत्ते, १६. कहं दोसिण-लक्खणं ॥ ४ ॥
१७. चयणोववाय, १८. उच्चत्ते, १९. सूरिया कह आहिया ॥
२०. अणुभावे के व संवुत्ते, एवमेयाइं वीसई ॥ ५ ॥

पढमपाहुडगय अट्ठपाहुडपाहुडसुत्ताणं विसयपरूवणं

४. गाहाओ—१. वड्ढी वड्ढी मुहुत्ताण, २. मंडलसंठिई ॥
३. के ते खिण्णं परियरइ, अंतरं किं चरंति य ॥ १ ॥
५. ओगाहइ केवइयं, ६. केवइयं च विकंपइ ॥
७. मंडलाण य संठाणे, ८. विक्खंभो-अट्ठ पाहुडा ॥ २ ॥

पढमपाहुडस्स पडिवत्तिसंखा

५. गाहा — ४. छ, ५. पंच य, ६. सत्तेव य, ७. अट्ठ, ८. तिन्नि य हवंति पडिवत्ती ॥
पढमस्स पाहुडस्स, हवंति एयाउ पडिवत्ती ॥ १ ॥

बितियपाहुडस्स विसय-परूवणं

६. गाहाओ– पडिवत्ताओ उदए, तह अत्थमणेसु य ॥
२. भेयग्घाए कण्णकला, ३. मुहुत्ताणं गती ति य ॥ १ ॥
निक्खममाणे सिग्घगई, पविसंते मंदगई हय ॥
चुलसीइ सयं पुरिसाणं, तेसिं च पडिवत्तीओ ॥ २ ॥

पडिवत्तिसंखा

गाहा—१. उदयंमि अट्ठ भणिया, २. भेयग्घाए दुवे य पडिवत्ती ॥
३. चत्तारि मुहुत्तगईए, हुंति तइयंमि पडिवत्ती ॥ ३ ॥

दसमे पाहुडे बावीसं पाहुड-पाहुडाणं विसयपरूवणं

७. गाहाओ--१. आवलिय, २. मुहुत्तग्गो, ३ एवं भागा य, ४. जोगस्स ॥
५. कुलाइं, ६. पुण्णमासी य, ७. सन्निवाए य ८. संठिई ॥ १ ॥
९. तारग्गं, च, १०. नेता य, ११. चंदमग्गत्ति, यावरे ॥
देवता य अज्झयणे, १३. मुहुत्ताणं नामाइ य ॥ २ ॥
१४. दिवसा-राइवुत्ता य, १५. तिहिं, १६. गोत्ता, १७. जोयणाणि य ॥
१९. आइच्चचार, १९. मासा य, २०. पंच संवच्छराइ य ॥ ३ ॥
२१. जोइस्स य, दाराइं, २२. नक्खत्ता विजये वि य ॥
दसमे पाहुडे एए, बावीसं पाहुड-पाहुडा ॥ ४ ॥

"मासस्स" मुहुत्ताणं वड्ढोऽवड्ढी

८. ता कहं ते वड्ढोऽवड्ढी मुहुत्ताणं आहिए त्ति, वदेज्जा ?

ता अट्ठ एगूणवीसे मुहुत्तसए सत्तावीसं च सट्ठिभागे मुहुत्तस्स आहिए त्ति वदेज्जा ।[1]

---

१. (क) मुहूर्तों की हानि-वृद्धि का यह सूत्र यहाँ कैसे दिया गया है ? यह एक विचारणीय प्रश्न है ।

सूर्यप्रज्ञप्ति के प्रारम्भ में उत्थानिका के बाद बीस प्राभृतों के प्राथमिक विषयों की प्ररूपक पांच गाथाएँ हैं । उनमें से प्रथम गाथा में प्रथम प्राभृत के प्रथम प्राभृतप्राभृत की प्राथमिक विषयसूचक गाथा का "कइ मंडलाइ वच्चइ" यह प्रथम पद है । इसके अनुसार "एक वर्ष में सूर्य कितने मंडलों में एक बार और कितने मण्डलों में दो बार गति करता है ।" यह विषय है ।

वृत्तिकार श्रीमलयगिरि उक्त पद की व्याख्या इस प्रकार करते हैं --"प्रथमे प्राभृते—सूर्यो वर्षमध्ये कति मण्डलान्येकवारं, कति वा मण्डलानि द्विःकृत्वा व्रजतीत्येतन्निरूपणीयम् । किमुक्तं भवति ? एवं गौतमेन प्रश्ने कृते तदनन्तरं सर्वं तद्विषयं निर्वचनं प्रथमे प्राभृते वक्तव्यमिति ।" किन्तु प्रथम प्राभृत के आठ प्राभृतप्राभृतों की विषयप्ररूपक दो गाथाओं में से प्रथम गाथा के प्रथम पद में "वड्ढोऽवड्ढी मुहुत्ताणं" यह पद है । इसके अनुसार प्रथम प्राभृत के प्रथम प्राभृतप्राभृत में प्रथम सूत्र में वृत्तिकार के अनुसार चार प्रकार के मासों के मुहूर्तों की हानि-वृद्धि का प्ररूपण है ।

वृत्तिकार श्रीमलयगिरि उक्त पद की व्याख्या इस प्रकार करते हैं—"प्रथमस्य प्राभृतस्य सत्के प्रथमे प्राभृतप्राभृते मुहूर्तानां दिवस-रात्रिगतानां वृद्ध्यपवृद्धी वक्तव्ये ।"

विषयप्ररूपक संग्रहणी गाथाओं की रचना के पूर्व एवं वृत्तिकार के पूर्व यह व्युत्क्रम हो गया है ।

वृत्तिकार स्वयं उक्त व्युत्क्रम की उपेक्षा कर गए तो अन्य सामान्य श्रुतधरों का तो कहना ही क्या ?

यह सूत्र क्रमानुसार कहाँ होना चाहिए, इस सम्बन्ध में आगे यथास्थान लिखने का संकल्प है ।

(ख) मुहूर्तों की हानि-वृद्धि का यह सूत्र भी खण्डित प्रतीत होता है, क्योंकि प्रस्तुत सूत्र के प्रश्नसूत्र में मुहूर्तों की हानि-वृद्धि का प्रश्न है किन्तु उत्तरसूत्र में केवल नक्षत्रमासों के मुहूर्तों का ही कथन है ।

सव्वसूरमंडलमग्गे सूरस्स गमणागमण-राइंदियप्पमाणं

९. ता जया णं सूरिए सव्वब्भंतराओ मंडलाओ सव्वबाहिरं मंडलं उवसंकमित्ता चारं चरइ, सव्वबाहिराओ मंडलाओ सव्वब्भंतरं मंडलं उवसंकमित्ता चारं चरइ,

एस णं अद्धा केवइयं राइंदियग्गे णं आहिते त्ति वदेज्जा ?

ता तिण्णि छावट्ठे राइंदियसए राइंदियग्गे णं आहिते त्ति वदेज्जा ।

सूरमंडलेसु सूरस्स सइं वुक्खुत्तो वा चारं

१०. ता एताए अद्धाए सूरिए कति मंडलाइं चरइ ?

ता चुलसीयं मंडलसयं चरइ ।

बासीइ मंडलसयं वुक्खुत्तो चरइ, तं जहा—णिक्खममाणे चेव, पवेसमाणे चेव ।

दुवे य खलु मंडलाइं सइं चरइ, तं जहा—सव्वब्भंतरं चेव मंडलं, सव्वबाहिरं चेव मंडलं ।

आइच्चसंवच्छरे अहोरत्तप्पमाणं

११. जइ खलु तस्सेव आदिच्चस्स संवच्छरस्स सइं अट्ठारसमुहुत्ते दिवसे भवइ सइं अट्ठारसमुहुत्ता राई भवइ,

सइं दुवालसमुहुत्ते दिवसे भवइ, सइं दुवालसमुहुत्ता राई भवइ,

पढमे छम्मासे-अत्थि अट्ठारसमुहुत्ता राई भवइ,

नत्थि अट्ठारसमुहुत्ते दिवसे,

अत्थि दुवालसमुहुत्ते दिवसे, नत्थि दुवालसमुहुत्ता राई भवइ ।

बोच्चे छम्मासे-अत्थि अट्ठारसमुहुत्ते दिवसे भवइ,

नत्थि अट्ठारसमुहुत्ता राई,

अत्थि दुवालसमुहुत्ता राई, नत्थि दुवालसमुहुत्ते दिवसे भवइ ।

पढमे छम्मासे वा बोच्चे छम्मासे वा णत्थि पण्णरसमुहुत्ते दिवसे भवइ, णत्थि पण्णरसमुहुत्ता राई भवइ ।

तत्थ णं कं हेउं वदेज्जा ?

ता अयण्णं जंबुद्दीवे दीवे सव्वदीव-समुद्दाणं सव्वब्भंतराए सव्वखुड्डागे वट्टे जाव जोयण-सयसहस्समायाम-विक्खंभे णं, तिन्नि जोयण-सयसहस्साइं दोन्नि य सत्तावीसे जोयणसए तिन्नि कोसे, अट्ठावीसं च धणुसयं तेरस य अंगुलाइं, अद्धंगुलं, च किंचि विसेसाहिए परिक्खेवे णं पण्णत्ते ।

ता जया णं सूरिए सव्वब्भंतर-मण्डलं उवसंकमित्ता चारं चरइ, तया णं उत्तमकट्ठपत्ते उक्कोसए अट्ठारसमुहुत्ते दिवसे भवइ, जहण्णिया दुवालसमुहुत्ता राई भवइ,

से निक्खममाणे सूरिए नवं संवछरं अयमाणे पढमंसि अहोरत्तंसि अब्भिंतराणंतरं मंडलं उवसंकमित्ता चारं चरइ,

ता जया णं सूरिए अब्भिंतराणंतरं मंडलं उवसंकमित्ता चारं चरइ तया णं अट्ठारसमुहुत्ते दिवसे भवइ दोहिं एगसट्ठिभाग मुहुत्तेहिं ऊणे ।

दुवालसमुहुत्ता राई भवइ दोहिं एगसट्ठिभागमुहुत्तेहिं अहिया,

से निक्खममाणे सूरिए दोच्चंसि अहोरत्तंसि अब्भिंतर तच्चं मंडलं उवसंकमित्ता चारं चरइ ।

ता जया णं सूरिए अब्भिंतरं तच्चं मंडलं उवसंकमित्ता चारं चरइ तया णं अट्ठारसमुहुत्ते दिवसे भवइ, चउहिं एगसट्ठिभागमुहुत्तेहिं ऊणे,

दुवालसमुहुत्ता राई भवइ, चउहिं एगसट्ठिभागमुहुत्तेहिं अहिया,

एवं खलु एएणं उवाएणं णिक्खममाणे सूरिए तयाणंतराणंतरं मंडलाओ तयाणंतरं मंडलं संकममाणे संकममाणे दो दो एगट्ठिभाग मुहुत्ते एगमेगे मंडले दिवसखेत्तस्स णिवुड्ढेमाणे णिवुड्ढेमाणे रयणिखेत्तस्स अभिवुड्ढेमाणे अभिवुड्ढेमाणे सव्वबाहिरमंडलं उवसंकमित्ता चारं चरइ,

ता जया णं सूरिए सव्वब्भंतराओ मंडलाओ सव्वबाहिरं मंडलं उवसंकमित्ता चारं चरइ तया णं सव्वब्भंतरं मंडलं पणिहाय एगे णं तेसीए णं राइंदियसए णं तिण्णि छावट्ठे एगसट्ठि भागमुहुत्तसए दिवस-खेत्तस्स णिवुड्ढित्ता रयणि-खेत्तस्स अभिवुड्ढित्ता चारं चरइ तया णं उत्तमकट्ठपत्ता उक्कोसिया अट्ठारसमुहुत्ता राई भवइ, जहण्णए बारसमुहुत्ते दिवसे भवइ,

१८३ मंडल का १८३ दिवस में सूर्य संचरण करता है। एक दिवस में एक मंडल में संचार करता है। सूर्य के सर्वमंडलों का संचरण क्षेत्र ५१० योजन का है। एक मंडल का एक दिवस का संचरण २ योजन ४८/६१ भाग होता है। —सूत्र १८

॥ प्रथम प्राभृत का छठा प्राभृत-प्राभृत समाप्त ॥

सूत्र २०

प्रत्येक मंडल का विष्कम्भ-आयाम

जब सूर्य सर्वाभ्यन्तरमंडल में हो तब १ लाख योजन का ४८/६१ भाग बाहल्य से ९९६४० योजन आयाम-विष्कम्भ से ३१५०८९ योजना परिक्षेप से संक्रमण करता है तब १८ मुहूर्त का उत्कृष्ट दिवस और जघन्य १२ मुहूर्त की रात्रि होती है।

जब सूर्य सर्वाभ्यन्तरमंडल के अनन्तरवर्ती मंडल में संक्रमण करता है तब १ योजन का ४८/६१ भाग बाहल्य से ९९६४५ योजन ३५/६१ भाग आयाम विष्कम्भ से, ३१५१०७ योजन किंचित् विशेष न्यून परिक्षेप से चार (गति) करता है। तब दिवस और रात्रि का प्रमाण सर्वाभ्यन्तर-मंडल के समान ही होता है।

सर्वाभ्यन्तरमंडल में आयाम-विष्कम्भ का प्रमाण

एक सूर्य १८० योजन अवगाहन करके गति करता है। जम्बूद्वीप के दोनों सूर्य की अपेक्षा ३६० योजन अवगाहना जम्बूद्वीप क्षेत्र के १ लाख योजन प्रमाण में से कम करने पर ९९६४० योजन रहते हैं। जो सर्वाभ्यन्तरमंडल का आयाम-विष्कम्भ है।

सूत्र २०

सर्वाभ्यन्तरमंडल का परिक्षेप

सर्वाभ्यन्तरमंडल का परिक्षेप (३१५०८९) योजन है। वह इस प्रकार है—

(सर्वाभ्यन्तरमंडल का विष्कम्भ)^{२} × १० इस सूत्र से परिक्षेप का विचार करने पर निम्न प्रकार से होगा।

) (९९६४०)^{२} × १०

) ९९२८१२९६०० × १०

) ९९२८१२९६०००

```
          )| | | | | | |
           ९९२८१२९६०००
           ३१५०८९ योजन परिक्षेप
          )| | | | | | |
       ३   ९२२८१२९६०००
     +३    ९
     ——    —
     ६१    ०
     +१    ६१
     ——    ——
     ६२५   ३१८१
     +५    ३१२५
     ———   ————————
    ६३००८  ००५६२९६०
      +८     ५०४०६४
    ———    ————————
    ६३०१६९    ०५६८९६००
      +९       ५६७१५२१
    ———    ————————
    ६३०१७८     ००१८०७९
```

उक्त प्रकार से गणित करने पर सर्वाभ्यंतरमंडल का परिक्षेप ३१५०८९ योजन होता है और १८०७९ शेष रहते हैं।

प्रत्येक मंडल का परिक्षेप

प्रत्येक मंडल में ५ योजन ३५/६१ भाग आयाम-विष्कंभ में वृद्धि होती है। तदनुसार सर्वाभ्यंतरमंडल के अनन्तरवर्ती मंडल का आयाम विष्कंभ ९९६४५ योजन ३५/६१ भाग है। प्रत्येक मंडल का परिक्षेप निकालने के लिए (जानने के लिए) ५ योजन के इकसठिया भाग करने पर ५ × ६१ = ३०५ आते हैं। उनमें ३५ भाग और मिलाने पर ३४० होते हैं।

परिक्षेप निकालने की विधि—

```
(विष्कंभ का)² × १०
) (३४०)² × १०
) ११५६०० × १०
) ११५६०००
```

```
        १०७५
        | | | |
    १  )११५६०००
    १   १
 ------------------
  २०७   ०१५६०
    ७    १४४९
 ------------------
 २१४५   ०१११००
    ५    १०७२५
 ------------------
 [illegible]   ०[illegible]३५
```

१०७५ के योजन बनाने के लिए ६१ से भाग देने पर [१०७५÷६१] १७ योजन ३८/६१ आएंगे। प्रत्येक मंडल में १७ योजन ३८/६१ भाग परिक्षेप बढ़ता है।

प्रत्येक परिमंडल का परिक्षेप व्यवहार से १८ योजन और निश्चय से १७ योजन ३८/६१ भाग है। प्रत्येक मंडल का परिक्षेप में १८ योजन मिलाने पर दूसरे मंडल का परिक्षेप होता है। ऐसा करने पर सूर्य संक्रमण करता-करता सर्वबाह्य मंडल में आता है तब आयाम विष्कंभ १००६६० होता है।

सर्वबाह्य मंडल का परिक्षेप ३१८३१४.८६९ है।

व्यवहार से ६१८३१५ योजन होता है।

सर्वबाह्य मंडल का आयाम-विष्कंभ-परिक्षेप निकालने की विधि

प्रत्येक मंडल में ५ योजन ३५/६१ भाग बढ़ता है जिससे सर्वबाह्यमंडल में कितनी वृद्धि होगी ?

परिमंडल १८३ होने से ५ योजन ३५/६१ भाग से गुणा करने पर १८३ मंडल × ५ योजन = ९१५ योजन होते हैं।

३५ भाग × १८३ मंडल = ६४०५ होते हैं। इनके योजन बनाने के लिए ६४०५ को ६१ से भाग देने पर १०५ योजन आते हैं। पूर्वोक्त ९१५ योजन में १०५ योजन मिलाने से १०२० योजन होते हैं। सर्वाभ्यंतरमंडल के आयाम ९९६४० योजन में १०२० योजन जोड़ने से सर्वबाह्यमंडल का १००६६० योजन आयाम होता है।

सर्वबाह्य मंडल का परिक्षेप ३१८३१५ योजन है। जिसको प्राप्त करने की विधि इस प्रकार है—

सर्वबाह्यमंडल का परिक्षेप निकालने की विधि

परिक्षेप निकालने के लिए।

) (आयाम)^{२} × १०

) (१००६००)^{२} × १०

) १०१३२४३५६०० × १०

३१८३१४ . ८६९ योजन परिक्षेप

) | | | |

३	१०१३२४३५६०००
३	९
६१	११३
१	६१
६२८	५२२४
८	५०२४
६३६३	०२००३५
३	१९०८९
६३६६१	००९४६६०
१	६३६६१
६३६६२४	३०९९९००
४	२५४६४९६
६३६६२७८	०५५३४०४००
८	५०९३०३०४
६३६६२९६६	०४४१००९६००
६	३८१९७५७९६
६३६६२९७२९	५९०३३८०४००
९	५६२९६६७५६१

इस प्रकार ८६९ हजार से कम हैं, परन्तु 'अर्धादूर्ध्वमेकं ग्राह्यम्' इस न्याय से ३१४ के स्थान पर ३१५ ग्रहण किये हैं। इस प्रकार सर्वबाह्यमंडल का परिक्षेप ३१८३१५ योजन (व्यवहार से) होता है।

सर्वाभ्यंतरमंडल का परिक्षेप ३१५०८९ योजन है। पूर्व में बताई गई रीति से प्रत्येक मंडल के परिक्षेप में १७ योजन ३८/६१ भाग की वृद्धि होती है तो १८३ मंडल में कितने योजन परिक्षेप की वृद्धि होती है ?

१८३ मंडल × १७ योजन = ३१११ योजन होते हैं।

१८३ मंडल × ३८ (योजन का भाग) करने पर ६९५४ भाग आयेंगे।

६९५४ भाग के योजन करने के लिये ६१ से भाग देने पर ११४ योजन होंगे।

३१११ योजन में ११४ योजन मिलाने पर ३२२५ योजन १८३ परिमंडल की परिक्षेप वृद्धि होती है।

सर्वाभ्यंतरमंडल के परिक्षेप ३१५०८९ योजन में ३२२५ योजन के मिलाने पर सर्वबाह्य मंडल का परिक्षेप ३१८३१४ होगा।

इस सूत्र के मूल पाठ में ३१८३१५ योजन सर्वबाह्यमंडल का परिक्षेप कहा है। वह व्यवहार से समझना चाहिये। क्योंकि पूर्व में प्रत्येक मंडल का परिक्षेप निकालने पर ३७५ शेष बढ़ते हैं। उनको १८३ मंडल से गुणा करने पर ६८६२५ आते है। इस संख्या को २१५० से भाग देने पर ३१ आते हैं। जो ६१ के अर्धभाग की अपेक्षा विशेष होने से व्यवहार से पूर्ण मानकर ३१८३१५ कहे हैं।

प्रत्येक मंडल का अंतर २ योजन ४८।६१ भाग है। दोनों सूर्य के मंडल का अन्तर ५ योजन ३५/६१ भाग है। सर्वमंडल का क्षेत्र ५१० योजन है। — सूत्र २०

।। प्रथम प्राभृत का अष्टम प्राभृत-प्राभृत समाप्त ।।

सूत्र २३

सूर्य की प्रत्येक मंडल में प्रतिमुहूर्त्त की गति

सूर्य जब मंडल में संक्रमण करता है तब अपनी एक विशेष गति से संक्रमण करता है। भरतक्षेत्र और ऐरवत क्षेत्र के दोनों सूर्य अपनी विशिष्टगति से संक्रमण करके ६० मुहूर्त्त में १ मंडल की परिक्रमा पूर्ण करते हैं।

अर्थात् २ अहोरात्र में दोनों सूर्य १ मंडल की परिक्रमा पूर्ण करते हैं।
प्रत्येक मुहूर्त्त की सूर्य की विशेष गति इस सूत्र से ज्ञात की जा सकती है—
१ मुहूर्त्त की गति = मंडल की परिधि ÷ २ अहोरात्र के मुहूर्त्त
१ अहोरात्र के ३० मुहूर्त्त के अनुसार २ अहोरात्र के ६० मुहूर्त्त होते हैं।
सर्वाभ्यंतरमंडल की परिधि ३१५०८९ योजन है।
सर्वाभ्यंतरमंडल की परिक्रमा दोनों सूर्य ६० मुहूर्त्त में पूर्ण करते हैं।

सर्वाभ्यंतरमंडल में सूर्य की १ मुहूर्त्त की गति

सर्वाभ्यंतरमंडल की परिधि ÷ ६० मुहूर्त्त = १ मुहूर्त्त की गति।

३१५०८९ योजन ÷ ६० मुहूर्त्त = ५२५१ योजन २९/६० भाग सूर्य की १ मुहूर्त्त की गति है।

प्रत्येक मंडल की परिधि में व्यवहार से १८ योजन का अंतर होता है। अर्थात् सर्वाभ्यंतर मंडल की परिधि में १८ योजन मिलाने पर सर्वाभ्यंतरमंडल के अनन्तरवर्ती दूसरे में उसकी परिधि आती है। तदनुसार दूसरे मंडल की परिधि में १८ योजन मिलाने पर तीसरे मंडल की परिधि आती है।

इस प्रकार प्रत्येक मंडल की परिधि ज्ञात की जा सकती है।

प्रत्येक मंडल में सूर्य की एक मुहूर्त्त में कितनी गतिवृद्धि होती है, यह जानने के लिये इस सूत्र का उपयोग करना चाहिये-

प्रत्येक मंडल में परिधि की वृद्धि ÷ ६० मुहूर्त्त।

प्रत्येक मंडल में १८ योजन परिधि में वृद्धि होती है। उसे ६० मुहूर्त्त से भाग देने पर १ मुहूर्त्त में होने वाली गतिवृद्धि प्राप्त होगी।

१८ योजन प्रत्येक मंडल की परिधि में होने वाली वृद्धि ÷ ६० मुहूर्त्त = १८।६० योजन १ मुहूर्त्त में गति में वृद्धि होती है।

सूर्य के दृष्टिपथ क्षेत्र का अंतर ज्ञात करने की विधि

उस-उस मंडल में विद्यमान सूर्य दृष्टिपथ के क्षेत्र का अंतर ज्ञात करने के लिये निम्नलिखित सूत्र का उपयोग करना चाहिए -

सूर्य की उस-उस मंडल में एक मुहूर्त्त की गति × दिनमान का अर्धभाग।

सर्वाभ्यन्तर मंडल में सूर्य के दृष्टिपथ क्षेत्र का प्रमाण ४७२६३ योजन २१।६० भाग है। उसको जानने के लिये उपर्युक्त सूत्र का उपयोग करने पर - ५२५१ योजन २९।६० भाग।

(सर्वाभ्यंतरमंडल में सूर्य की एक मुहूर्त्त की गति) × ९ मुहूर्त्त (दिनमान का अर्धभाग)

$$= \frac{३१५०८९ \times ९}{६०} \qquad = \frac{२८३५८०१}{६०}$$

= ४७२६३ योजन २१।६० भाग सर्वाभ्यंतर मंडल में सूर्य का दृष्टिपथ क्षेत्र है।

सर्वाभ्यंतर मंडल में सूर्य का दृष्टिपथ क्षेत्रप्रमाण जानने की दूसरी विधि

$$\frac{\text{उस-उस मंडल की परिधि} \times \text{दिनमान का अर्धभाग}}{६०}$$

$$\frac{\text{सर्वाभ्यंतरमंडल की परिधि} \times \text{दिनमान का अर्धभाग}}{६०}$$

$$\frac{३१५०८९ \times ९}{६०}$$

$= \frac{२८३५८०१}{६०}$

= ४७२६३ योजन २१।६० भाग सर्वाभ्यंतरमंडल में सूर्य का दृष्टिपथ क्षेत्र है।

सर्वबाह्यमंडल में सूर्य का दृष्टिपथ क्षेत्र का प्रमाण

सर्वबाह्यमंडल में सूर्य की एक मुहूर्त्त की गति

सर्वबाह्यमंडल की परिधि

मंडल की परिक्रमा करते हुए लगता समय $= \frac{३१८३१५ \text{ योजन}}{६० \text{ मुहूर्त्त}}$

= ५३०५ योजन १५।६० भाग १ मुहूर्त्त में सूर्य की गति।

सर्वबाह्यमंडल में सूर्य का दृष्टिपथ क्षेत्रप्रमाण ज्ञात करने के लिये निम्नलिखित सूत्र का उपयोग करना चाहिये—

सर्वबाह्यमंडल में सूर्य की १ मुहूर्त्त में गति × दिनमान का अर्धभाग

$= \frac{३१८३१५ \times ६ \text{ मुहूर्त्त दिनमान का अर्धभाग}}{६०}$

$= \frac{१९०९८९०}{६०}$

= ३१८३१ योजन ३०।६० भाग सर्वबाह्यमंडल में दृष्टिपथ क्षेत्र का प्रमाण।

द्वितीय विधि—

$\frac{\text{परिधि} \times \text{दिनमान का अर्धभाग}}{६०}$

$= \frac{३१८३१५ \times ६}{६०}$

$= \frac{१९०९८९०}{६०}$

= ३१८३१ योजन ३०।६० भाग सर्वबाह्यमंडल में दृष्टिपथ क्षेत्र का प्रमाण

१—उस-उस मंडल में सूर्य की १ मुहूर्त्त की गति निकालने के लिये उस-उस मंडल की परिधि को ६० से भाग देने पर १ मुहूर्त्त की गति प्राप्त होती है।

२—दृष्टिपथ क्षेत्र का प्रमाण निकालने के लिये १ मुहूर्त्त को गति को (सूर्य की) दिनमान के अर्धभाग से गुणा करने पर जो लब्धि आये वह दृष्टिपथ क्षेत्र का प्रमाण जानना चाहिये। – सूत्र २३

।। दूसरा प्राभृत समाप्त ।।

सूत्र २४

सूर्य द्वारा प्रकाशमान क्षेत्र का प्रमाण

जब सूर्य सर्वाभ्यंतरमंडल में वर्तमान होता है तब जंबूद्वीप के कल्पित पाँच चक्रवाल में से डेढ भाग प्रकाशित करता है और एक भाग अप्रकाशित होता है।

जम्बूद्वीप में वर्तमान दोनों सूर्य की अपेक्षा पाँच चक्रवाल में से तीन भाग प्रकाशित करते हैं और दो भाग अप्रकाशित होते हैं। अर्थात् जम्बूद्वीप के कल्पित पाँच भाग में से तीन भाग दिन होता है और दो भाग रात्रि होती है।

जम्बूद्वीप के ३६६ भाग की कल्पना करने पर १ भाग (चक्रवाल) के ७३२ भाग होते हैं, ३ चक्रवाल के २१९६ भाग होते हैं। अर्थात् ३६६० भाग में से २१९६ भाग का दिवस होता है १४६४ भाग रात्रि होती है, अथवा दोनों सूर्य ६० मुहूर्त्त में १ मंडल की परिक्रमा पूर्ण करते हैं। जम्बूद्वीप के पाँच चक्रवाल की कल्पना करने पर १ चक्रवाल १२ मुहूर्त्तात्मक होता है। १२ मुहूर्त्त का काल जम्बूद्वीप के ३६६० भाग की कल्पना में ७३२ भागात्मक होता है।

सर्वाभ्यंतर मंडल से सूर्य जब सर्वबाह्यमंडल की ओर गमन करता है तब प्रतिमंडल में अहोरात्र में २।६१ भाग हानि-वृद्धि होती है।

सर्वाभ्यन्तर मंडल को कम करने पर सर्वबाह्य मंडल १८३ वां आता है। जिससे १८३ × २ करने पर ३६६/६१ भाग की हानि-वृद्धि अहोरात्र में होती है। अर्थात् ६ मुहूर्त्त दिवस में हानि और रात्रि में वृद्धि होती है। दोनों सूर्य की अपेक्षा १२ मुहूर्त्त की हानि-वृद्धि होती है। सर्वबाह्यमंडल में सूर्य १ भाग प्रकाशित करता है और डेढ़ भाग अप्रकाशित रहता है।

पूर्व में बताये गये अनुसार एक-एक सूर्य की अपेक्षा १ भाग दिवस और डेढ़ भाग रात्रि रहती है। दोनों सूर्य की अपेक्षा २ भाग दिवस और तीन भाग रात्रि होती है।

सर्वाभ्यन्तरमंडल में ३ भाग दिवस और २ भाग रात्रि होती है।

सर्वबाह्यमंडल में २ भाग दिवस और ३ भाग रात्रि होती है।

१ भाग १२ मुहूर्त्तात्मक जानना चाहिए।

जम्बूद्वीप के ५ चक्रवाल की परिकल्पना करने पर १ चक्रवाल १२ मुहूर्त्तात्मक होता है। क्योंकि दोनों सूर्य की अपेक्षा ६० मुहूर्त्त का काल ५ भागात्मक होता है।

।। तीसरा प्राभृत समाप्त ।—सूत्र २४ समाप्त ।।

सूत्र २५

तापक्षेत्र की संस्थिति

तापक्षेत्र की संस्थिति की आभ्यन्तर-बाह्य का परिक्षेप

९४८६ योजन ९/१० भाग है।

उसका गणित निम्न प्रकार है—

परिक्षेप =) (आयाम)^{२} × १०

=) (विष्कम्भ)^{२} × १० (उसका विष्कम्भ)^{२} × १०

= (१००००)^{२} × १०

=) १००००००००० × १०

=) १०००००००००

३ १ ६ २ २ ० ७ ७ ६

३ =) १०००००००००

३ ९

६१ १००

१ ६१

६२६ ३९००

६ ३७५६

६३२२ ०१४४००

२ १२६४४

६३२४२ ०१७५६००

२ १२६४८४

६३२४४७ ०४९११६००

७ ४४२७१२९

६३२४५४७ ०४८४४७१००

७ ४४२७१८२९

६३२४५५४६	०४२७५२७१००
६	३७९४७३२७६
६३२४५५५२	४८०५३८२४

७७६ एक हजार के अर्धभाग (५००) की अपेक्षा अधिक है। 'अर्द्धादूर्ध्वमेकं ग्राह्यम्' के विधान से पूर्व संख्या गिन कर व्यवहार से ३१६२३ योजन बतलाये हैं।

उनके तिगुने करने से ९४८६९ होते हैं। उनको १० से भाजित करने पर ९४८६ योजन ९/१० भाग सर्वाभ्यन्तर तापक्षेत्र संस्थिति की सर्वाभ्यन्तर-बाहा का परिमाण है।

जम्बूद्वीप के परिक्षेप से सर्वबाह्य बाहा का परिमाण

परिक्षेप = (विष्कम्भ)^{2} × १०

जम्बूद्वीप का परिक्षेप प्रसिद्ध है। उसे ३ से गुणा करके १० से भाग देने पर ९४८६८ योजन ४/१० होते हैं।

जम्बूद्वीप का परिक्षेप ३१६२२७ योजन, ३ गव्यूति १२८ योजन और १३½ अंगुल है। परन्तु व्यवहार से ३१६२२८ योजन मानकर इसे गुणा करने पर ९४८६८४ योजन होते हैं। उनको १० से भाग देने पर ९४८६८ योजन ४/१० भाग सर्वबाह्य बाहा का परिमाण होता है।

उत्तर-दक्षिण दिशा से तापक्षेत्र का आयाम

आयाम = उत्तर-दक्षिण दिशा का अन्तर
विष्कम्भ = पूर्व-पश्चिम दिशा का अन्तर
तापक्षेत्र का आयाम परिमाण ७८३३३ योजन १/३ भाग है।
मेरुपर्वत में जम्बूद्वीपपर्यन्त ४५००० योजन है।

लवणसमुद्र के विस्तार का छठा भाग ३३३३३.३३३ योजन है। दोनों का जोड़ करने पर तापक्षेत्र का आयाम परिमाण ७८३३३.३३३ योजन होता है।

अन्धकार संस्थिति की सर्वाभ्यन्तर बाहा का परिमाण

अन्धकार संस्थिति की सर्वाभ्यन्तर बाहा का परिमाण ६३२४ योजन ६/१० भाग है।

मेरुपर्वत के परिक्षेप को २ से गुणा कर १० से भाजित करने पर आभ्यन्तर बाहा का परिमाण ज्ञात होता है।

मेरुपर्वत की परिधि ३१६२३ योजन है। उसे २ से गुणा करने पर ६३२४६ योजन होते हैं। उन्हें १० से भाग देने पर ६३२४ योजन ६/१० अन्धकार संस्थिति की सर्वाभ्यन्तर बाहा आती है।

लवणसमुद्र की निकटवर्ती जम्बूद्वीप तक की अन्धकार संस्थिति की सर्वबाह्य बाहा

जम्बूद्वीप की परिधि के २ से गुणा कर १० से भाग देने पर सर्वबाह्य बाहा का परिमाण

प्राप्त होता है। जम्बूद्वीप की परिधि ३१६२२८ योजन है। उसे २ से गुणा करने पर ६३२४५६ योजन होते हैं। जिन्हें १०६३२४५ योजन ६/१० भाग सर्वबाह्य बाहा का परिमाण होता है।

अन्धकार संस्थिति की लम्बाई तापमान की लम्बाई जितनी जाननी चाहिए।

सर्वाभ्यन्तरमंडल में जो तापमान की स्थिति है वह सर्वबाह्य मंडल में अन्धकार की स्थिति जानना चाहिये।

सर्वाभ्यन्तरमंडल में जो अन्धकार की स्थिति है वह सर्वबाह्यमंडल में ताप की स्थिति जानना चाहिए। अर्थात् सर्वबाह्यमंडल में तापमान की आभ्यान्तर बाहा ६३२४ योजन ६/१० भाग है। सर्वबाह्य बाहा ६३२४५ योजन ६/१० भाग है। तापमान की लम्बाई ७८३३३.३३३ योजन है।

अन्धकार की संस्थिति सर्वबाह्य मंडल में आभ्यान्तर बाहा ९४८६ योजन ९/१० भाग है। शेष बाहा ९४८६८ योजन ४/१० भाग है। अन्धकार संस्थिति की लम्बाई ७८३३३.३३३ योजन है।

—सूत्र २५ समाप्त

॥ चतुर्थ प्राभृत समाप्त ॥

सूत्र ३३

दसवें प्राभृत का दूसरा प्राभृत-प्राभृत

अहोरात्र के ६७ भाग की कल्पना करनी चाहिये।

अहोरात्र के ६७ भाग में से भाग संख्या	नक्षत्र संख्या	चन्द्र के साथ योग मुहूर्त	नक्षत्रनाम
२१	१	९ मु. २७/६७	अभिजित
३३ भाग १/२	६	१५ मु.	शतभिषा, भरणी, आर्द्रा आश्लेषा, स्वाति, ज्येष्ठा
६७	१५	३० मु.	श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वा भा० रेवती, अश्विनी, कृतिका मृगशिर, पुष्य, मघा, पू० फा० हस्त, चित्रा, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढा
१०० भाग १/२	६	४५ मु.	उ० भा० रोहिणी पुन० उ. फा. विशाखा. उत्तराषाढा०

उपर्युक्त कोष्ठक नक्षत्र का चंद्र के साथ कितने मुहूर्त का योग होता है, यह बतलाने के लिये हैं।

नक्षत्रों का सूर्य के साथ योग

नक्षत्र संख्या	सूर्य के साथ योग दिवस	मुहूर्त	नक्षत्रों का नाम
१	४	६	अभिजित
६	६	२१	शतभिषा, भरणी, आर्द्रा आश्लेषा, स्वाति, जेष्ठा
१५	१३	१२	श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वा भा. रेवती, अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिर, पुष्य, मघा, पू. फा., हस्त, चित्रा, अनुराधा, मूल० पूर्वाषाढा
६	२०	३	उ. भा., रोहिणी, पुनर्वसु उ. फा., विशाखा, उ. षाढा।

जो नक्षत्र चन्द्रमा के साथ १ दिवस के ६७ भाग में से अथवा उससे विशेष जितने भाग गमन करता है, उसके पाँचवें भाग प्रमाण सूर्य के साथ दिवस और मुहूर्त के परिमाण से गमन करता है।

जैसे कि अभिजित नक्षत्र चन्द्र के साथ २१।६७ भाग गमन करता है तो सूर्य के साथ कितना गमन करता है? यह जानने के लिये २१ भाग को ५ से भाग देने पर ४ दिवस १।५ भाग मुहूर्त आते हैं। १।५ के मुहूर्त निकालने के लिये ३० से गुणा करने पर ६ मुहूर्त आते हैं। जिसका आशय यह हुआ कि अभिजित नक्षत्र सूर्य के साथ ४ दिवस ६ मुहूर्त योग करता है। इस प्रकार अन्य स्थान पर भी समझना चाहिये।

१५ मुहूर्त चन्द्र के साथ योग करने पर नक्षत्र का सूर्य के साथ योगकाल

शतभिषा नक्षत्र चन्द्र के साथ १ दिवस के ६७ भाग में से ३३½ भाग योग करता है, तो सूर्य के साथ कितने दिवस और कितने मुहूर्त योग करता है?

$$\frac{६७}{२} \div ५ = \frac{६७}{२} \times \frac{१}{५} = \frac{६७}{१०}$$

अतः ६ दिवस ७।१० मुहूर्त्त सूर्य के साथ योग करता है।

.७ के मुहूर्त्त जानने के लिए ३० से गुणा करने पर २१ मुहूर्त्त आते हैं। अर्थात् शतभिषा नक्षत्र का सूर्य के साथ ६ दिवस और २१ मुहूर्त्त योग होता है।

इसी प्रकार अन्य नक्षत्रों के लिये जानना चाहिये।

३० मुहूर्त्त चन्द्र के साथ योग करने पर नक्षत्र का सूर्य के साथ योगकाल

श्रवण नक्षत्र चन्द्र के साथ १ दिवस के ६७ भाग योग करता है तो सूर्य के साथ कितने समय योग करता है ?

सूर्य के साथ होने वाले योग का समय जानने के लिये चन्द्र के साथ होने वाले योग के समय को ५ से भाग देने पर जो भाज्य-भाजक भाव से उपलब्ध होता है वह नक्षत्र का सूर्य के साथ का योगकाल समझना चाहिये।

६७ ÷ ५ = १३$\frac{२}{५}$ दिवस

२।५ के मुहूर्त्त निकालने के लिये ३० से गुणा करने पर १२ मुहूर्त्त होते हैं। अतएव उस प्रकार से १३ दिवस १२ मुहूर्त्त अन्य नक्षत्र के साथ भी सूर्य का योगकाल जानना चाहिये।

४५ मुहूर्त्त चन्द्र के साथ योग करने पर नक्षत्र का सूर्य के साथ योगकाल

उत्तर भाद्रपद नक्षत्र चन्द्र के साथ $\frac{१०१}{६}$ भाग योग करता है। उसका सूर्य के साथ कितने समय योग होता है, यह समझने के लिये ५ से भाग देने पर $\frac{१०१}{६}$ × $\frac{१}{५}$ करने पर $\frac{१०१}{३०}$ आयेगा। उनके दिवस बनाने पर २० दिवस और ३ मुहूर्त्त समय होंगे। जो उत्तरभाद्रपद नक्षत्र का सूर्य के साथ योगकाल है। —सूत्र ३४ समाप्त

।। दसवें प्राभृत का दूसरा प्राभृत-प्राभृत समाप्त ।।

सूत्र ४०

पूर्णिमा और अमावस्या का चन्द्र योग को अधिकार कर सन्निपात

पूर्णिमा	अमावस्या	कुल नक्षत्र	उपकुल नक्षत्र	कुलोपकुल नक्षत्र
१. श्रावणी	माघ	धनिष्ठा	श्रवण	अभिजित
२. भाद्रपदी	फाल्गुनी	उ. भाद्रपद	पू. भाद्रपद	शतभिषा
३. अश्विनी	चैत्री	अश्विनी	रेवती	
४. कार्तिक	वैशाखी	कृत्तिका	भरणी	
५. मार्गशीर्षी	जेष्ठा	मृगशिर	रोहिणी	

६. पौषी	आषाढ़ी	पुष्य	पुनर्वसु	आर्द्रा
७. माघी	श्रावणी	मघा	आश्लेषा	
८. फाल्गुनी	भाद्रपदी	उ. फाल्गुनी	पू. फाल्गुनी	
९. चैत्री	अश्विनी	चित्रा	हस्त	
१०. वैशाखी	कार्तिकी	विशाखा	स्वाति	
११. ज्येष्ठा	मार्गशीर्षी	मूल	ज्येष्ठा	अनुराधा
१२. आषाढ़ी	पौषी	उ. षाढा	पू. षाढा	

—सूत्र ४० समाप्त

॥ दशम प्राभृत का सातवाँ प्राभृत-प्राभृत समाप्त ॥

दशम प्राभृत का दसवाँ प्राभृत-प्राभृत

सूत्र ४३

दक्षिणायन

मास	पौरुषी	वृद्धि
१. श्रावण	२ पाद ४ अंगुल	४ अंगुल
२. भाद्रपद	२ पाद ८ अंगुल	८ अंगुल
३. आसौज	३ पाद	१ पाद
४. कार्तिक	३ पाद ४ अंगुल	१ पाद ४ अंगुल
५. मार्गशीर्ष	३ पाद ८ अंगुल	१ पाद ८ अंगुल
६. पौष	४ पाद	२ पाद

उत्तरायण

मास	पौरुषी	हानि
१. माघ	३ पाद ८ अंगुल	४ अंगुल
२. फाल्गुन	३ पाद ४ अंगुल	८ अंगुल
३. चैत्र	३ पाद	१ पाद
४. वैशाख	२ पाद ८ अंगुल	१ पाद ४ अंगुल
५. जेष्ठ	२ पाद ४ अंगुल	१ पाद ८ अंगुल
६. आषाढ़	२ पाद	२ पाद

—सूत्र ४३ समाप्त

॥ दशम प्राभृत का दसवाँ प्राभृत-प्राभृत समाप्त ॥

दसवें प्राभृत का २२ (बाईसवाँ) प्राभृत-प्राभृत

सूत्र ६२

नक्षत्रसंख्या		सीमाविष्कंभ भाग	नक्षत्र का नाम
	२	६३०	दो अभिजित
अर्धक्षेत्र नक्षत्र	१२	१००५	दो शतभिष यावत् दो ज्येष्ठा
समक्षेत्र नक्षत्र	३०	२०१०	दो श्रवण यावत् दो पूर्वाषाढ़ा
द्व्यर्धक्षेत्र नक्षत्र	१२	३०१५	दो उत्तराभाद्रपद यावत् दो उत्तराषाढ़ा

५६ (नक्षत्र के नाम दसवें प्राभृत के दूसरे प्राभृत-प्राभृत में देखें)
१ अहोरात्र के ६७ भाग की कल्पना करना चाहिये।

—सूत्र ६२ समाप्त।

सूत्र ७२ : बारहवाँ प्राभृत

संवत्सरों का प्रमाण

संवत्सर ५ प्रकार के कहे गये हैं—

१. नक्षत्र संवत्सर, २. चन्द्र संवत्सर, ३. ऋतु संवत्सर, ४. आदित्य संवत्सर, ५. अभिवर्धित संवत्सर।

१ नक्षत्र संवत्सर—नक्षत्र मास में २७ दिवस २१/६७ मुहूर्त होते हैं। नक्षत्रमास ११९ मुहूर्त २७/६७ भागात्मक है।

नक्षत्र संवत्सर के दिवस कितने ?—३२७ दिवस ५१/६७ भाग होते हैं। नक्षत्र संवत्सर ९८३२ मुहूर्त ५५/६७ भागात्मक है।

१ युग के ६७ नक्षत्र होते हैं।

१ युग के १८३० दिवस होते हैं।

नक्षत्रमास के दिवस ज्ञात करने के लिये १८३० को ६७ से भाग देने पर २७ दिवस २१/६७ भाग आते हैं।

नक्षत्रमास के मुहूर्त जानने के लिये १ दिवस के ३० मुहूर्त से नक्षत्रमास के दिवसों को गुणा करने पर मुहूर्तों की संख्या प्राप्त होगी—

$$\frac{१८३० \times ३०}{६७} = \frac{५४९००}{६७} = ८१९ \text{ मुहूर्त } २७/६७ \text{ भाग}$$

नक्षत्रसंवत्सर के दिवस ज्ञात करने के लिये नक्षत्रमास के दिवसों को १२ से गुणा करना चाहिये।

$$\frac{१८३० \times १२}{६७} = \frac{२१९६०}{६७} = ३२७ \text{ दिवस } ५१/६७ \text{ मुहूर्त}$$

नक्षत्रसंवत्सर के दिवस होते हैं।

नक्षत्रसंवत्सर के मुहूर्त बनाने के लिये नक्षत्रसंवत्सर के दिवसों को ३० से गुणा करना चाहिये।

ऐसा करने पर $\frac{२१९६०}{६७} \times \frac{३०}{} = \frac{६५८८००}{६७} = ९८३२$ मुहूर्त ५६/६७ भाग नक्षत्रसंवत्सर के मुहूर्त हैं।

२. चन्द्रसंवत्सर

चन्द्रमास के २९ दिवस ३२/६२ मुहूर्त हैं।
चन्द्रमास ८८५ मुहूर्त ३०/६० भागात्मक है।
चन्द्रसंवत्सर ३५४ दिवस १२/६२ मुहूर्तात्मक है।
चन्द्रसंवत्सर १०६२५ मुहूर्त ५०/६२ भागात्मक है।
१ युग के चन्द्रमास ६२ हैं।
१ युग के दिवस १८३० हैं।
१ चन्द्रमास के दिवस जानने के लिये १८३० को ६२ से भाग देना चाहिये।
१८३० ÷ ६२ = २९ दिवस ३२/६२ मुहूर्त होते हैं।

चन्द्रमास के मुहूर्त जानने के लिये चन्द्रमास के दिवसों की संख्या को ३० से गुणा करना चाहिये—

$$\frac{१८३० \times ३०}{} = \frac{५४९००}{६२} = ८८५ \text{ मुहूर्त } ३०/६२ \text{ भाग होते हैं।}$$

चन्द्रसंवत्सर के दिवस जानने के लिये चन्द्रमास के दिवसों को १२ से गुणा करना चाहिये।

$$\frac{१८३० \times १२}{६२} = \frac{२१९६०}{६२} = ३५४ \text{ दिवस } १२/६२ \text{ मुहूर्तात्मक चन्द्रसंवत्सर होता है।}$$

चन्द्रसंवत्सर के मुहूर्त जानने के लिये वर्ष के दिवसों को ३० से गुणा करना चाहिये।

$$\frac{२१९६० \times ३०}{६२} = \frac{६५८८००}{६२} = १०६२५ \text{ मुहूर्त } ५०/६२ \text{ भाग होते हैं।}$$

३. ऋतुसंवत्सर

१ युग के ऋतुमास ६१ हैं।
१ ऋतुमास के दिवस ३० हैं।

१ ऋतुमास के मुहूर्त ९०० हैं।
१ ऋतुवर्ष के दिवस ३६० हैं।
१ ऋतुवर्ष के मुहूर्त १०८०० हैं।

४. आदित्यसंवत्सर

१ युग के आदित्यमास ६० हैं।
१ आदित्यमास के ३०$\frac{3}{5}$ दिवस हैं।
१ आदित्यमास के ९१५ मुहूर्त होते हैं।
१ आदित्यसंवत्सर के ३६६ दिवस होते हैं।
१ आदित्यसंवत्सर के १०९८० मुहूर्त होते हैं।

५. अभिवर्धितसंवत्सर

१ अभिवर्धित मास के ३१ दिवस २९ मुहूर्त १७/६२ भाग होते है।
१ अभिवर्धित मास के ९५९ मुहूर्त १७/६२ भाग।
१ अभिवर्धित संवत्सर के ३८३ दिवस २१ मुहूर्त १८/६२ भाग होते हैं।
१ अभिवर्धित संवत्सर के ११५११ मुहूर्त १८/६२ भाग होते हैं। —सूत्र ७२ समाप्त।

सूत्र ७३

नो युग के अहोरात्र का प्रमाण

	दिवस	मुहूर्त	बासठिया भाग	चूर्णित भाग
१. नक्षत्रसंवत्सर	३२७	२२	५१	५५/६७
२. चन्द्रसंवत्सर	३५४	५	५०	×
३. ऋतुसंवत्सर	३६०	×	×	×
४. आदित्यसंवत्सर	३६६	×	×	×
५. अभिवर्धितसंवत्सर	३८३	२१	१८	×
	१७९१	१९	५७	५५/६७

नो युग के मुहूर्त

१७९१ × ३० = ५३७३० + १९ = ५३७४९$\frac{1}{2}$ ५५/६७ चूर्णित भाग।
नो युग में कितने दिवस मिलाने पर युग पूर्ण होता है? —
३८ दिवस १० मुहूर्त $\frac{5}{2}$ भाग १२/६७ चूर्णित भाग मिलाने से युग पूर्ण होता है।
कितने मुहूर्त मिलाने से युग के मुहूर्त पूर्ण होते हैं?
३८ × ३० = १०४० + १० = ११ मुहूर्त
११५० मुहूर्त $\frac{5}{2}$ भाग १२/६७ चूर्णित भाग मिलाने पर युग के मुहूर्त पूर्ण होते हैं।

युग के दिवस कितने ?
१८३० दिवस ।
युग के मुहूर्त कितने ?
१८३० × ३० = ५४९०० मुहूर्त ।
५४९०० मुहूर्त के कितने बासठिया भाग होते हैं ?
५४९०० × ६२ = ३४०३८०० बासठिया भाग । — सूत्र ७३ समाप्त ।

।। बारहवाँ प्राभृत समाप्त ।।

सूत्र ७९

तेरहवाँ प्राभृत

चन्द्रमा की हानि-वृद्धि

शुक्लपक्ष में वृद्धि होती है और कृष्णपक्ष में हानि होती है ।
शुक्लपक्ष में ४४२ मुहूर्त ४६/६२ भाग की वृद्धि होती है ।
कृष्णपक्ष में ४४२ मुहूर्त ४६/६२ भाग की हानि होती है ।
चन्द्रमास का प्रमाण एवं चन्द्रमास के मुहूर्तों का प्रमाण सूत्र ७२ के अनुसार जानना चाहिये ।
शुक्लपक्ष में ४४२ मुहूर्त ४६/६२ भाग हैं ।
कृष्णपक्ष में ४४२ मुहूर्त ४६/६२ भाग हैं ।
एकपक्ष १४ दिवस ४७/६२ भागात्मक है । — सूत्र ७९ समाप्त ।

सूत्र ८०

१ युग में ६२ पूर्णिमा और ६२ अमावस्या होती हैं ।
अमावस्या और पूर्णिमा तक ४४२ मुहूर्त ४६/६२ भाग होते हैं ।
पूर्णिमा से अमावस्या तक ४४२ मुहूर्त ४६/६२ भाग होते हैं ।
पूर्णिमा से पूर्णिमा तक ८८५ मुहूर्त ३०/६२ भाग होते हैं ।
अमावस्या से अमावस्या तक ८८५ मुहूर्त ३०/६२ भाग होते हैं । — सूत्र ८० समाप्त ।

।। तेरहवाँ प्राभृत समाप्त ।।

सूत्र ८३

पन्द्रहवाँ प्राभृत

एक मुहूर्त में चन्द्र की गति

एक मुहूर्त में चन्द्र उस-उस मंडल के १७६८ भाग गति करता है ।
१ युग के अर्धमंडल १७६८ हैं । १ युग के १८३० दिवस हैं ।
दो अर्धमंडल अर्थात् एक मंडल की परिक्रमा चन्द्र कितने रात्रि-दिवस में पूर्ण करता है ? यह ज्ञात करने के लिये —

$$\frac{१८३० \text{ दिवस} \times २ \text{ अर्धमंडल}}{१७६८ \text{ भाग}} = \frac{३६६०}{१७६८}$$

= २ दिवस १२४/१७६८ भाग आते हैं।

१२४/१७६८ भाग के मुहूर्त बनाने के लिये उन्हें ३० से गुणा करने पर--

$$\frac{१२४ \times ३०}{१७६८} = \frac{३७२०}{१७६८} = \frac{४६५}{२२१}$$

= २ दिवस २ मुहूर्त २३/२२१ भाग में चन्द्र एक मंडल पूर्ण करता है।

एक मुहूर्त की गति कितनी ?

६२ मुहूर्त २३/२२१ भाग में चन्द्र १०९८०० भाग (मंडल का परिक्षेप) गति करता है तो एक मुहूर्त की गति जानने के लिये -

$$\frac{२२१ \times १०९८००}{१३७२५} = \frac{२४२६५८००}{१३७२५}$$

१७६८ भाग
चन्द्र एक मुहूर्त में १७६८ भाग गमन करता है।
सूर्य एक मुहूर्त में १८३० भाग गति करता है।
सूर्य दो दिवस में एक मंडल पूर्ण करता है।
अर्थात् ६० मुहूर्त में १०९८०० भाग गमन करता है।
एक मुहूर्त में कितने भाग गमन करता है ?

$$\frac{१०९८००}{६०} = १८३०$$

सूर्य एक भाग में १८३० भाग गमन करता है।
नक्षत्र एक मुहूर्त में १८३५ भाग गमन करता है।
मुहूर्त जानने के लिये एक मंडल का संक्रमण काल निकालना जरूरी है।
१८३५ अर्धमंडल पूर्ण करने में १८३० दिवस लगते हैं।
दो अर्धमंडल पूर्ण करने में कितने दिवस लगते हैं ?

$$\frac{२ \times १८३०}{१८३५} = १ \text{ दिवस } १८२५/१८३५ \text{ मुहूर्त}$$

१८२५ भाग के मुहूर्त बनाने के लिये $\frac{१८२५ \times ३०}{१८३५}$

$$= \frac{५४७५०}{१८३५} = २९ \text{ मुहूर्त } ३०७/३६७ \text{ आते हैं।}$$

अर्थात् नक्षत्र को एक मंडल पूर्ण करने में १ दिवस २९ मुहूर्त ३०७/३६७ भाग समय लगता है।
अर्थात् ५९ मुहूर्त में ३०७/३६७ भाग समय लगता है।
अर्थात् ५९ मुहूर्त में १०९८०० भाग परिक्षेप करता है।
एक मुहूर्त में कितने भाग परिक्षेप करेगा ?

$$५९\frac{३०७}{३६७}$$

$$=\frac{२१९६०}{३६७}$$

$$\frac{३६७ \times १०९८००}{२१९६०}$$

= १८३५ भाग एक मुहूर्त में गमन करता है।

सूर्य-चन्द्र की गति में क्या विशेषता है ?
सूर्य-चन्द्र की अपेक्षा ६२ भाग विशेष गमन करता है।
सूर्य १८३० —चन्द्र १७६८ = ६२ भाग

जब चन्द्र गति समापन्न हो गया नक्षत्र की गति में क्या विशेष है ?
नक्षत्र ६७ भाग विशेष गति करता है। क्योंकि नक्षत्र १८३५ भाग गमन करता है।
चन्द्र १७६८ भाग गमन करता है।
नक्षत्र १८३५—चन्द्र १७६८ = ६७ भाग अधिक गमन करता है।

सूत्र ८५

नक्षत्रमास में चन्द्र कितने मंडल गति करता है ?

चन्द्र एक नक्षत्रमास में १३ मंडल १३/६७ भाग गति करता है। इसका कारण यह है कि एक युग के नक्षत्रमास ६७ हैं। चन्द्र मंडल ८८४ है। ६७ नक्षत्रमास में ८८४ चन्द्रमंडल चन्द्र गति करता है। एक नक्षत्रमास में कितने मंडल गति करता है ?

८८४ ÷ ६७ = १३ मंडल १३/६७ भाग गति करता है।
नक्षत्रमास में सूर्य कितने मंडल गति करता है ?
१३ मंडल ४४/६७ भाग गति करता है।
एक युग के ६७ नक्षत्रमास में ९१५ सूर्यमंडल की गति करे तो एक मास में कितने मंडल गति करता है ?

$$\frac{९१५}{६७} = १३ \text{ मंडल } ४४/६७ \text{ भाग गति करता है।}$$

नक्षत्रमास में नक्षत्र कितने मंडल गति करता है ?

एक युग के ६७ नक्षत्रमास में १८३५ अर्धमंडल गति करता है।

$\frac{१८३५}{६७}$ = २७ अर्धमंडल २६/६७ भाग

उनके मंडल बनाने के लिये २ से भाग देने पर

$\frac{१८३५}{६७} \div २ = १३ \frac{४६॥}{६७}$ मंडल

चन्द्रमास में चन्द्र कितने मंडल गति करता है ?
१२४ पर्व में ८८४ मंडल गति करता है।
२ पर्व में कितने मंडल गति करता है ?

$\frac{२ \times ८८४}{१२४} = \frac{१७६८}{१२४} = १४ \frac{३२}{१२४}$

१४ मंडल तथा पन्द्रहवें मंडल के ३२/१२४ भाग।
चन्द्रमास में सूर्य कितने मंडल गति करता है ?
१५ मंडल में चौथा भाग न्यून तथा १२४ भाग का एक अंश।
१४ मंडल तथा पन्द्रहवें मंडल के ९४/१२४ भाग।
वह किस प्रकार से ?
१२४ पर्व में ९१५ सूर्यमंडल गति करता है तो २ पर्व में कितने सूर्यमंडल गति करता है ?

$\frac{२ \times ९१५}{१२४} = \frac{१८३०}{१२४} = १४ \frac{९४}{१२४}$ मंडल गति करता है।

चन्द्रमास में नक्षत्र कितने मंडल गति करता है ?

१४ मंडल तथा १५ वें मंडल के $\frac{९४}{१२४}$ भाग।

१२४ पर्व में १८३५ नक्षत्र अर्धमंडल गति करता है।
तो २ पर्व में कितने नक्षत्र अर्धमंडल गति करता है ?

$\frac{२ \times १८३५}{१२४} = \frac{३६७०}{१२४} = २९ \frac{७४}{१२४}$

दो अर्धमंडल का एक मंडल होता है तो दो से भाग देने पर -

$\frac{३६७० \div २}{१२४}$ = १४ मंडल तथा ९९/१२४ भाग।

ऋतुमास में चन्द्र कितने मंडल गति करता है ?
६१ कर्ममास में ८८४ चन्द्रमंडल गति करता है।

तो कर्ममास में कितने चन्द्रमंडल गति करेगा ?

$\frac{८८४}{६१} = १४\frac{३०}{६१}$

१४ मंडल तथा पन्द्रहवें मंडल के ३०/६१ भाग ।
ऋतुमास में सूर्य कितने मंडल की गति करता है ?
६१ कर्ममास में ९१५ सूर्यमंडल गति करता है ।
१ कर्ममास में कितने सूर्यमंडल गति करेगा ?

$\frac{९१५}{६१} = १५$ मंडल गति करता है ।

ऋतुमास में नक्षत्र कितने मंडल गति करता है ?
१२२ ऋतुमास में १८३५ नक्षत्रमंडल गति करता है ।
तो १ ऋतुमास में कितने नक्षत्रमंडल गति करेगा ?

$\frac{१८३५}{१२२} = १५\frac{५}{१२२}$ मण्डल गमन करता है ।

सूर्यमास में चन्द्र कितने मण्डल गमन करता है ?
६० सूर्यमास में ८८४ चन्द्रमण्डल गति करता है ।
तो १ सूर्यमास में कितने चन्द्रमण्डल गति करेगा ?

$\frac{८८४}{६०} = १४\frac{११}{१५}$

१४ मण्डल पन्द्रहवें मण्डल का ११/१५ भाग ।

सूर्यमास में सूर्य कितने मण्डल गमन करता है ?
६० सूर्यमास से ९१५ सूर्यमण्डल गमन करता है ।
तो एक सूर्यमास में कितने सूर्यमण्डल गमन करेगा ?

$\frac{९१५}{६०} = १५\frac{१५}{६०}$

१५ मण्डल १/४ भाग ।

सूर्यमास में नक्षत्र कितने मण्डल गमन करता है ।
१२० सूर्यमास में १८३५ नक्षत्रमण्डल गमन करता है ।
तो १ सूर्यमास कितने नक्षत्रमण्डल गमन करेगा ?

$\frac{१८३५}{१२०} = १५\frac{३५}{१२०}$ मण्डल

१५ मण्डल १६वें के ३५/१२० भाग

अभिवर्धित मास में चन्द्र कितने मण्डल गमन करता है ?

एक युग के अभिवर्धित मास ५७$\frac{३}{१३}$ हैं।

क्योंकि एक अभिवर्धित मास के मुहूर्त पूर्व में बताये गये अनुसार—

९५९ $\frac{१७}{६२}$ मुहूर्त का एक मास।

$९५९ \times ६२ + १७ = \frac{५९४७५}{६२}$

युग के मुहूर्त १८३० × ३० = ५४९०० मुहूर्त। उनके ६२ भाग करना चाहिये
५४९०० × ६२ = ३४०३८०० भाग।
५९४७५/६२ मुहूर्त का १ अभिवर्धित मास होता है।
५४९०० मुहूर्त के कितने मास होंगे ?

$\frac{५४९०० \times ६२}{५९४७५} = \frac{३४०३८००}{५९४७५}$

५७ $\frac{१३७२५}{५९४७५}$ ५७ $\frac{३}{१३}$ (४५७५ से छेद चलता है।)

५७ अभिवर्धित मास ३/१३ भाग।

५७ $\frac{३}{१३}$ अभिवर्धित मास में ८८४ चन्द्रमण्डल गमन करता है।

तो १ अभिवर्धित मास में कितने चन्द्रमण्डल गमन करेगा ?

५७ $\frac{३}{१३}$ = ७४४/१३ होते हैं।

७४४/१३ अभिवर्धित मास में कितने चन्द्रमण्डल गमन करेगा ?

$\frac{८८४ \times १३}{७४४} = \frac{११४९२}{७४४} = १५ \frac{८३}{१८६}$

१५ मण्डल चन्द्र गति करता है। ८३/१८६ भाग।
अभिवर्धित मास में सूर्य कितने मण्डल गमन करता है।
एक युग के अभिवर्धित मास ७४४/१३ हैं, उनमें ९१५ सूर्यमण्डल गति करता है तो एक अभिवर्धित मास में सूर्य कितने मण्डल गमन करेगा ?

$\frac{९१५ \times १३}{७४४} = \frac{११८९५}{७४४} = १५ \frac{२४५}{२४८}$

१५ मण्डल तथा १६वें मण्डल में ३ भाग न्यून ।

अभिवर्धित मास में नक्षत्र कितने मण्डल गमन करता है ?

एक युग के ७४४/१३ अभिवर्धित मास हैं । उसमें $\frac{१८३५}{२}$ मण्डल गमन करता है ।

तो एक अभिवर्धित मास में नक्षत्र कितने मण्डल गमन करेगा ?

$\frac{१३ \times १८३५}{२ \times ७४४} = \frac{२३८२५}{१४८८} = १६ \frac{[illegible]}{१४८८}$ मण्डल परिभ्रमण करेगा ।

—सूत्र ८५ समाप्त ।

सूत्र ८६

प्राभृत १५

चन्द्र रात्रि में कितने मण्डल परिभ्रमण करता है ?

एक युग के अहोरात्र १८३० हैं । उनमें १७६८ अर्धमण्डल गति करता है ।

तो एक अहोरात्र में कितने अर्धमंडल गति करेगा ?

$\frac{१७६८}{१८३०} = \frac{८८४}{९१५}$ एक अर्धमण्डल के ३१ भाग न्यून गति करता है ।

सूर्य एक अहोरात्र में कितने अर्धमण्डल गति करता है ?

एक युग के दिवस १८३० हैं, उनमें १८३० अर्धमण्डल गति करता है । तो एक अहोरात्र में कितने अर्धमण्डल गति करेगा ?

$\frac{१८३०}{१८३०} = १$ अर्धमण्डल गति करेगा ।

नक्षत्र कितने अर्धमण्डल गति करता है ?

एक युग के दिवस १८३० हैं । उनमें १८३५ अर्धमण्डल गति करता है । तो एक अहोरात्र में कितने अर्धमण्डल गति करेगा ?

$\frac{१८३५}{१८३०} = १$ अर्धमण्डल ५/१८३० भाग गति करता है ।

एक मण्डल गति करने पर चन्द्र को कितना समय लगता है ?

८८४ मण्डल गति करने पर चन्द्र को १८३० दिवस लगते हैं तो एक मण्डल की गति करने पर कितने दिवस लगेंगे ?

$\frac{१८३०}{८८४} = २\frac{३१}{४४२}$ = दो दिवस और ३१/४४२ भाग में एक मण्डल गति करता है।

एक मण्डल सूर्य कितने रात्रि-दिवस में गमन करता है।

९१५ मण्डल गति करने पर सूर्य को १८३० दिवस लगते हैं, तो एक मण्डल की गति करने पर कितने दिवस लगते हैं ?

$\frac{१८३०}{९१५} = २$ अहोरात्र

नक्षत्र कितने दिवस में एक मण्डल गति करता है ?

१८३५/२ मण्डल गति करने पर नक्षत्र को १८३० दिवस लगते हैं तो एक मण्डल की गति करने पर नक्षत्र को कितने दिवस लगेंगे ?

$\frac{१८३०}{१८३५} \times २ = \frac{७३२}{३६७} = १\ \frac{३६५}{३६८}$

दो अहोरात्र में दो भाग कम
एक अहोरात्र के ३६७ भाग।

युग में चन्द्र कितने मण्डल गति करता है ?

चन्द्र एक मुहूर्त में मण्डल के १०९८०० भाग में से १७६८ भाग गति करता है। युग के मुहूर्त ५४९०० हैं।

एक मुहूर्त में १७६८/१०९८०० गति करता है। तो ५४९०० मुहूर्त में कितनी गति करेगा ?

$\frac{५४९००}{१०९८००} \times १७६८ = \frac{९७०६३२००}{१०९८००} = ८८४$

= ८८४ मण्डल गति करता है।

युग में सूर्य के मण्डलों की संख्या ?

अर्थात् एक युग में सूर्य कितने मण्डल गति करता है ?

सूर्य एक मुहूर्त में १८३०/१०९८०० भाग गति करता है तो ५४९०० मुहूर्त में कितनी गति करेगा ?

$\frac{५४९०० \times १८३०}{१०९८००} = ९१५$ मण्डल गति करता है।

युग में नक्षत्रों की संख्या ?

अर्थात् एक युग में नक्षत्र कितने मण्डल गति करता है ?

नक्षत्र एक मुहूर्त में १८३५/१०९८०० भाग गति करता है तो ५४९०० मुहूर्त में कितनी गति करेगा ?

$$\frac{५४९०० \times १८३५}{१०९८००} = \frac{१८३५}{२} = ९१७\frac{१}{२}$$ मंडल

९१७ मण्डल १/२ भाग गति करेगा ।

परिशिष्ट-२

सूर्यप्रज्ञप्तिसूत्र
सूत्र २० व २४

सूरमंडलस्स आयाम-विक्खंभो परिक्खेवो बाहल्लं च

प. सूरमंडले णं भंते ! केवइयं आयाम-विक्खंभेणं केवइयं परिक्खेवेणं केवइयं बाहल्लेणं पण्णत्ते ?

उ. गोयमा ! सूरमंडले अडयालीसं एगसट्ठिभाए जोयणस्स आयाम-विक्खंभेणं[1] तं तिगुणं सविसेसं परिक्खेवेणं चउवीसं एगसट्ठिभाए जोयणस्स बाहल्लेणं पण्णत्ते ।

—जंबू. वक्ख. ७, सु. १३०

जंबुद्दीवे सूरिया पडुप्पन्नं खेत्तं ओभासंति

प. जंबुद्दीवे णं भंते ! दीवे सूरिया किं तीयं खेत्तं ओभासंति, पडुप्पन्नं खेत्तं ओभासंति, अणागयं खेत्तं ओभासंति ?

उ. गोयमा ! नो तीयं खेत्तं ओभासेंति, पडुप्पन्नं खेत्तं ओभासेंति, नो अणागयं खेत्तं ओभासेंति ।

प. तं भंते ! किं पुट्ठं ओभासेंति, अपुट्ठं ओभासेंति ?

उ. गोयमा ! पुट्ठं ओभासेंति, नो अपुट्ठं ओभासेंति जाव ।[2]

प. तं भंते ! किं एगदिसिं ओभासेंति, छद्दिसिं ओभासेंति ?

---

१. (क) सूरमंडले णं अडयालीसं एगसट्ठिभाए जोयणस्स विक्खंभेणं पण्णत्ते, —सम. ४८, सु. ३
(ख) सूरमंडलं जोयणे णं तेरसहिं एगट्ठिभाएहिं जोयणस्स ऊणं पण्णत्तं, —सम. १३, सु. ८

२. यावत् पद से संग्रहीत सूत्र
प. तं भंते ! किं ओगाढं ओभासेंति, अणोगाढं ओभासेंति ?
उ. गोयमा ! ओगाढं ओभासेंति, नो अणोगाढं ओभासेंति,
प. तं भंते ! किं अणंतरोगाढं ओभासेंति, परंपरोगाढं ओभासेंति ?
उ. गोयमा ! अणंतरोगाढं ओभासेंति, नो परंपरोगाढं ओभासेंति,
प. तं भंते ! किं अणुं ओभासेंति, बायरं ओभासेंति ?
उ. गोयमा ! अणुं पि ओभासेंति, बायरं पि ओभासेंति,
प. तं भंते ! किं उड्ढं ओभासेंति, तिरियं ओभासेंति अहे ओभासेंति ?
उ. गोयमा ! उड्ढं पि, तिरियं पि, अहे वि ओभासेंति ।

(क्रमशः)

उ. गोयमा ! नो एगदिसिं ओभासेंति, नियमा छद्दिसिं ओभासेंति ।[1]—विया. स. ८, उ. ८, सु. ३९, ४०

जंबुद्दीवे सूरिया पडुप्पन्नं खेत्तं उज्जोवेंति

प. जंबुद्दीवे णं भंते ! दीवे सूरिया किं तीयं खेत्तं उज्जोवेंति, पडुप्पन्नं खेत्तं उज्जोवेंति, अणागयं खेत्तं उज्जोवेंति ?

उ. गोयमा ! नो तीयं खेत्तं उज्जोवेंति, पडुप्पन्नं खेत्तं उज्जोवेंति, नो अणागयं खेत्तं उज्जोवेंति, एवं तवेंति, एवं भासंति जाव नियमा छद्दिसिं भासंति ।[2]

जंबुद्दीवे सूरियाणं ताव खेत्त पमाणं — विया. स. ८, उ. ८, सु. ४१-४२

प. जंबुद्दीवे णं भंते ! दीवे सूरिया केवइयं खेत्तं उड्ढं तवंति ? केवइयं खेत्तं अहे तवंति ? केवइयं खेत्तं तिरियं तवंति ?

उ. गोयमा ! एगं जोयणसयं उड्ढं तवंति,[3] अट्ठारसजोयणसयाइं अहे तवंति,[4] सीयालीसं जोयणसह-

---

प. तं भंते ! किं आइं ओभासेंति, मज्झे ओभासेंति, अंते ओभासेंति ?

उ. गोयमा ! आइं पि, मज्झे वि, अंते वि ओभासेंति,

प. तं भंते ! किं सविसए ओभासेंति, अविसए ओभासेंति ?

उ. गोयमा ! सविसए ओभासेंति, नो अविसए ओभासेंति,

प. तं भंते ! किं आणुपुव्विं ओभासेंति, नो अणाणुपुव्विं ओभासेंति,

उ. गोयमा ! आणुपुव्विं ओभासेंति, नो अणाणुपुव्विं ओभासेंति,

प. तं भंते ! कइ दिसिं ओभासेंति ?

उ. गोयमा ! नियमा छद्दिसिं ओभासेंति, विया. स. ८, उ. ८, सु. ३९ टिप्पण

[प. तं भंते ! किं एगदिसिं ओभासेंति, छद्दिसिं ओभासेंति ?

उ. गोयमा ! नो एगदिसिं ओभासेंति, नियमा छद्दिसिं ओभासेंति ।] (पाठान्तर)

१. जंबु. वक्ख. ७, सु. १३७

२. जंबु वक्ख. ७, सु. १३७

३. (क) जंबु. वक्ख. ७, सु. १३९

(ख) सूरिय. पा. ४. सु. २५

सूर्य के विमान से सौ योजन ऊपर शनैश्चर ग्रह का विमान है और वहीं तक ज्योतिष चक्र की सीमा है, अतः इससे ऊपर सूर्य का तापक्षेत्र नहीं है ।

४. जंबुद्वीप के पश्चिम महाविदेह से जयंतद्वार की ओर लवणसमुद्र के समीप क्रमशः एक हजार योजन पर्यन्त भूमि नीचे है, इस अपेक्षा से एक हजार योजन तथा मेरु के समीप की समभूमि से ८०० योजन ऊँचा सूर्य का विमान है, ये आठ सौ योजन संयुक्त करने पर अठारह सौ योजन सूर्य विमान से नीचे की ओर का तापक्षेत्र है, अन्य द्वीपों में भूमि सम रहती है । इसलिए वहाँ सूर्य का नीचे का तापक्षेत्र केवल आठ सौ योजन का है । अठारह सौ योजन नीचे की ओर के तापक्षेत्र के और सौ योजन ऊपर की ओर के तापक्षेत्र के, इन दोनों संख्याओं के संयुक्त करने पर १९०० योजन का सूर्य का तापक्षेत्र है ।

एसाइं दोण्णि तेवट्ठे जोयणसए एक्कक्कोसं च सट्ठिभाए जोयणस्स तिरियं तवंति ।[1]

--विया. स. ८, उ. ८, सु. ४५

१, यहाँ तिरछे तापक्षेत्र का कथन पूर्व-पश्चिम दिशा की अपेक्षा से कहा गया है, अर्थात् उत्कृष्ट इतनी दूरी पर स्थित सूर्य मानव चक्षु से देखा जा सकता है ।

उत्तर में १८० योजन न्यून पैंतालीस हजार योजन तथा दक्षिणदिशा में द्वीप में १८० योजन और लवणसमुद्र में तेतीस हजार तीन सौ तेतीस योजन तथा एक योजन के तृतीय भाग संयुक्त दूरी से सूर्य देखा जा सकता है ।

अनध्यायकाल

[स्व० आचार्यप्रवर श्री आत्मारामजी म० द्वारा सम्पादित नन्दीसूत्र से उद्धृत]

स्वाध्याय के लिए आगमों में जो समय बताया गया है, उसी समय शास्त्रों का स्वाध्याय करना चाहिए। अनध्यायकाल में स्वाध्याय वर्जित है।

मनुस्मृति आदि स्मृतियों में भी अनध्यायकाल का विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है। वैदिक लोग भी वेद के अनध्यायों का उल्लेख करते हैं। इसी प्रकार अन्य आर्ष ग्रन्थों का भी अनध्याय माना जाता है। जैनागम भी सर्वज्ञोक्त, देवाधिष्ठित तथा स्वरविद्या संयुक्त होने के कारण, इनका भी आगमों में अनध्यायकाल वर्णित किया गया है, जैसे कि—

दसविधे अंतलिक्खते असज्झाए पण्णत्ते, तं जहा—उक्कावाते, दिसिदाघे, गज्जिते, विज्जुते, निग्घाते, जुवते, जक्खालित्ते, धूमिता, महिता, रयउग्घाते।

दसविहे ओरालिते असज्झातिते, तं जहा—अट्ठी, मंस, सोणिते, असुतिसामंते, सुसाणसामंते, चंदोवराते, सूरोवराते, पडने, रायवुग्गहे, उवस्सयस्स अंतो ओरालिए सरीरगे।

—स्थानाङ्ग सूत्र, स्थान १०

नो कप्पति निग्गंथाण वा, निग्गंथीण वा चउहिं महापाडिवएहिं सज्झायं करित्तए, तं जहा—आसाढपाडिवए, इंदमहापाडिवए, कत्तअपाडिवए सुगिम्हपाडिवए। नो कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा, चउहिं संझाहिं सज्झायं करेत्तए, तं जहा—पडिमाते, पच्छिमाते मज्झण्हे, अडढरत्ते। कप्पइ निग्गंथाणं वा, निग्गंथीण वा, चाउक्कालं सज्झायं करेत्तए, तं जहा—पुव्वण्हे अवरण्हे, पओसे, पच्चूसे।

—स्थानाङ्ग सूत्र, स्थान ४, उद्देशक २

उपर्युक्त सूत्रपाठ के अनुसार, दस आकाश से सम्बन्धित, दस औदारिक शरीर से सम्बन्धित, चार महाप्रतिपदा, चार महाप्रतिपदा की पूर्णिमा और चार सन्ध्या, इस प्रकार बत्तीस अनध्याय माने गए हैं, जिनका संक्षेप में निम्न प्रकार से वर्णन है, जैसे—

आकाश सम्बन्धी दस अनध्याय

१. उल्कापात-तारापतन—यदि महत् तारापतन हुआ है तो एक प्रहर पर्यन्त शास्त्र-स्वाध्याय नहीं करना चाहिए।

२. दिग्दाह—जब तक दिशा रक्तवर्ण की हो अर्थात् ऐसा मालूम पड़े कि दिशा में आग सी लगी है, तब भी स्वाध्याय नहीं करना चाहिए।

३. गर्जित—बादलों के गर्जन पर एक प्रहर पर्यन्त स्वाध्याय न करे।

४. विद्युत—बिजली चमकने पर एक प्रहर पर्यन्त स्वाध्याय न करे।

किन्तु गर्जन और विद्युत् का अस्वाध्याय चातुर्मास में नहीं मानना चाहिए। क्योंकि वह

गर्जन और विद्युत् प्रायः ऋतु-स्वभाव से ही होता है। अतः आर्द्रा से स्वाति नक्षत्र पर्यन्त अनध्याय नहीं माना जाता।

५. निर्घात—बिना बादल के आकाश में व्यन्तरादिकृत घोर गर्जना होने पर, या बादलों सहित आकाश में कड़कने पर दो प्रहर तक अस्वाध्याय काल है।

६. यूपक—शुक्लपक्ष में प्रतिपदा, द्वितीया, तृतीया को सन्ध्या की प्रभा और चन्द्रप्रभा के मिलने को यूपक कहा जाता है। इन दिनों प्रहर रात्रि पर्यन्त स्वाध्याय नहीं करना चाहिए।

७. यक्षादीप्त—कभी किसी दिशा में बिजली चमकने जैसा, थोड़े-थोड़े समय पीछे जो प्रकाश होता है वह यक्षादीप्त कहलाता है। अतः आकाश में जब तक यक्षाकार दीखता रहे तब तक स्वाध्याय नहीं करना चाहिए।

८. धूमिका-कृष्ण—कार्तिक से लेकर माघ तक का समय मेघों का गर्भमास होता है। इसमें धूम्र वर्ण की सूक्ष्म जलरूप धुंध पड़ती है। वह धूमिका-कृष्ण कहलाती है। जब तक यह धुंध पड़ती रहे, तब तक स्वाध्याय नहीं करना चाहिए।

९. मिहिकाश्वेत—शीतकाल में श्वेत वर्ण की सूक्ष्म जलरूप धुंध मिहिका कहलाती है। जब तक यह गिरती रहे, तब तक अस्वाध्याय काल है।

१०. रज-उद्घात—वायु के कारण आकाश में चारों ओर धूलि छा जाती है। जब तक यह धूलि फैली रहती है, स्वाध्याय नहीं करना चाहिए।

उपरोक्त दस कारण आकाश सम्बन्धी अस्वाध्याय के हैं।

औदारिक शरीर सम्बन्धी दस अनध्याय

११-१२-१३. हड्डी, मांस और रुधिर—पंचेन्द्रिय तिर्यंच की हड्डी, मांस और रुधिर यदि सामने दिखाई दें, तो जब तक वहां से यह वस्तुएँ उठाई न जाएँ तब तक अस्वाध्याय है। वृत्तिकार आस-पास के ६० हाथ तक इन वस्तुओं के होने पर अस्वाध्याय मानते हैं।

इसी प्रकार मनुष्य सम्बन्धी अस्थि, मांस और रुधिर का भी अनध्याय माना जाता है। विशेषता इतनी है कि इनका अस्वाध्याय सौ हाथ तक तथा एक दिन-रात का होता है। स्त्री के मासिक धर्म का अस्वाध्याय तीन दिन तक। बालक एवं बालिका के जन्म का अस्वाध्याय क्रमशः सात एवं आठ दिन पर्यन्त का माना जाता है।

१४. अशुचि—मल-मूत्र सामने दिखाई देने तक अस्वाध्याय है।

१५. श्मशान—श्मशानभूमि के चारों ओर सौ-सौ हाथ पर्यन्त अस्वाध्याय माना जाता है।

१६. चन्द्रग्रहण—चन्द्रग्रहण होने पर जघन्य आठ, मध्यम बारह और उत्कृष्ट सोलह प्रहर पर्यन्त स्वाध्याय नहीं करना चाहिए।

१७. सूर्यग्रहण—सूर्यग्रहण होने पर भी क्रमशः आठ, बारह और सोलह प्रहर पर्यन्त अस्वाध्यायकाल माना गया है।

१८. पतन—किसी बड़े मान्य राजा अथवा राष्ट्रपुरुष का निधन होने पर जब तक उसका दाहसंस्कार न हो, तब तक स्वाध्याय नहीं करना चाहिए। अथवा जब तक दूसरा अधिकारी सत्तारूढ न हो, तब तक शनः शनैः स्वाध्याय करना चाहिए।

१९. राजव्युद्ग्रह—समीपस्थ राजाओं में परस्पर युद्ध होने पर जब तक शान्ति न हो जाए, तब तक और उसके पश्चात् भी एक दिन-रात्रि स्वाध्याय नहीं करें।

२०. औदारिक शरीर—उपाश्रय के भीतर पंचेन्द्रिय जीव का वध हो जाने पर जब तक कलेवर पड़ा रहे, तब तक तथा १०० हाथ तक यदि निर्जीव कलेवर पड़ा हो तो स्वाध्याय नहीं करना चाहिए।

अस्वाध्याय के उपरोक्त १० कारण औदारिकशरीर सम्बन्धी कहे गये हैं।

२१-२८. चार महोत्सव और चार महाप्रतिपदा—आषाढ-पूर्णिमा, आश्विन-पूर्णिमा, कार्तिक-पूर्णिमा और चैत्र-पूर्णिमा ये चार महोत्सव हैं। इन पूर्णिमाओं के पश्चात् आने वाली प्रतिपदा को महाप्रतिपदा कहते हैं। इनमें स्वाध्याय करने का निषेध है।

२९-३२. प्रातः, सायं, मध्याह्न और अर्धरात्रि—प्रातः सूर्य उगने से एक घड़ी पहिले तथा एक घड़ी पीछे। सूर्यास्त होने से एक घड़ी पहले तथा एक घड़ी पीछे। मध्याह्न अर्थात् दोपहर में एक घड़ी आगे और एक घड़ी पीछे एवं अर्धरात्रि में भी एक घड़ी आगे तथा एक घड़ी पीछे स्वाध्याय नहीं करना चाहिए।